2024

चौथा संशोधित एवं परिमार्जित संस्करण

# GENERAL HINDI

## CHAPTERWISE SOLVED PAPERS

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

संघ एवं राज्य की सिविल, एक दिवसीय, शिक्षक, पात्रता, प्रवेश परीक्षाओं तथा अन्य सभी प्रतियोगी हेतु अति उपयोगी

- UPSSSC-PET ■ VDO ■ VPO
- Junior Assistant ■ Stenographer
- Forest Guard ■ Wild Life Guard
- राजस्व एवं चकबंदी लेखपाल ■ Lower
- Boring Technician ■ ASO ■ ANM
- मंडी परिषद ■ JE ■ Computer Operator
- गन्ना पर्यवेक्षक ■ विधान भवन रक्षक ■ अमीन
- कण्डक्टर ■ शारीरिक प्रशिक्षक ■ हिन्दी अनुवादक
- आबकारी सिपाही ■ डिप्टी जेलर ■ लेखा परीक्षक
- युवा कल्याण अधिकारी ■ IAS ■ UPPCS ■ MPPCS
- UKPCS ■ CGPCS ■ HPSC (HSC) ■ HPPSC
- RPSC ■ HSSC ■ RO ■ ARO ■ UDA ■ LDA
- APO ■ RI ■ UPSDI ■ BEO ■ GIC ■ GDC
- LT Grade ■ TGT ■ PGT ■ KVS ■ NVS ■ DSSSB
- NCERT ■ आश्रम पद्धति ■ DIET ■ UGC ■ SET
- CTET ■ UPTET ■ UKTET ■ STET ■ CGTET
- JTET ■ HTET ■ MPTET ■ Bihar TRE ■ SSC-GD
- UP Super TET ■ RRB ■ BANK ■ UPSI
- UPP Constable ■ Radio Operator ■ ASI
- Jail Warden ■ Hostel Warden ■ UKPSC-JE
- JSA ■ Delhi Police ■ Computer Operator
- APO ■ MP पटवारी ■ MPSI ■ MP Constable
- JLO ■ जेल प्रहरी ■ MP Excise Constable ■ APS
- RAJASTHAN CONSTABLE ■ RPSC-SI ■ UPJN
- ALLAHABAD HIGH COURT (RO/ARO/CA/APS/PS/GROUP C&E)
- UPPCL (RO/ARO/ STENOGRAPHER/ APS/ JE/ ACCOUNTANT)
- B.ED. ■ AE ■ POLYTECHNIC LECTURER ■ STAFF NURSE

# सामान्य हिन्दी

## परीक्षा प्लानर

### अध्यायवार

## सॉल्वड पेपर्स

968 प्रश्न-पत्र

**22417**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

वर्ष 2023 तक अद्यतन

विस्तृत व्याख्या सहित हल एवं आयोग एवं बोर्ड के ANSWER-KEY द्वारा प्रमाणित अद्वितीय पुस्तक

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

# सामान्य हिन्दी

# परीक्षा प्लानर

## अध्यायवार सॉल्वड पेपर्स

## व्याख्या सहित हल


**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**संकलन सहयोग**

सामान्य हिन्दी विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, आशीष गिरि

**संपादकीय कार्यालय**

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com**



**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सहयोग एवं सुझाव सादर अपेक्षित है।

**मूल्य : 995/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची


- ध्वनि एवं हिन्दी वर्णमाला व वर्णक्रम ........ 9-29
- विराम चिह्न ........ 30-41
- वर्तनी शुद्धि ........ 42-60
- संज्ञा ........ 61-72
- सर्वनाम ........ 73-83
- विशेषण ........ 84-106
- क्रिया ........ 107-116
- अव्यय ........ 117-133
- लिंग, वचन, काल, वाच्य ........ 134-184
- कारक एवं परसर्ग ........ 185-194
- शब्द भण्डार ( तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशज ) ........ 195-227
- उपसर्ग प्रत्यय ........ 228-253
- विलोम शब्द ........ 254-287
- पर्यायवाची शब्द ........ 288-322
- अनेकार्थी शब्द ........ 323-331
- युग्म शब्द ........ 332-338
- अनेक शब्दों के लिये एक शब्द ........ 339-370
- संधि ........ 371-392
- समास ........ 393-415
- वाक्य रचना ( वाक्य के प्रकार, वाक्य अशुद्धि, रिक्त स्थान, पदक्रम ) ........ 416-507
- रस ........ 508-517
- छन्द ........ 518-526
- अलंकार ........ 527-554
- मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ ........ 555-609
- हिन्दी भाषा एवं साहित्य ( रचना एवं रचनाकार तथा विधाएँ ) ........ 610-681
- हिन्दी भाषा एवं बोलियाँ ........ 682-707
- अनुवाद ........ 708-716
- पत्र लेखन ........ 717-723
- अपठित गद्यांश एवं पद्यांश प्रश्नोत्तर ........ 724-756
- विविध ........ 757-768

# प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| | **उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (SI)** | |
| 1. | UPSI 02 Dec 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 2. | UPSI 01 Dec 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 3. | UPSI 30 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 4. | UPSI 29 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 5. | UPSI 28 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 6. | UPSI 27 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 7. | UPSI 25 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 8. | UPSI 24 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 9. | UPSI 23 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 10. | UPSI 22 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 11. | UPSI 21 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 12. | UPSI 20 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 13. | UPSI 17 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 14. | UPSI 16 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 15. | UPSI 15 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 16. | UPSI 14 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 17. | UPSI 13 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 18. | UPSI 12 Nov 2021 Batch I, II & III | 120 |
| 19. | UPSI 12 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 20. | UPSI 13 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 21. | UPSI 14 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 22. | UPSI 15 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 23. | UPSI 16 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 24. | UPSI 19 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 25. | UPSI 20 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 26. | UPSI 21 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 27. | UPSI 22 Dec 2017 Batch (I, II, III) | 120 |
| 28. | UPSI (Cancelled) EXAM 2016 17-07-2017 SHIFT II | 40 |
| 29. | UPSI(Cancelled) EXAM 2016 19-07-2017 SHIFT II | 40 |
| 30. | UPSI(Cancelled) EXAM 2016 20-07-2017 SHIFT II | 40 |
| 31. | UPSI(Cancelled) EXAM 2016 21-07-2017 SHIFT II | 40 |
| 32. | UPSI(Cancelled) EXAM 2016 22-07-2017 SHIFT I | 40 |
| 33. | UPSI(Cancelled) EXAM 2016 24-07-2017 SHIFT I | 40 |
| 34. | UP SI Mritak Ashrit 2016 | 40 |
| 35. | UP SI 2001 | 50 |
| 36. | UPASI 04 Dec 2021 Batch I & II | 100 |
| 37. | UPASI 05 Dec 2021 Batch I & II | 100 |
| 38. | UPSI/ASI 22 Dec 2018 | 25 |
| | **उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल** | |
| 1. | UPP CONSTABLE RE-EXAM 28-1-2019 SHIFT- I & II | 74 |
| 2. | UPP CONSTABLE RE-EXAM 27-1-2019 SHIFT- I & II | 74 |
| 3. | UPP CONSTABLE RE-EXAM 26-10-2018 SHIFT (I & II) | 72 |
| 4. | UPP CONSTABLE RE-EXAM 25-10-2018 | 36 |
| 5. | UPP CONSTABLE EXAM 19-06-2018 SHIFT (I & II) | 72 |
| 6. | UPP CONSTABLE EXAM 18-06-2018 SHIFT (I & II) | 72 |
| 7. | UPP CONSTABLE EXAM 2014, 2011, 2009 | 108 |
| | **जेल वार्डर, फायरमैन एवं घुड़सवार भर्ती परीक्षा-2020** | |
| 1. | UPP जेल वार्डर, फायरमैन एवं घुड़सवार परीक्षा 20.12.2020 Shift- I & II | 37 × 2 = 74 |
| 2. | UPP जेल वार्डर, फायरमैन एवं घुड़सवार परीक्षा 19.12.2020 Shift- I & II | 37 × 2 = 74 |

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती परीक्षा**

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (29.10.2023 Shift-I, Shift-II ) | 30 |
| 2. | प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (28.10.2023 Shift-I, Shift-II ) | 30 |
| 3. | प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (16.10.2022 Shift-I, Shift-II ) | 10 |
| 4. | प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (15.10.2022 Shift-I, Shift-II ) | 10 |
| 5. | प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (24.08.2021 Shift-I, Shift-II ) | 30 |
| 6. | ग्राम विकास अधिकारी (27.06.2023 Shift-I, Shift-II ) (Re-Exam.) | 100 |
| 7. | ग्राम विकास अधिकारी (26.06.2023 Shift-I, Shift-II ) (Re-Exam.) | 100 |
| 8. | जूनियर इंजीनियर-2016 (19.12.2021) | 20 |
| 9. | जूनियर इंजीनियर-2018 (16.04.2022) | 20 |
| 10. | कनिष्ठ सहायक, 2023 (27.08.2023) | 25 |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022 (21.08.2023) | 72 |
| 12. | लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022 (31.07.2022) | 20 |
| 13. | सम्मिलित प्रवर. पूर्ति निरीक्षक मुख्य परीक्षा, 2022 (17.07.2022) | 9 |
| 14. | सहायक बोरिंग टेक्नीशियन, 2022 (03.07.2022) | 11 |
| 15. | सहायक साख्यिकी अधिकारी, 2022 (22.05.2022) | 26 |
| 16. | राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, 2022 (22.05.2022) | 24 |
| 17. | कम्प्यूटर आपरेटर (10.01.2020) | 20 |
| 18. | जूनियर असिस्टेंट (04.01.2020 Shift-I, Shift-II) | 120 |
| 19. | लोवर परीक्षा, 2019 (01.10.2019/Shift-I, Shift-II) | 50 |
| 20. | लोवर (मुख्य) परीक्षा, 2019 (21.10.2021) | 19 |
| 21. | लोवर परीक्षा, 2019 (30.09.2019/Shift-I, Shift-II) | 50 |
| 22. | गन्ना पर्वेक्षक, 2016 (31.08.2019) | 25 |
| 23. | लोवर-II पुनर्परीक्षा, 2017 (28.07.2019) | 25 |
| 24. | लोवर-II निरस्त परीक्षा, 2017 (15.07.2018) | 25 |
| 25. | जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती पुनर्परीक्षा 2016 (31.5.2019) | 40 |
| 26. | राज्य मण्डी परिषद् भर्ती परीक्षा, 2018 (30-05-2019/Shift-I, Shift-II) | 100 |
| 27. | स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक भर्ती परीक्षा) 2017 (10.03.2019) | 40 |
| 28. | जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती बैकलॉग परीक्षा 2017 (19.2.2019) | 40 |
| 29. | कृषि प्राविधिक भर्ती परीक्षा, 2018 (15-02-2019) | 50 |
| 30. | सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2018 (23-12-2018/Shift-I, Shift-II) | 100 |
| 31. | सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2018 (22-12-2018/Shift-I, Shift-II) | 100 |
| 32. | विधान भवन रक्षक एवं वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2018 (2-12-2018/Shift-I, Shift-II) | 160 |
| 33. | नलकूप चालक (ट्यूबवेल ऑपरेटर) परीक्षा, 2018 (12-01-2019) | 25 |
| 34. | सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा, 2018 (16-09-2018/Shift-I, Shift-II) | 100 |
| 35. | ग्राम पंचायत अधिकारी (VDO) पुनर्परीक्षा, 2016 (04-12-2016) | 40 |
| 36. | आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा, 2016 (25-09-2016) | 30 |
| 37. | जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2016 (31-07-2016) | 40 |
| 38. | अमीन परीक्षा, 2016 (14-08-2016) | 25 |
| 39. | राजस्व निरीक्षक, 2016 (17-07-2016) | 25 |
| 40. | गन्ना पर्यवेक्षक, 2016 (03-07-2016) | 25 |
| 41. | लोअर-III भर्ती परीक्षा, 2016 (26-06-2016) | 25 |
| 42. | ग्राम विकास अधिकारी (VDO) भर्ती परीक्षा, 2016 (05-06-2016) | 30 |
| 43. | जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2016 (24-04-2016) | 40 |
| 44. | स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2016 (03-04-2016) | 40 |
| 45. | लोअर-II भर्ती परीक्षा, 2015 (06-03-2016) | 25 |
| 46. | लोअर-I भर्ती परीक्षा, 2015 (28-02-2016) | 25 |
| 47. | ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा, 2015 (21-02-2016) | 40 |
| 48. | कम्बाइंड मेडिकल सर्विसेस (फाइलेरिया, मलेरिया इंस्पेक्टर) कम्पटेटिव परीक्षा, 2015 (24-01-2016) | 15 |
| 49. | जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2015 (27-12-2015) | 40 |
| 50. | वन रक्षक (Forest Guard) भर्ती परीक्षा, 2015 (11-12-2015) | 80 |
| 51. | UDA/LDA भर्ती परीक्षा, 2015 (29-11-2015) | 60 |
| 52. | असिस्टेंट एकाउन्टेन्ट भर्ती परीक्षा, 2015 (22-11-2015) | 40 |
| 53. | चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (08-11-2015/Shift-I, Shift-II) | 80 |
| 54. | राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (13-09-2015/Shift-I, Shift-II) | 50 |
| 55. | परिचालक (Conductor) भर्ती परीक्षा, 2015 (23.08.2015) | 50 |
| 56. | स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2015 (26-07-2015) | 40 |

| | | |
|---|---|---|
| 57. | जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2015 (31-05-2015) | 40 |
| 58. | लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2008 | 15 |
| 59. | उत्तर प्रदेश की अन्य विभिन्न भर्ती परीक्षा–1991–2021 तक | 280 |

## राज्य लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2021 | 30 |
| 2. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2021 | 56 |
| 3. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2016 (पुनर्परीक्षा) | 60 |
| 4. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2016 | 30 |
| 5. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2017 | 60 |
| 6. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2017 | 30 |
| 7. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2016 (निरस्त) | 60 |
| 8. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2014 | 60 |
| 9. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2014 | 30 |
| 10. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2013 | 60 |
| 11. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2013 | 30 |
| 12. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2010 | 60 |
| 13. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2010 | 30 |
| 14. | उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (प्रारम्भिक) परीक्षा सी-सैट में पूछे गये सामान्य हिन्दी के सभी प्रश्न (वर्ष 2012-2023) | 218 |
| 15. | उत्तर प्रदेश सहायक अभियंता परीक्षा (2004,2007,2008,2011,2013,2019, 2021) | 194 |
| 16. | उत्तराखण्ड सहायक अभियंता परीक्षा (2007,2012,2013,2022) | 100 |
| 17. | छत्तीसगढ़ CSAT (2012-2021) | 187 |
| 18 | मध्य प्रदेश CSAT (2012-2021) | 97 |
| 19. | उत्तराखण्ड CSAT (2014-2021) | 30 |
| 20. | अन्य प्रदेश पी.सी.एस. (प्रारम्भिक) परीक्षा में पूछे गये सामान्य हिन्दी के सभी प्रश्न (वर्ष 2012-2023) | 378 |

## उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | UPTET (I-V) (2021) 28-Nov- 2021 (निरस्त) | 30 |
| 2. | UPTET (I-V) (2021) 23-JAN- 2022 (Re Exam) | 30 |
| 3. | UPTET (VI-VIII) (2021) 23-JAN- 2022 | 30 |
| 4. | UPTET (I-V) (2019) 08-JAN- 2020 | 30 |
| 5. | UPTET (VI-VIII) (2019) 08-JAN- 2020 | 30 |
| 6. | UPTET (I-V) 18-NOV- 2018 | 30 |
| 7. | UPTET (VI-VIII) 18-NOV- 2018 | 30 |
| 8. | UPTET (I-V) 15-OCT- 2017 | 30 |
| 9. | UPTET (VI-VIII) 15-OCT- 2017 | 30 |
| 10. | UPTET (I-V) 19-DEC- 2016 | 30 |
| 11. | UPTET (VI-VIII) 19-DEC- 2016 | 30 |
| 12. | UPTET (I-V) 2-FEB- 2016 | 30 |
| 13. | UPTET (VI-VIII) 2-FEB- 2016 | 30 |
| 14. | UPTET (I-V) 23-FEB- 2014 | 30 |
| 15. | UPTET (VI-VIII) 23-FEB- 2014 | 30 |
| 16. | UPTET (I-V) 27-JUN- 2013 | 30 |
| 17. | UPTET (VI-VIII) 27-JUN- 2013 | 30 |
| 18. | UPTET (I-V) 13-NOV- 2011 | 30 |
| 19. | UPTET (VI-VIII) 13-NOV- 2011 | 30 |
| 20. | UP SUPER TET EXAM. 2019 | 20 |
| 21. | UP SUPER TET EXAM. 2018 | 20 |

## केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | CTET (I-V) (July 2023) 20-Aug 2023 | 30 |
| 2. | CTET (VI-VIII) (July 2023) 20-Aug 2023 | 30 |
| 3. | CTET (I-V) 08-DEC- 2019 | 30 |
| 4. | CTET (VI-VIII) 08-DEC- 2019 | 30 |
| 5. | CTET (I-V) 07-JULY- 2019 | 30 |
| 6. | CTET (VI-VIII) 07-JULY- 2019 | 30 |
| 7. | CTET (I-V) 09-DEC- 2018 | 30 |
| 8. | CTET (VI-VIII) 09-DEC- 2018 | 30 |
| 9. | CTET (I-V) 18-SEP- 2016 | 30 |
| 10. | CTET (VI-VIII) 18-SEP- 2016 | 30 |
| 11. | CTET (I-V) 21-FEB- 2016 | 30 |
| 12. | CTET (VI-VIII) 21-FEB- 2016 | 30 |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | CTET (I-V) 20-SEP- 2015 | 30 |
| 14. | CTET (VI-VIII) 20-SEP- 2015 | 30 |
| 15. | CTET (I-V) 22-FEB- 2015 | 30 |
| 16. | CTET (VI-VIII) 22-FEB- 2015 | 30 |
| 17. | CTET (I-V) 21-SEP- 2014 | 30 |
| 18. | CTET (VI-VIII) 21-SEP- 2014 | 30 |
| 19. | CTET (I-V) 16-FEB- 2014 | 30 |
| 20. | CTET (VI-VIII) 16-FEB- 2014 | 30 |
| 21. | CTET (I-V) 28-JUL- 2013 | 30 |
| 22. | CTET (VI-VIII) 28-JUL- 2013 | 30 |
| 23. | CTET (I-V) 18-NOV- 2012 | 30 |
| 24 | CTET (VI-VIII) 18-NOV- 2012 | 30 |
| 25. | CTET (I-V) 29-JAN- 2012 | 30 |
| 26. | CTET (VI-VIII) 29-JAN- 2012 | 30 |
| 27. | CTET (I-V) 26-JUN- 2011 | 30 |
| 28. | CTET (VI-VIII) 26-JUN- 2011 | 30 |

**उत्तराखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा**

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | UTET (I-V) 29-JAN- 2011 | 30 |
| 2. | UTET (I-V) 12-NOV- 2013 | 30 |
| 3. | UTET (VI-VIII) 12-NOV- 2013 | 30 |
| 4. | UTET (I-V) 26-APR- 2016 | 30 |

**छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा**

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | CHTET (I-V) 2011 | 30 |
| 2. | CHTET (VI-VIII) 2011 | 30 |

**बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा**

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | BTET (I-V) 2011 | 30 |
| 2. | BTET (VI-VIII) 2011 | 30 |

**राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा**

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | RTET (I-V) 2011 | 30 |
| 2. | RTET (VI-VIII) 2011 | 30 |
| 3. | RTET (I-V) 2012 | 30 |
| 4. | RTET (I-V) 7-FEB-2016 | 30 |

**हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा**

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | HTET (I-V) 2011 | 30 |
| 2. | HTET (I-V) 2012 | 30 |
| 3. | HTET (I-V) 2014 | 30 |
| 4. | HTET (VI-VIII) 2014 | 30 |
| 5. | HTET (I-V) 2015 | 30 |

**इलाहाबाद उच्च न्यायालय भर्ती परीक्षा**

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ./ए.आर.ओ./ कंप्यूटर सहायक/ एपीएस परीक्षा, 2021 | 260 |
| 2. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी & सी परीक्षा, 2022 | 250 |
| 3. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ए.आर.ओ. परीक्षा 2019 | 25 |
| 4. | इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ. परीक्षा 2019 | 25 |
| 5. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी मुख्य परीक्षा, 2017 | 25 |
| 6. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 12.11.2017 | 25 |
| 7. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 12.11.2017 | 25 |
| 8. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 22.07.2017 | 25 |
| 9. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 23.07.2017 | 25 |
| 10. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 20.12.2017 | 25 |
| 11. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 18.10.2017 | 25 |
| 12. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 27.09.2014 | 25 |
| 13. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ए.आर.ओ. परीक्षा 18.12.2016 | 20 |
| 14. | इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ. परीक्षा 08.01.2017 | 25 |
| 15. | इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ/ए.आर.ओ. परीक्षा 28.09.2014 | 10 |
| 16. | इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ./ए.आर.ओ. परीक्षा 06.02.2011 | 10 |

## उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड भर्ती परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | UP PCL EXAM. (2019-2021) | 320 |
| 2. | UP PCL ARO 18.02.2018 (Morning Shift) | 70 |
| 3. | UP PCL ARO 18.02.2018 (Evening Shift) | 70 |
| 4. | UP PCL Stenographer 18.02.2018 | 65 |
| 5. | UP PCL APS 18.02.2018 | 60 |
| 6. | UP PCL RO/ARO 24.07.2016 | 50 |
| 7. | UP PCL Assistant Accountant 2016,2018, 2019, 2021, 2022, 2023 | 300 |
| 8. | UP PCL JE Electrical 11.02.2018 (Morning & Evening Shift) | 10 |
| 9. | UP PCL Assistant Electrical Engineer 12.11.2016 | 10 |
| 10. | UP PCL JE Electrical 11.11.2016 | 10 |
| 11. | UP PCL Technical Grade-II 06.10.2016 | 10 |
| 12. | UP PCL Technical Grade-II 26.06.2016 | 10 |
| 13. | UP PCL JE Electrical 14.03.2016 | 10 |
| 14. | UP PCL JE Electrical 23.08.2015 | 10 |
| 15. | UP PCL Technical Grade-II 02.08.2015 | 10 |
| 16. | UP PCL Technical Grade-II (Electrician) 09.05.2015 | 10 |
| 17. | UP PCL Technical Grade-II (Electrical) 08.11.2014 | 10 |
| 18. | UP PCL JE Electrical 17.11.2013 | 10 |

## संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड.

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम व वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड.(स्मृति आधारित) | 320 |

## दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम व वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | DSSSB PRT (44 Paper) | 736 |
| 2. | DSSSB TGT (57 Paper) | 1140 |
| 3. | DSSSB 26 Paper | 520 |

## केंद्रीय विद्यालय संगठन

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम व वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | KVS PRT 2023 (13 Paper) | 348 |

## बिहार लोक सेवा आयोग

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम व वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | बिहार प्राइमरी शिक्षक चयन परीक्षा, 2023 (25.08.2023, Shift-I, Shift-II) | 141 |

## कर्मचारी चयन आयोग

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम व वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | SSC GD 2015 (2 Paper) | 50 |
| 2. | SSC GD 2019 (online 40 Paper) | 1000 |
| 3. | SSC GD 2021 (online 62 Paper) | 1550 |
| 4. | SSC GD 2023 (online 76 Paper) | 1520 |

## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम व वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | हरियाणा सी.ई.टी. 2021, 2023 | 80 |

## मध्य प्रदेश व्यापाम


| क्र. सं. | परीक्षा का नाम व वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदश व्यापाम वर्ग -II परीक्षा (76 प्रश्नपत्र) | 1163 |


## विभिन्न शिक्षक परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम व वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | TGT/PGT/LT-Grade/GIC/GDS/DSSSB/KVS/NVS/RPSC/SET/ DIET/UGC-NET/JRF | 873 |

**नोट–** उपरोक्त **968** प्रश्नपत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त यथा संभव समान प्रकृति एवं प्रवृत्ति से बचते हुए **सामान्य हिन्दी** से सम्बन्धित कुल **22417** से अधिक प्रश्नों को अध्यायवार प्रस्तुत किया गया है। दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है।

# पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये सामान्य हिन्दी के प्रश्नों का विश्लेषणात्मक पाई चार्ट एवं बार ग्राफ



# 01.

# ध्वनि एवं हिन्दी वर्णमाला व वर्णक्रम

## 1. वर्ण, वर्णमाला परिभाषा एवं भेद

**1. भाषा की सबसे छोटी इकाई को क्या कहा जाता है?**

(a) वर्ण (b) उच्चारण
(c) पद (d) शब्द

**High Court ARO-2021-I**
**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**
**UPSI 02/12/2021 (Shift-I)**
**UPP, Constable 2017**
**छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. ( प्री. ) परीक्षा, 2015**
**कनिष्ठ सहायक परीक्षा 2015**

**Ans. (a) :** भाषा की सबसे छोटी इकाई को 'वर्ण' कहा जाता है। वर्ण को दो भागों में बाँटा गया है– (i) स्वर, (ii) व्यंजन
हिंदी वर्णमाला में कुल '52' वर्ण होते हैं जिनमें स्वरों की संख्या '11' तथा व्यंजनों की संख्या '41' होती है।

**2. भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई किसे माना जाता है?**

(a) शब्द (b) वर्ण
(c) अर्थ (d) मात्रा

**K.V.S. PGT 2018**
**DSSSB PGT 18.07.2021 Shift-II**
**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**

**उत्तर : (a)** भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई 'शब्द' को माना जाता है। उच्चारण की दृष्टि से भाषा की लघुत्तम इकाई ध्वनि है। ध्वनियों के मेल से शब्द बनते हैं, लेकिन शब्द बनाने के लिए इन्हें सार्थक या अर्थ बोधक की क्षमता से युक्त होना चाहिए। ध्वनि सार्थक ही हो यह जरूरी नहीं हैं, जैसे-अ, क, प, त इत्यादि। ये ध्वनियां हैं, लेकिन सार्थक नहीं है। किन्तु कल, कब, चल आदि ये शब्द हैं, क्योंकि इनमें सार्थकता है। अर्थात् अर्थ देने की क्षमता है, और ऐसे 'शब्द' भाषा की सार्थक इकाई हैं।

**3. भाषा की मूल इकाई–**

(a) अक्षर (b) ध्वनि
(c) संकेत (d) वर्णमाला

**UP SI 2016**
**High Court ARO 2021**
**उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016**

**उत्तर : (b)** भाषा की सबसे छोटी या मूल इकाई **ध्वनि** है। भाषा की सार्थक इकाई 'वाक्य' है। वाक्य से छोटी इकाई **उपवाक्य,** उपवाक्य से छोटी इकाई **पदबंध,** पदबंध से छोटी इकाई 'पद' (शब्द), पद से छोटी इकाई **अक्षर** और अक्षर से छोटी इकाई **ध्वनि** है।
**उदाहरण –** राम शब्द में दो अक्षर (रा, म) एवं चार वर्ण (र्, आ, म्, अ) हैं।

**4. वर्णों के कितने भेद हैं?**

(a) दस (b) सात
(c) दो (d) आठ

**UPP Constable 2017**

**उत्तर (c) :** वर्णों के दो भेद हैं- 1. स्वर 2. व्यंजन

**5. हिन्दी भाषा की कुल वर्ण लिपियाँ हैं-**

(a) 44 (b) 33
(c) 52 (d) 48

**High Court ARO 2021**
**जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016**
**UPSI 13/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर (c) :** हिन्दी भाषा की कुल वर्ण लिपियों की संख्या 52 है।

| | | |
|---|---|---|
| **स्वर -** | अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ | = 11 |
| **व्यंजन-** | क वर्ग (कंठस्थ) - क, ख, ग, घ, ङ | = 5 |
| | च वर्ग (तालव्य)- च, छ, ज, झ, ञ | = 5 |
| | ट वर्ग (मूर्धन्य)-ट, ठ, ड, ढ, ण | = 5 |
| | त वर्ग (दन्त्य)-त, थ, द, ध, न | = 5 |
| | प वर्ग (ओष्ठ)-प, फ, ब, भ, म | = 5 |
| | अन्तःस्थ - य, र, ल, व | = 4 |
| | ऊष्म - श, ष, स, ह | = 4 |
| **संयुक्त व्यंजन -** | क्ष, त्र, ज्ञ, श्र | = 4 |
| **अयोगवाह-** | अं, अः | = 2 |
| **द्विगुण व्यंजन** | ड़, ढ़ | = 2 |
| **कुल वर्णों की संख्या** | | = 52 |

**6. लिपि-चिह्नों के क्रमबद्ध समूह को क्या कहते हैं?**

(a) अक्षर (b) वर्ण
(c) वर्ण-समूह (d) वर्णमाला

**[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]**
**UPP Constable, 19.06.2018 II$^{nd}$ Shift**
**UP B.Ed. Exam 2007**

**उत्तर : (d)** हिंदी भाषा की सबसे छोटी इकाई 'ध्वनि' होती है। ध्वनि के लिखित रूप को 'वर्ण' कहा जाता है। वर्णों के क्रमबद्ध समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं। हिंदी में 52 वर्ण होते हैं।

## 2. स्वर वर्ण (परिभाषा, भेद एवं संख्या)

**7. कौन स्वर नहीं है?**

(a) अ (b) उ
(c) ए (d) ब

**UP B.Ed. Exam 2007**

**उत्तर (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में 'ब' स्वर नहीं है। यह एक स्पर्श व्यंजन है। यह प वर्ग का तृतीय वर्ण है, जिसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

8. **इनमें से 'ऋ' क्या है ?**
(a) व्यंजन (b) संयुक्त व्यंजन
(c) दोनों (d) स्वर

**High Court ARO 2021**
**UPSI 13/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (d):** हिन्दी के प्रमुख स्वर– अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ हैं। इनमें मूल स्वर अ, इ, उ, ऋ हैं। संयुक्त स्वर- ए, ऐ, ओ, औ। स्वर के दो प्रकार हैं–
ह्रस्व स्वर– अ, इ, उ, ऋ।
दीर्घ स्वर– आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ।

9. **इनमें से किस शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है?**
(a) वृष्टि (b) रिपु (c) क्रिया (d) वर्षा

**UPSI 24/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (a) :** 'वृष्टि' शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है। 'ऋ' की मात्रा वाले अन्य शब्द :- कृतज्ञ, कृष्ण, सृजन आदि हैं।

10. **जिनका उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं उसे कहते हैं –**
(a) संज्ञा (b) स्वर (c) व्यंजन (d) विसर्ग

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**
**UP SI Batch-III 22 Dec. 2017**

**उत्तर : (b)** जिनका उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं उसे स्वर कहते हैं। इनके उच्चारण में भीतर से आती हुई वायु मुख से निर्बाध रूप से निकलती है। हिन्दी में स्वर वर्णों की संख्या ग्यारह है। सभी स्वर स्वतंत्र होते हैं।

11. **स्वरों की संख्या कितनी हैं?**
(a) 11 (b) 13 (c) 9 (d) 10

**[UPSI 20.07.2017 Shift II]**
**UPS/Batch-I 21 Dec. 2017**

**उत्तर. (a) :** स्वरों की संख्या 11 होती है। जिन वर्णों का स्वतंत्र उच्चारण किया जा सके या जिन ध्वनियों के उच्चारण के समय हवा बिना किसी रुकावट के निकलती है, वे स्वर कहलाते हैं। जैसे-अ, आ, इ, ई आदि।

12. **स्वरों का उच्चारण –**
(a) व्यंजनों की सहायता से होता है।
(b) अनुस्वार की सहायता से होता है।
(c) अनुनासिक की सहायता से होता है।
(d) बिना किसी की सहायता से होता है।

**UPSI 14/11/2021 (Shift-I)**
**[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]**

**उत्तर : (d)** 'स्वरों' का उच्चारण बिना किसी की सहायता से होता है। ये सभी स्वतंत्र होते हैं। 'व्यंजन वर्णों' का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है। प्रत्येक व्यंजन के उच्चारण में 'अ' की ध्वनि छिपी रहती है।

13. **'स्वर' किसका भेद है?**
(a) संधि (b) समास
(c) वर्ण (d) लिंग

**[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]**

**उत्तर. (c) :** हिन्दी वर्णमाला में वर्ण दो प्रकार के होते हैं - (1) स्वर (2) व्यंजन।
**स्वर-** स्वर उन वर्णों को कहते हैं, जिनका उच्चारण बिना अवरोध अथवा बाधा के होता है। ये सभी स्वतंत्र हैं।
**व्यंजन-** स्वरों की सहायता से बोले जाने वाले वर्ण व्यंजन कहलाते हैं।

## 2A. मात्रा के आधार पर स्वर

14. **मात्रा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?**
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (b)** उच्चारण में लगने वाला समय 'मात्रा' कहलाता है। इसी मात्रा के आधार पर स्वरों के तीन भेद हैं–
**(1) ह्रस्व स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगता है, उन्हें 'ह्रस्व स्वर' कहते हैं। अ, इ, उ, ऋ ह्रस्व स्वर हैं। इन्हें 'एक मात्रिक स्वर' भी कहते हैं।
**(2) दीर्घ स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है, वे 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। इन्हें 'द्विमात्रिक स्वर' भी कहते हैं। ये हैं– आ,ई,ऊ,ए,ऐ,ओ,औ।
**(3) प्लुत स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में तीन मात्रा का समय लगे, उसे 'प्लुत स्वर' कहते हैं। (३) अंक इसका चिह्न होता है। संस्कृत व्याकरण में प्लुत स्वरों की संकल्पना प्राप्त होती है। हिन्दी में इसका प्रयोग नहीं किया जाता है।
**विशेष–** (समग्रतः मात्रा के आधार पर स्वर के तीन भेद हैं, किन्तु हिन्दी वर्णमाला में मात्रा के आधार पर स्वरों के प्रकार पूछे जाने पर उत्तर 2 होगा– (1) ह्रस्व (2) दीर्घ, क्योंकि प्लुत का प्रयोग हिन्दी व्याकरण के अन्तर्गत नहीं किया जाता है।)

15. **ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत किसके प्रकार हैं?**
(a) संधि
(b) व्यंजन
(c) स्वर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)**
**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**
**UP B.Ed. Exam 2003**

**उत्तर : (c)** ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत 'स्वर' के प्रकार हैं। स्वर स्वतंत्र होते हैं जो बिना किसी सहायता के उच्चारित किये जाते हैं। व्यंजन स्वतंत्र नहीं होते, इन्हें स्वरों की सहायता से उच्चारित किया जाता है।

16. **किस समूह में सभी स्वर दीर्घ हैं?**
(a) ई, ए, ऐ, ओ, औ (b) ऌ, ऋ, आ, ई, ऊ
(c) अ, आ ऊ, औ, ऐ (d) अ, आ, इ, ऊ, ऋ

**UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)**
**UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में समूह (ई, ए, ऐ, ओ, औ) में सभी स्वर 'दीर्घ स्वर' के अंतर्गत आते हैं।

17. **हिंदी भाषा में ह्रस्व स्वरों की संख्या कितनी है?**
(a) ग्यारह (b) चार
(c) सात (d) दो

**[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]**

**उत्तर: (b)** हिन्दी भाषा में 'ह्रस्व स्वरों' की संख्या चार है। स्वतंत्र रूप से बोले जाने वाले वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं। व्याकरण में परम्परागत रूप से स्वरों की संख्या 11 मानी गई है। स्वरों के दो भेद होते हैं:-
**ह्रस्व स्वर-** वे स्वर मूल या ह्रस्व या एकमात्रिक कहलाते हैं। जिनकी उत्पत्ति दूसरे स्वरों से नहीं होती। जैसे- अ, इ, उ, ऋ
**दीर्घ स्वर-** वह स्वर जिनको बोलने में ह्रस्व स्वरों से अधिक समय लगता है; जैसे - आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ।

**18. जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है या ह्रस्व से दोगुना समय लगता है, उनको कहते हैं?**
(a) प्लुत स्वर (b) गुरु स्वर
(c) मूल स्वर (d) लघु स्वर
**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]**

**उत्तर : (b)** जिन स्वरों के उच्चारण में 'ह्रस्व स्वरों' से अधिक समय लगता है, वह गुरु स्वर या 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। मात्रा की दृष्टि से दीर्घ स्वर द्विमात्रिक स्वर कहलाते हैं, अर्थात् दो मात्रा वाले स्वर। दो मात्रा होने के कारण ही इनके उच्चारण में 'ह्रस्व स्वर' से दोगुना समय लगता है।
छंदशास्त्र में 'ह्रस्व' मात्रा को 'लघु' और 'दीर्घ' मात्रा को 'गुरु' कहते हैं।

**19. निम्नलिखित में से कौन सा दीर्घ स्वर है?**
(a) आ (b) उ
(c) ए (d) ओ
**[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]**
**UP B.Ed.. Exam 2014**

**उत्तर. (a)** दिये गये विकल्पों में 'आ' दीर्घ स्वर है क्योंकि मूल दीर्घ स्वर आ, ई, ऊ होते हैं।

| | |
|---|---|
| उ | – ह्रस्व स्वर |
| ए (अ + इ) | – संयुक्त स्वर |
| ओ (अ + उ) | – संयुक्त स्वर |

**20. निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त स्वर नहीं है?**
(a) ए (b) ऐ
(c) ऊ (d) ओ
**[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]**

**उत्तर. (c) :** 'ऊ' संयुक्त स्वर नहीं है बल्कि यह दीर्घ स्वर है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 11 स्वर हैं, जो इस प्रकार हैं-
ह्रस्व स्वर- अ, इ, उ, ऋ
दीर्घ स्वर- आ, ई, ऊ
संयुक्त स्वर- ए, ऐ, ओ, औ

**21. किस स्वर के उच्चारण में दीर्घ स्वर से भी अधिक समय लगता है?**
(a) अनुस्वार (b) अनुनासिक
(c) ह्रस्व (d) प्लुत
**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**

**उत्तर : (d)** जिन स्वरों के उच्चारण में दीर्घ स्वरों से भी अधिक समय लगता है, उन्हें प्लुत स्वर कहते हैं, जैसे- ओऽम, सुनो ऽऽ आदि।

**22. प्लुत स्वर कौन–सा है?**
(a) अउम (b) ओउम्
(c) ओम् (d) ओम
**[CTET (I-V) 08.01.2019]**

**उत्तर. (b) :** 'ओउम्' प्लुत स्वर है, शेष वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण शब्द हैं। ह्रस्व स्वर के उच्चारण में जितना समय लगता है, प्लुत स्वर के उच्चारण में उसका तीन गुना समय लगता है। प्लुत स्वर का प्रयोग मूलतः वैदिक भाषा में या नाटक इत्यादि में संवाद लिखते समय पुकारने के अर्थ में किया जाता है।

## 2B. संधि/संयोग के आधार पर स्वर

**23. निम्नलिखित में से किस स्वर को संयुक्त स्वर माना गया है?**
(a) आ (b) ऊ (c) ई (d) ऐ
**High Court ARO 2021**
**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**
**स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015**
**[UPPSC AE 2013]**

**उत्तर. (d) :** 'ऐ' स्वर को संयुक्त स्वर माना जाता है। (संयुक्त स्वर में ए, ऐ, ओ और औ आते हैं।) इनके संयुक्त होने का विवरण इस प्रकार है- अ+इ = ए, अ+ए = ऐ, अ+उ = ओ, अ+ओ = औ
अ, इ, उ, ऋ को मूल स्वर माना जाता है।

**24. निम्नलिखित में से कौन सा मूल दीर्घ स्वर नहीं है?**
(a) आ (b) ई
(c) ऊ (d) ओ
**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (d)** प्रश्नगत विकल्पों में से 'ओ' मूल दीर्घ स्वर नहीं है, यह 'संयुक्त स्वर' है। स्वतंत्र रूप से उच्चरित वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में 11 स्वर हैं, जिनका वर्गीकरण निम्न है–
**(1) ह्रस्व स्वर–** जिन स्वरों की उत्पत्ति दूसरे स्वरों से न होकर स्वतंत्र रूप से होती है, वे 'ह्रस्व स्वर' कहलाते हैं; जैसे– अ, इ, उ, ऋ। इन्हें 'मूल स्वर'/एकमात्रिक स्वर भी कहा जाता है।
**(2) दीर्घ स्वर–** दो समान मूल स्वरों के योग से निर्मित स्वर 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। 'आ' (अ+अ),'ई' (इ+इ), 'ऊ' (उ+उ) मूल दीर्घ स्वर हैं।
**(3) संयुक्त स्वर–** जब दो असमान स्वर परस्पर जुड़ते हैं, तो उनके योग से 'संयुक्त स्वरों' का निर्माण होता है। 'ए' (अ+इ), 'ऐ' (अ+ए), ओ (अ+उ), औ (अ+ओ) संयुक्त स्वर हैं।

## 2C. मुख विवर खुलने के आधार पर स्वर

**25. इनमें से संवृत स्वर कौन-सा है?**
(a) ओ (b) ई
(c) औ (d) अ
**Ashram Paddhati PGT 2012**
**UPSI 24/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) संवृत स्वर**- संवृत स्वर या ऊँचा स्वर ऐसी स्वर ध्वनि होती है जिसमें बिना व्यंजन की ध्वनि बनाए, जिह्वा को मुंह में जितना सम्भव हो सके उतना ऊँचा और तालु से समीप रखा जाता है। उदाहरण के लिए 'ई' एक संवृत स्वर है।

**विवृत स्वर**- विवृत स्वर या निम्न स्वर ऐसी ध्वनि होती है जिसमें जिह्वा को मुंह में जितना सम्भव हो सके उतना नीचे और तालु से दूर रखा जाता है।
उदाहरण के लिए 'आ' एक विवृत स्वर है।

**26. हिंदी स्वरों का वर्गीकरण जब जीभ के भाग के आधार पर किया जाता है तो निम्नलिखित में से कौन सा भेद इसके अंतर्गत नहीं आएगा?**

(a) अग्र स्वर (b) मध्य स्वर
(c) पश्च स्वर (d) विवृत स्वर

**[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]**

**उत्तर (d) :** 'विवृत स्वर' जीभ के भाग के आधार पर हिन्दी स्वरों के अन्तर्गत नहीं आता है। जिह्वा के उत्थापित होने या उसकी क्रियाशीलता के आधार पर स्वर तीन प्रकर के होते हैं।
(1) अग्र स्वर (2) मध्य स्वर (3) पश्च स्वर।
विवृत स्वर वे स्वर हैं जिनके उच्चारण में मुख द्वार पूरा खुलता है। **जैसे-** आ।
मुख द्वार के खुलने के आधार पर स्वर चार प्रकार के होते हैं–
(1) विवृत (2) अर्ध विवृत (3) अर्ध संवृत (4) संवृत।

**27. अर्द्ध विवृत स्वर है –**

(a) ऊ (b) ऐ
(c) आ (d) ए

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (b) :** दिये गये विकल्पों में से 'ऐ' अर्ध विवृत स्वर है। मुखद्वार के खुलने के आधार पर स्वर चार प्रकार के होते हैं, जो इस प्रकार हैं–
**विवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार पूरा खुलता है, जैसे– आ
**अर्ध विवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा खुलता है, जैसे– अ, ऐ, ऑ, औ।
**अर्ध संवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा बन्द रहता है, जैसे- ए, ओ।
**संवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार लगभग बन्द रहता है, जैसे- इ, ई, उ, ऊ।

## 2D. उच्चारण स्थान के आधार पर स्वर

**28. निम्नलिखित में से कौन-से मूर्धन्य व्यंजन हैं?**

(a) प, फ (b) ड, ढ
(c) ग, घ (d) ज, झ

**Ashram Paddhati PGT 2012**
**कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023**

**उत्तर : (b) :** दिये गये विकल्पों में मूर्धन्य व्यंजन 'ड, ढ' हैं। मूर्धन्य व्यंजन ऐसे व्यंजन होते हैं जो जिह्वा द्वारा वर्त्स्य कटक और कठोर तालु के बीच उच्चारित होते हैं। इनमें 'ट', 'ठ', 'ड', 'ढ', 'ण', 'ष' मूर्धन्य व्यंजन हैं।

**29. निम्न में से 'क' वर्ग का उच्चारण स्थान कौन-सा है?**

(a) दंत (b) कंठ (c) ओष्ठ (d) तालु

**UPSSSC JE 2016 (19/12/2021)**

**उत्तर : (b):** दिये गये विकल्पों में से 'क' वर्ग का उच्चारण स्थान 'कंठ' है। स्पर्श व्यंजन कंठ, तालु, मूर्द्धा, दन्त और ओष्ठ स्थानों के स्पर्श से बोले जाते हैं।
**जैसे-** कंठ- क, ख, ग, घ, ङ
तालु- च, छ, ज, झ, ञ
मूर्द्धा- ट, ठ, ड, ढ, ण
दन्त- त, थ, द, ध, न
ओष्ठ- प, भ, ब, भ, म
अन्तःस्थ व्यंजन- य, र, ल, व
ऊष्म व्यंजन- श, ष, स, ह

**30. य, र, ल, व किस वर्ग के व्यंजन हैं?**

(a) ऊष्म (b) अंतःस्थ
(c) दंत्य (d) तालव्य

**UP SI 20.11.2011 (Shift-III)**
**VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)**
**UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021**

**उत्तर : (b) :** य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन के उदाहरण हैं।
ऊष्म व्यंजन - श, ष, स, ह
दंत्य व्यंजन - त वर्ग, ल, स
तालव्य व्यंजन - च वर्ग, य, श

**31. किस समूह के वर्णों का उच्चारण स्थान मूर्द्धा है?**

(a) श, ह, च, छ (b) ष, ऋ, ट, ठ
(c) स, त, थ, द, (d) अ, क, ख, ग

**UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)**
**UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021**

**उत्तर : (b) :** उपर्युक्त विकल्पों में दिये गये समूहों के वर्णों का उच्चारण स्थान इस प्रकार है।

| **वर्ण समूह** | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|
| ष, ऋ, ट, ठ | मूर्द्धा |
| श, ह, च, छ | तालु |
| स, त, थ, द | दन्त |
| अ, क, ख, ग | कण्ठ |

**32. विसर्ग ( : ) का उच्चरण स्थान है-**

(a) कण्ठ्य (b) ओष्ठ्य
(c) तालब्य (d) अनुनासिक

**High Court ARO 2021**
**UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper**

**उत्तर : (a) :**

| **वर्ण** | | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|---|
| अ,आ, 'क' वर्ग, 'ह' विसर्ग (ः), अः | – | कण्ठ्य |
| उ/ऊ, 'प' वर्ग | – | ओष्ठ्य |
| इ/ई, 'च' वर्ग, 'थ', 'श' | – | तालव्य |
| स्पर्शी व्यंजन के पंचम वर्ण, 'अं' | – | अनुनासिक |

**33. निम्नलिखित में कौन-सा वर्ण-तालव्य नहीं है?**

(a) च (b) झ (c) क (d) छ

**UPPCS (Pre) 2022**

**उत्तर : (c):** दिये गये वर्णों में से 'क' वर्ण कण्ठ्य है, जबकि च, छ तथा झ वर्ण तालव्य है। तालु और जीभ के स्पर्श से बोले जाने वाले वर्ण तालव्य कहलाते हैं। जैसे- इ, ई, च वर्ग, य और श।

**34. कंठोष्ठ्य दीर्घ स्वर वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) ऋ (b) औ
(c) ऊ (d) ए

**UPSI 23/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (b) :** 'औ' कंठोष्ठ्य दीर्घ स्वर वर्ण का उदाहरण है।

| | |
|---|---|
| कंठ्य ध्वनि | - अ, आ, क वर्ग। |
| तालव्य ध्वनि | - ई, इ, च वर्ग, श, य। |
| मूर्द्धन्य ध्वनि | - ट वर्ग, ष। |
| दंत्य ध्वनि | - त वर्ग, र, ल, स। |
| ओष्ठय ध्वनि | - प वर्ग। |
| कण्ठ-तालव्य ध्वनि | - ए, ऐ। |
| कण्ठोष्ठ्य ध्वनि | - ओ, औ। |

**35. कंठ्यतालव्य दीर्घ स्वर वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) ऊ (b) औ
(c) ऋ (d) ए

**UPSI 23/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (d) :** 'ए' वर्ण कंठ्यतालव्य दीर्घ स्वर वर्ण है। ए, ऐ दोनों स्वर का उच्चारण स्थान कंठ्यतालव्य है।
ओ, औ का उच्चारण स्थान कंठोष्ठ्य है।
उ, ऊ का उच्चारण ओष्ठ।
अ, आ का उच्चारण कण्ठ।
इ, ई का उच्चारण तालु तथा ऋ का उच्चारण स्थान मूर्द्धा है।

**36. कौन वर्ण ओष्ठ्य नहीं है?**

(a) म (b) ब
(c) ऊ (d) आ

**UP B.Ed. Exam 2011**

**उत्तर (d) :** 'आ' वर्ण ओष्ठ्य नहीं है। यह कंठ्य ध्वनि है। उ, ऊ तथा प वर्ग के वर्ण ओष्ठ्य ध्वनियाँ हैं।

**37. निम्न में से कंठ्य वर्ण कौन सा है?**

(a) उ (b) अ
(c) इ (d) ई

**UPPSC GIC 2021**
**DSSSB-TGT-Hindi-28/08/2018, III Sift**

**उत्तर : (b)** दिये गये वर्णों में 'अ' कंठ्य वर्ण तथा इ, ई तालव्य वर्ण और 'उ' ओष्ठ वर्ण है।

**38. इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि का उच्चारण किससे होता है?**

(a) कंठ्य से (b) मूर्धन्य से
(c) तालव्य से (d) ओष्ठ से

**DSSSB-TGT-Hindi-28/08/2018, III Sift**
**DSSSB-TGT-Math-22/09/2018, I Sift**
**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (c)** ऐसे वर्ण, जिनके उच्चारण में जिह्वा तालु को स्पर्श करती है, उन्हें 'तालव्य वर्ण' कहते हैं, जैसे– इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि।
कंठ्य – अ, आ, क, ख, ग, घ, ङ
मूर्धन्य – ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण
ओष्ठ – उ, ऊ, प, फ, ब, भ, म
तालव्य – इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ

**39. जिह्वा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 6

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (b)** जिह्वा के उत्थापित होने या उसकी क्रियाशीलता के आधार पर स्वर 3 प्रकार के होते हैं–
**(1) अग्र स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग सक्रिय रहता है, उन्हें 'अग्र स्वर' कहते हैं, जैसे – इ, ई, ए,ऐ।
**(2) मध्य स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का मध्य भाग क्रियाशील रहता है, उन्हें 'मध्य स्वर' कहते हैं, जैसे–अ।
**(3) पश्च स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का पिछला भाग उत्थापित होता है, उन्हें 'पश्च स्वर' कहते हैं, जैसे– आ,उ, ऊ, ओ, औ।

**40. निम्न में ओष्ठ्य वर्ण कौन सा है?**

(a) अ (b) आ
(c) इ (d) उ

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में से 'उ' ओष्ठ्य वर्ण है। हिन्दी वर्णमाला के स्वर वर्णों के उच्चारण स्थान का विवरण निम्न है–

| **उच्चारण स्थान** | | **स्वर** |
|---|---|---|
| कंठ | – | अ, आ |
| तालु | – | इ, ई |
| मूर्धा | – | ऋ |
| ओष्ठ | – | उ, ऊ |
| कंठ तालु | – | ए, ऐ |
| कंठ ओष्ठ | – | ओ, औ |

**41. कंठतालव्य कौन–सा है?**

(a) उ, ऊ (b) र, ष
(c) ए, ऐ (d) अ, आ

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर (c) :** कंठतालव्य वर्ण 'ए, ऐ' है। 'उ, ऊ' का उच्चारण स्थान ओष्ठ, 'र, ष' का उच्चारण स्थान मूर्धा तथा 'अ, आ' का उच्चारण स्थान कण्ठ है।

**42. किस वर्ण का उच्चारण-स्थान कंठ-तालु है?**

(a) ओ (b) ऐ
(c) ह (d) छ

**UPSI 30/11/2021 (Shift-I)**
**चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**
**UPSI Batch - III 22 Dec.2017**
**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**

**उत्तर (b) :** 'ऐ' वर्ण का उच्चारण स्थान कंठ-तालु है, अन्य विकल्प असंगत हैं।

**43. 'ओ', 'औ' किस प्रकार के वर्ण हैं?**

(a) तालव्य (b) मूर्धन्य
(c) दन्तोष्ठ्य (d) कंठोष्ठ्य

**Haryana TGT 2020**
**UP B.Ed. Exam 2007**

**उत्तर (d) :** 'ओ', 'औ' कंठोष्ठ्य वर्ण हैं।

## 2E. अनुनासिकता के आधार पर स्वर

**44. जब स्वरों के उच्चारण में ध्वनि मुख के साथ-साथ नासिका द्वार से भी निकलती है, उस अनुनासिकता को प्रकट करने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?**

(a) अनुस्वार-बिंदु (b) रेफ
(c) नुक़्ता (d) चंद्रबिंदु

**कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023**

**उत्तर : (d) :** जब स्वरों के उच्चारण में ध्वनि मुख के साथ-साथ नासिका द्वार से भी निकलती है, उस अनुनासिकता को प्रकट करने के लिए चंद्रबिंदु का प्रयोग किया जाता है। इसका चिह्न (ँ) है।

**45. अनुनासिक स्वरों का उच्चारण स्थल कौन-सा है?**

(a) नाक और मुँह (b) नाक
(c) मुँह (d) ओष्ठ

**UPSI 13/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (a) :** अनुनासिक स्वरों का उच्चारण स्थल नाक एवं मुँह से होता है। अनुनासिक का चिह्न (ँ) चन्द्रबिन्दु होता है।

**46. निम्नलिखित में से कौन से शब्द में अनुनासिकता है?**

(a) संभावित (b) संभावना
(c) संभव (d) संभालना

**UPPCL JE Electrical, 2015**

**उत्तर : (d)** निम्नलिखित में से 'संभालना' शब्द में अनुनासिकता है। 'अनुनासिक' स्वरों की विशेषता है। इनके उच्चारण में वायु नाक से कम, मुख से अधिक निकलती है। हिन्दी में यह विशेषता चंद्र बिन्दु के रूप में दर्शायी जाती है। चंद्र बिन्दु प्रायः तद्भव रूपों में प्रयुक्त किया जाता है।

**47. जिन स्वरों के उच्चारण में हवा नाक से भी निकलती है, उन्हें .......... कहते हैं–**

(a) निरनुनासिक स्वर (b) अनुनासिक स्वर
(c) मौखिक स्वर (d) लुंठित स्वर

**[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]**

**उत्तर. (b) :** जिन स्वरों के उच्चारण में हवा नाक से भी निकलती है, उन्हें 'अनुनासिक स्वर' कहते हैं।
**जैसे-** अँ, आँ, ईं आदि।
निरनुनासिक स्वरों के उच्चारण में हवा केवल मुँह से निकलती है **जैसे**- अ, आ, ई आदि।

**48. जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है, वे हैं –**

(a) वृत्ताकार स्वर (b) संवृत स्वर
(c) अनुनासिक स्वर (d) निरनुनासिक स्वर

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (d) :** जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है, वे 'निरनुनासिक स्वर' हैं। 'अनुनासिक स्वरों' (अँ) के उच्चारण में वायु/ध्वनि मुख के साथ-साथ नाक से भी निकलती है। 'वृत्ताकार स्वर' ऐसे स्वर हैं, जिनके उच्चारण में होठों का आकार गोल हो जाता है, जैसे- उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। 'संवृत स्वर' के उच्चारण में मुख द्वार लगभग बंद रहता है, जैसे– इ, ई, उ, ऊ।

## 2F. ओठों की आवृत्ति के आधार पर स्वर

**49. ओठों की आकृति के आधार पर निम्नलिखित में से कौन अवृत्तमुखी स्वर है?**

(a) इ (b) ऊ
(c) ओ (d) उ

**UPPCL ARO, 2018**

**उत्तर : (a)** ओठों की आकृति के आधार पर स्वरों को दो भागों में विभाजित किया गया है–
**(i) अवृत्तमुखी–**जिन स्वरों के उच्चारण में ओंठ वृत्तमुखी या गोलाकार नहीं होते हैं, 'अवृतमुखी स्वर' कहलाते हैं; जैसे– अ, आ, इ, ई, ए ऐ।
**(ii) वृत्तमुखी–**जिन स्वरों के उच्चारण में ओंठ गोलाकार होते हैं, वे 'वृत्तमुखी' स्वर कहे जाते हैं; जैसे– उ, ऊ, ओ, औ, ऑ।
अतः दिये गये विकल्पों में से 'इ' अवृत्तमुखी स्वर है।

## 2G. स्वर से संबंधित अन्य प्रश्न

**50. भाषा-विज्ञान की दृष्टि से 'ऊ' किस प्रकार का स्वर है?**

(a) पश्च विवृत (b) अग्र संवृत
(c) अग्र विवृत (d) पश्च संवृत

**कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर (d)** भाषा विज्ञान की दृष्टि से 'उ' तथा 'ऊ' 'पश्च संवृत' स्वर हैं। जिन स्वरों के उच्चारण में जीभ का पश्च भाग कार्य करता है, उन्हें 'पश्च स्वर' कहा जाता है, जैसे – आ, उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। 'संवृत' उन स्वरों को कहा जाता है, जिन स्वरों के उच्चारण में मुख-द्वार लगभग बंद रहता है, जैसे – इ, ई, उ, ऊ ।

**51. निम्न में से कौन सा शब्द 'स्वर का वर्गीकरण' नहीं है?**

(a) प्लुत (b) ह्रस्व (c) संयुक्त (d) द्वित्व

**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में से 'द्वित्व' स्वर का वर्गीकरण नहीं है। शेष तीनों स्वर के ही भेद हैं। मूलतः स्वर तीन प्रकार के हैं–
ह्रस्व स्वर – अ, इ, उ, ऋ
दीर्घ स्वर – आ, ई, ऊ
संयुक्त स्वर – ए,ऐ, ओ, औ
मात्रा के आधार पर भी स्वर के तीन भेद हैं-
ह्रस्व स्वर /एकमात्रिक स्वर – अ, इ, उ, ऋ
दीर्घ स्वर / द्विमात्रिक स्वर – आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ
प्लुत स्वर / त्रिमात्रिक स्वर – इसके लिये तीन (३) का अंक लगाया जाता है। जैसे- ओऽम्

**52. हिन्दी वर्णमाला की 'ऋ' ध्वनि है–**

(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) संयुक्त व्यंजन (d) अर्ध स्वर

**UPPSC AE 2011 / UK PSC AE 2012**

**उत्तर. (a) :** हिन्दी वर्णमाला की 'ऋ' ध्वनि **स्वर** है। स्वर उन वर्णों को कहते हैं, जिनका उच्चारण बिना अवरोध अथवा विघ्न बाधा के होता है। सभी स्वर स्वतंत्र हैं। **जैसे-** अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

## 3. व्यंजन (परिभाषा, भेद एवं संख्या)

**53. ओष्ठ्य अल्पप्राण घोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) भ् (b) ब् (c) प् (d) फ्

**UPSI 01/12/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (b) :**

| वर्ण | – | उच्चारण प्रकार |
|---|---|---|
| भ् | – | ओष्ठ्य महाप्राण घोष वर्ण |
| ब् | – | ओष्ठ्य अल्पप्राण घोष वर्ण |
| प् | – | ओष्ठ्य अल्पप्राण अघोष वर्ण |
| फ् | – | ओष्ठ्य महाप्राण अघोष वर्ण |

**54. तालव्य ध्वनियाँ कौन-सी हैं?**

(a) च, छ (b) ज, झ
(c) ट, ढ (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**UP TGT - 2016**
**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)**

**उत्तर : (d) :** वे ध्वनियाँ जिनके उच्चारण में जिह्वा तालु को स्पर्श करती हैं, तालव्य ध्वनियाँ कहलाती हैं। हिन्दी वर्णमाला में इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य तथा श तालव्य ध्वनियाँ हैं।

**55. निम्नलिखित में 'च' वर्ण का उच्चारण स्थान हैः**

(a) कंठ्य (b) तालव्य (c) मूर्धन्य (d) दंत्य

**APS 2021 (I)**
**UP SI 24.11.2021 (Shift-II)**
**KVS PRT 22-02-2023 (Shift-II)**

**Ans. (b) :** 'च' का उच्चारण स्थान 'तालव्य' है।
कंठ्य वर्ण – क, ख, ग, घ, ङ
तालव्य वर्ण – च, छ, ज, झ, ञ
मूर्धन्य वर्ण – ट, ठ, ड, ढ, ण
दंत्य वर्ण – त, थ, द, ध, न

**56. निम्नलिखित में 'प' वर्ण का उच्चारण स्थान है :**

(a) दंत्य (b) ओष्ठ्य
(c) कंठ्य (d) तालव्य

**KVS PRT 22-02-2023 (Shift-I)**
**High Court ARO 2021**
**UP PGT 2016**
**UP SI 12.11.2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (b) :** 'प' वर्ण का उच्चारण स्थान 'ओष्ठ्य' है। दिये गये उच्चारण स्थान एवं वर्ग निम्न हैं-
ओष्ठ्य - प, फ, ब, भ, म
दंत्य- त, थ, द, ध, न
तालव्य - च, छ, ज, झ, ञ
कंठ्य - क, ख, ग, घ, ड.

**57. 'त्रिवेणी' शब्द में 'त्र' ...................... वर्णों के योग से बना है :**

(a) ति + र (b) त + र
(c) त् + र (d) त् + र्

**KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)**

**उत्तर : (c) :** 'त्रिवेणी' शब्द में 'त्र' = त + र वर्णों के योग से बना है।

**58. निम्नलिखित में से उच्चारण की दृष्टि से असंगत युग्म है :**

(a) न – दंत्य (b) घ – कंठ्य
(c) य – मूर्धन्य (d) ब – ओष्ठ्य

**KVS PRT 21-02-2023 (Shift-II)**

**उत्तर : (c) :** 'य - मूर्धन्य' यह उच्चारण की दृष्टि से असंगत युग्म है। इसका संगत युग्म निम्न हैं।
कंठ्य - क, ख, ग, घ, ङ
तालव्य - च, छ, ज, झ, ञ
मूर्धन्य - ट, ठ, ड़, ढ़, ण
दन्त्य - त, थ, द, ध, न
ओष्ठ्य - प, फ, ब, भ, म
अंतःस्थ - य, र, ल, व

**59. 'सर्वज्ञ' शब्द में संयुक्त व्यंजन 'ज्ञ' .................... वर्णों के योग से बना है**

(a) ज् + ञ (b) ज + य
(c) ज् + य (d) ज + ञ

**KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)**

**उत्तर : (a) :** 'सर्वज्ञ' शब्द में संयुक्त व्यंजन 'ज्ञ' = ज् + ञ के योग से बना है।

**60. वर्ण और उच्चारण स्थान की दृष्टि से निम्नलिखित में असंगत युग्म है :**

(a) ह – कंठ्य (b) श – तालव्य
(c) ठ – मूर्धन्य (d) स – ओष्ठ्य

**KVS PRT 21-02-2023 (Shift-I)**

**उत्तर : (d) :** वर्ण और उच्चारण स्थान की दृष्टि से 'स-ओष्ठ्य' असंगत युग्म है। बल्कि 'स' वर्ण का उच्चारण स्थान 'दन्त्य' है। वर्ण और उच्चारण स्थान की दृष्टि से संगत युग्म निम्न प्रकार होंगे-

कंठ्य - क, ख, ग, घ, ङ, अ, आ, ह और विसर्ग
तालव्य - च, छ, ज, झ, ञ, इ, ई, य और श
मूर्धन्य - ट, ठ, ड़, ढ़, ण, ऋ, र और ष
दन्त्य - त, थ, द, ध, न, ल, स
ओष्ठम् - प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ

**61. सूची-I में चार वर्ण एवं सूची-II में उनके उच्चारण-स्थान दिए गए हैं। सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिएः**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) स | (i) मूर्धा |
| (b) ष | (ii) नासिका |
| (c) श | (iii) दाँत |
| (d) न | (iv) तालु |

**कूटः**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (d) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**CGPSC (Pre) 2021**

**उत्तर : (c):** प्रश्नानुसार स का उच्चारण दाँत से, ष का मूर्धा से, श का तालु से तथा न का उच्चारण नासिका से होता है।

| वर्णों का उच्चारण स्थान | |
|---|---|
| कंठ्य | क, ख, ग, घ, ङ, अ, आ |
| तालव्य | च, छ, ज, झ, ञ, य, श |
| मूर्द्धन्य | ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष |
| दंत्य | त, थ, द, ध, न, ल, स |
| ओष्ठ्य | प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ |
| नासिका | ङ, ञ, ण, न, म |
| कण्ठतालव्य | ए, ऐ |
| अन्तःस्थ | य, र, ल, व |
| ऊष्म | ह, श, ष, स |

**62. किस व्यंजन के उच्चारण में जिह्वा तालु से नहीं टकराती है?**

(a) ज (b) श

(c) च (d) घ

**VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)**

**उत्तर : (d) :** 'घ' व्यंजन के उच्चारण में जिह्वा तालु से नहीं टकराती है। 'घ' व्यंजन के वर्ण का उच्चारण स्थान 'कंठ्य' होगा।

**63. निम्नलिखित में से किस विकल्प में अनुनासिक का प्रयोग है?**

(a) शंकर, हिंदी

(b) अतः, प्रातः

(c) अं, अः

(d) चाँद, साँस

**VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)**

**उत्तर : (d) :** जिन वर्णों का उच्चारण मुख और नासिका दोनों से किया जाता है वे अनुनासिक वर्ण कहलाते हैं। अनुनासिक वर्णों के ऊपर चंद्रबिंदु लगाकर लिखा जाता है।
जैसे – चाँद, साँस, आँधी, ऊँट आदि।

**64. ओष्ठ्य वर्ण किस विकल्प में हैं?**

(a) क, ख, ग, घ

(b) अ, इ, ऋ, विसर्ग (ः)

(c) प, फ, ब, भ

(d) त, थ, द, ध

**VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)**
**DSSSB TGT - 15.09.2018**

**उत्तर : (c) :** जिन वर्णों का उच्चारण ओष्ठ अथवा ओठों की मदद से किया जाता है, ओष्ठ्य वर्ण कहलाते हैं। जैसे – प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ

**65. संयुक्ताक्षर व्यंजन निम्न में से कौन से हैं?**

(a) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (b) थ, फ, ब, भ

(c) श, ष, स, ह (d) य, र, ल, व

**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**

**उत्तर : (a) :** दिये गये व्यंजनों में से 'क्ष,त्र,ज्ञ,श्र' संयुक्ताक्षर व्यंजन हैं। संयुक्त व्यंजन दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल से बनते हैं।
जैसे - क्ष = क् + ष
त्र = त् + र
ज्ञ = ज् +ञ
श्र = श् + र

**66. निम्न में से कौन सा समूह सही नहीं हैं?**

(a) ओष्ठ्य – प, फ, ब, भ

(b) कंठ्य – क, ख, ग, घ

(c) मूर्द्धन्य – च, छ, ज, झ

(d) वर्त्स्य – न, ल, र, स

**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** दिये गये व्यंजन समूह 'मूर्द्धन्य - च,छ,ज,झ' सही नहीं हैं। व्यंजन समूह 'च,छ,ज,झ' तालव्य वर्ग में आता है। अन्य विकल्प सही हैं।

**67. कंठ से उत्पन्न होने वाले वर्ण हैं–**

(a) ड, ढ

(b) ग, घ

(c) ऋ, र

(d) च, छ

**High Court ARO 2021 (II)**
**VDO Re-Exam-26-06-2023 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) :** वर्णों का उच्चारण स्थान
**कण्ठ :–** क,ख,ग,घ,ड़,ह
**तालव्य :–** च,छ,ज,झ,ञ,य,श
**मूर्द्धन्य :–** ट,ठ,ड,ढ,ण,ऋ,र,ष

**68. इनमें से अमानक वर्णों का विकल्प कौन-सा है?**

(a) अ (b) भ्क

(c) र य (d) झ अ

**UPSI 13/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (b) :** दिये गये विकल्पों में अमानक वर्णों का विकल्प 'भ्क' है। हिंदी में बहुत से ऐसे वर्ण होते हैं जो कि वर्तमान में चलन में नहीं हैं अथवा हिंदी के मूल वर्णों में शामिल नहीं हैं। उदाहरण - भ्क,

**69. किसका उच्चारण स्थान 'दंत' है?**

(a) प (b) न

(c) ग (d) च

**UPSI 13/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b):** 'न' का उच्चारण स्थान 'दंत' है।

| वर्ण | - | उच्चारण स्थल |
|---|---|---|
| क वर्ग, अ, आ | - | कण्ठ। |
| च वर्ग, इ, ई | - | तालु। |
| ट वर्ग, ऋ | - | मूर्द्धा। |
| त वर्ग, | - | दन्त। |
| प वर्ग, उ, ऊ | - | ओष्ठ। |
| ए, ऐ | - | कण्ठ तालु। |
| ओ, औ | - | कण्ठोष्ठ्य। |

**70. निम्नलिखित में से किस व्यंजन का उच्चारण तालु से होता है?**

(a) ट (b) ग
(c) ज (d) म

**UPSI 13/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (c) :** 'ज' वर्ण का उच्चारण तालु से होता है।

| वर्ण | उच्चारण स्थल |
|---|---|
| अ, आ, क वर्ग ह | कंठ्य ध्वनि |
| इ, ई, च वर्ग, य, श | तालव्य ध्वनि |
| ऋ, ट वर्ग, ष, र | मूर्द्धन्य ध्वनि |
| त वर्ग, स, ल | दन्त्य ध्वनि |
| उ, ऊ, प वर्ग | ओष्ठ्य ध्वनि |

**71. निम्नलिखित में कौन-सा ऊष्म व्यंजन है?**

(a) फ (b) भ
(c) ढ (d) ह

**High Court ARO 2022**
**UPSI 13/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (d) :** 'ह' ऊष्म व्यंजन है। **ऊष्म व्यंजन–**जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय अथवा बोलते समय श्वास वायु, मुख के विभिन्न भागों में रगड़ खाती हुई ऊष्मा के साथ बाहर ध्वनि निकलती है, उन्हें ऊष्म व्यंजन कहते हैं। हिंदी भाषा में ऊष्म व्यंजन की कुल संख्या चार (श, ष, स, ह) है।

**72. इनमें से किसका उच्चारण-स्थान 'कंठ' है?**

(a) त (b) ग
(c) प (d) च

**UPSI 14/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) :** दिये गये विकल्पों में 'ग' का उच्चारण-स्थान 'कंठ' है। जबकि 'त', 'प', तथा 'च' का उच्चारण-स्थान क्रमशः 'दन्त्य', 'ओष्ठ्य' तथा 'तालव्य' है।

**73. तालव्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) ठ् (b) छ्
(c) झ् (d) थ्

**UPSI 20/11/2021 (Shift-III)**
**UPSI 14/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (c) :** दिये गये विकल्पों में तालव्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का सही उदाहरण 'झ' वर्ण है। शेष विकल्पों में दिये गये वर्णों का विवरण इस प्रकार है।
ठ् = मूर्द्धन्य, महाप्राण, अघोष व्यंजन वर्ण
छ् = तालव्य, महाप्राण, अघोष व्यंजन वर्ण
थ् = दन्त्य, महाप्राण, अघोष व्यंजन वर्ण

**74. कौन-सा वर्ण पंचमाक्षर है?**

(a) म (b) द
(c) ग (d) स

**UPSI 13/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (a) :** 'म' वर्ण पंचमाक्षर है। ब्राह्मी लिपि एवं उससे व्युत्पन्न अधिकांश लिपियों की वर्णमाला के प्रत्येक वर्ग के पाँचवें वर्णों के समूह को पंचमाक्षर कहते हैं। देवनागरी में ङ., ञ, ण, न, म पंचमाक्षर हैं।

**75. कंठ्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) ख् (b) क्
(c) ङ्. (d) ह्

**UP TGT - 2021**
**UPSI 20/11/2021 (Shift-I)**
**UPSI 22/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (d) :** 'ह' वर्ण कंठ्य, महाप्राण, घोष वर्ण का उदाहरण है शेष विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं-
'क्' → कण्ठ्य, अल्पप्राण, अघोष वर्ण
'ख्' → कण्ठ्य, महाप्राण, अघोष वर्ण
'ङ.' → कण्ठ्य, अल्पप्राण, घोष वर्ण

**76. मूर्द्धन्य अल्पप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) ठ् (b) ड्
(c) भ् (d) ध्

**UPSI 22/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) :** दिये गये विकल्पों में 'ड्' वर्ण मूर्द्धन्य, अल्पप्राण, घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण है। शेष दिये गये वर्णों के विवरण इस प्रकार हैं।
'ठ' → मूर्द्धन्य महाप्राण अघोष व्यंजन वर्ण।
'भ्' → ओष्ठ्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण।
'ध्' → दन्त्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण।

**77. ओष्ठ्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) व् (b) भ्
(c) फ् (d) ठ्

**UPSI 22/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) :** दिये गये विकल्पों में 'भ्' वर्ण ओष्ठ्य, महाप्राण, घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण है। अन्य विकल्पों में दिये गये वर्णों के विवरण इस प्रकार हैं-
'व्' → दंतोष्ठ्य अल्पप्राण घोष वर्ण
'फ्'→ ओष्ठ्य महाप्राण अघोष वर्ण
'ठ्'→ मूर्द्धन्य महाप्राण अघोष वर्ण

**78. मूर्द्धन्य अल्पप्राण अघोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) च् (b) ट्
(c) ठ् (d) ढ्

**UPSI 01/12/2021 (Shift-III)**
**UPSI 23/11/2021 (Shift-I)**
**UPSI 21/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b):** जिन वर्णों के उच्चारण में जिह्वा का अग्रभाग कठोर तालु के अग्र भाग से टकराता है, मूर्द्धन्य वर्ण कहलाते हैं।
**जैसे**– ट, ठ, ड, ढ़, ण, ड़, ष आदि।
**अल्पप्राण–**प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण अल्पप्राण व्यंजन हैं। **जैसे**– क, ङ, ट, ड, ञ आदि (य, र, ल, व) अल्पप्राण है।
**अघोष वर्ण–**क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प, फ वर्गों के पहले व दूसरे वर्ण तथा श, ष, स अघोष वर्ण होते हैं।

**79. इनमें से कौन-सा व्यञ्जन 'ऊष्म' है?**
(a) ज (b) ष
(c) प (d) व
**UPSI 21/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (b) :** ष, ऊष्म व्यञ्जन है।

| उच्चारण स्थल | | वर्ण |
|---|---|---|
| कंठ | – | अ, आ, क वर्ग, ह, अः |
| तालु | – | इ, ई, च वर्ग, य, श |
| मूर्द्धा | – | ट वर्ग, र |
| दन्त | – | त वर्ग, ल, स |
| ओष्ठ | – | उ, ऊ, प वर्ग |
| कंठतालु | – | ए, ऐ |
| कण्ठोष्ठ्य | – | ओ, औ |
| दन्त्योष्ठय | – | व |

**80. घ्, ग्, ड्, ठ्, त् - इनमें कितने अघोष व्यंजन हैं?**
(a) 1 (b) 4
(c) 2 (d) 3
**UPSI 20/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (c) :** घ्, ग्, ड्, ठ्, त् वर्ण में दो अघोष व्यंजन हैं। इसमें त् , ठ, अघोष हैं। जिन वर्णों का उच्चारण करते समय स्वर तंत्रियों में कंपन होता है उन्हें घोष या सघोष वर्ण कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ वर्ण, सभी स्वर, य र ल व एवं ह सघोष वर्ण हैं। जिन वर्णों के उच्चारण करते समय स्वर तंत्रियों में कंपन नहीं होता अघोष वर्ण होते हैं। प्रत्येक वर्ग का पहला एवं दूसरा वर्ण तथा श, ष, स अघोष वर्ण हैं।

**81. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजन अघोष है ?**
(a) ख (b) ग
(c) ज (d) घ
**UPSI 20/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (a) :** 'ख' व्यंजन अघोष है। जब किसी व्यंजन के उच्चारण में स्वर तंत्र में कंपन उत्पन्न हो वह सघोष वर्ण तथा जहाँ पर कंपन न हो वह अघोष वर्ण होते हैं। अघोष व्यंजनों की कुल संख्या 13 है। प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ वर्ण, सभी स्वर , य, र, ल, व, ह सघोष वर्ण हैं। प्रत्येक वर्ग का प्रथम, द्वितीय वर्ण अघोष वर्ण है।

**82. हिंदी वर्णमाला में व्यंजन वर्णों की संख्या कितनी है?**
(a) 25 (b) 29
(c) 33 (d) 31
**High Court RO 2021**
**UPSI 16/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (c) :** हिंदी वर्णमाला में 33 व्यंजन वर्ण हैं। स्वर (11) अयोगवाह (2) द्विगुण-(2) तथा संयुक्त व्यंजन (4) होते हैं।

**83. 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है?**
(a) ज् + ञ (b) ज + न्य
(c) ज + ञ (d) ज + ध
**UPASI 04/12/2021 (Shift-I)**
**UPSI 15/11/2021 (Shift-II)**
**जूनियर इंजीनियर-2015**

**उत्तर : (a) :** 'ज्ञ' वर्ण ज् + ञ के संयोग से बना है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 4 संयुक्त व्यंजन हैं।
क्ष = क् + ष
त्र = त् + र
ज्ञ = ज् + ञ
श्र = श् + र

**84. जिस स्वर के उच्चारण में दो मात्राएँ लगती हैं, उसे क्या कहते हैं?**
(a) संयुक्त स्वर (b) मूल स्वर
(c) गुरु स्वर (d) लघु स्वर
**UPSI 15/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (c) :** जिस स्वर के उच्चारण में दो मात्राएं लगती हैं उसे गुरु स्वर (s) तथा एक मात्रा (1) को ह्रस्व स्वर (लघुस्वर) कहते हैं।

**85. स्पर्श वर्णों की संख्या कितनी है?**
(a) 11 (b) 14
(c) 3 (d) 25
**UPSI 14/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (d) :** हिन्दी वर्णमाला को ऐसे वर्ण जिनका उच्चारण करते समय मुख के किन्हीं दो भागों का स्पर्श हो जाता है और अन्दर से होने वाले वायु प्रवाह का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, स्पर्श वर्ण कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में इनकी संख्या 25 मानी जाती है।

**86. तालव्य महाप्राण अघोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**
(a) ठ् (b) छ्
(c) थ् (d) झ्
**UPSI 23/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) :** ' छ् ' वर्ण तालव्य महाप्राण अघोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण है।
ठ् = मूर्द्धन्य महाप्राण अघोष व्यंजन ।
थ् = दन्त महाप्राण अघोष व्यंजन ।
झ् = तालव्य महाप्राण सघोष व्यंजन ।

**87. 'श' का उच्चारण स्थान इनमें से कौन-सा है?**
(a) दंत (b) मूर्धा
(c) कंठ (d) तालु
**UP TET 2021 Re. Exam**
**High Court ARO 2021 (I)**
**UP SI 01.122021 (Shift-I)**
**UPSI 25/11/2021 (Shift-II)**
**CGPSC (Pre) 2020**
**UP Police Exam 16/06/2018 (Shift-II)**
**UP B.ED Exam 2012**

**उत्तर : (d) :** 'श' का उच्चरण स्थान तालु है।

| वर्ण- | | उच्चारण स्थान |
|---|---|---|
| अ,आ, क वर्ग | - | कंठ्य |
| इ,ई,च वर्ग,श,य | - | तालव्य |
| ट वर्ग, ष, र | - | मूर्द्धन्य |
| त वर्ग, ल,स | - | दन्त्य |
| व वर्ण, | - | दन्तोष्ठ्य |
| ए, ऐ | - | कंठ्य तालव्य |

**88. इनमें से कौन-से व्यंजन 'अंतःस्थ व्यंजन' हैं?**

(a) य र ल व (b) क ख ग घ

(c) क्ष त्र ज्ञ श्र (d) प फ ब भ

**UP PGT 2021**
**NVS TGT 18.09.2019**
**UPSI 25/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (a) :** य, र, ल, व व्यंजन 'अंतःस्थ व्यंजन' हैं। अंतः करण के माध्यम से उच्चारण होने वाले व्यंजनों को अंतःस्थ व्यंजन कहा जाता है। ऐसे वर्ण जिनको जीभ और होठों के परस्पर सटने से बोला जाता है, लेकिन कहीं पर भी दोनों पूरी तरह से स्पर्श नहीं होते हैं।

**89. इनमें से किन वर्णों को व्यंजन कहा जाता है?**

(a) जिनका उच्चारण स्वरों के वर्णों की सहायता से किया जा सके

(b) जो बलाघात हो

(c) जिनका उच्चारण सम्भव नहीं

(d) जो कठिनता से उच्चारित हो

**UPSI 25/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (a) :** जिन वर्णों का उच्चारण स्वर की सहायता से किया जाये उसे व्यंजन कहा जाता है। स्वर उन वर्णों को कहते हैं जिनका उच्चारण बिना किसी अवरोध तथा बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता से होता है। स्वरों की संख्या 11तथा व्यंजनों की संख्या 41 है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 52 वर्ण होते हैं।

**90. ओष्ठ्य अल्पप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) फ् (b) ब्

(c) प् (d) व्

**UPSI 25/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्प में 'ब्' व्यंजन वर्ण ओष्ठ्य अल्पप्राण घोष व्यंजन है। अन्य विकल्प–

(a) 'फ' ओष्ठ्य, स्पर्श, अघोष, महाप्राण

(b) 'प' ओष्ठ्य, स्पर्श, अघोष, अल्पप्राण

(c) 'व' दंत्योष्ठ्य, सघोष, अन्तःस्थ, अल्पप्राण

**91. कंठ्य अल्पप्राण व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) ग् (b) फ्

(c) थ् (d) घ्

**UPSI 16/11/2021 (Shift-II)**
**UPSI 24/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (a)** 'ग्' कंठ्य अल्पप्राण व्यंजन वर्ण का उदाहरण है। व्यंजन कंठ, तालु, मूर्द्धा, दंत और ओष्ठ स्थानों के स्पर्श से बोले जाते हैं। इसी से इन्हें स्पर्श व्यंजन कहते हैं, इन्हें हम 'वर्गीय' व्यंजन भी कहते हैं। उच्चारण स्थान की अलग-अलग एकता के लिए हुए वर्गों में विभक्त है।

**जैसे-**
**क वर्ग-** क,ख,ग,घ, ङ.-(कंठ से)
**च वर्ग-** च,छ,ज,झ,ञ- (तालु से)
**ट वर्ग-** ट,ठ,ड,ढ,ण- (मूर्द्धा से)
**त वर्ग-** त,थ,द,ध,न- (दंत से)
**प वर्ग-** प,फ,ब,भ,म- (ओष्ठ से)
} स्पर्श व्यंजन

**अंतःस्थ व्यंजन-** य,र,ल,व- इनका उच्चारण जीभ, तालु, दाँत और ओठों के परस्पर सटने से होता है। अंतःस्थ व्यंजन अर्द्धस्वर कहलाते हैं।

**ऊष्म व्यंजन-** श,ष,स, ह ऊष्म व्यंजन होते हैं इनका उच्चारण रगड़ या घर्षण से उत्पन्न ऊष्म वायु से होता है।

**Note:-** प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा, पाँचवाँ वर्ण अल्पप्राण कहलाता है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा वर्ण महाप्राण कहलाता है

**92. इनमें से कौन-सा व्यंजन 'दन्त्य ध्वनि' है?**

(a) छ (b) त

(c) प (d) क

**UP TET 2019**
**UPSI 30/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) :** 'त' व्यंजन 'दन्त्य ध्वनि' है।
कंठ ध्वनि- अ, आ, क वर्ग।
तालव्य ध्वनि- इ,ई, च वर्ग, श, य।
मूर्द्धन्य ध्वनि- ट वर्ग, ष, र
दन्त्य ध्वनि- त वर्ग, ल, स।
ओष्ठ ध्वनि- प वर्ग, उ, ऊ।
अनुनासिक ध्वनि- ङ, ञ, ण, न, म।
दंत्योष्ठ्य ध्वनि- व।
कंठोष्ठ्य ध्वनि- ओ, औ।

**93. 'ट' वर्ग में किस प्रकार के व्यंजन हैं?**

(a) कंठ्य (b) तालव्य

(c) मूर्द्धन्य (d) दन्त्य

**UPSI 30/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (c) :** 'ट' वर्ग मूर्द्धन्य प्रकार का व्यंजन है। मूर्धा से उच्चारित होने वाले व्यंजनों को मूर्द्धन्य व्यंजन कहते हैं। मूर्द्धन्य व्यंजन में ट, ठ, ड, ढ़, र, ड़, ण शामिल हैं।

**94. कौन-सा वर्ण उच्चारण की दृष्टि से दंत्य नहीं है?**

(a) न (b) त

(c) ट (d) द

**UPSI 30/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (c) :**

| वर्ण | | उच्चारण स्थान |
|---|---|---|
| अ, आ, क वर्ग | - | कण्ठ |
| इ, ई, च वर्ग, य, श | - | तालु |
| ऋ, ट वर्ग, र, ष | - | मूर्द्धा |
| त वर्ग, ल, स | - | दन्त |
| उ, ऊ, प वर्ग | - | ओष्ठ |
| अं, ङ, ञ, ण, न, म | - | अनुनासिक |

**95. दंत्य-वर्त्स्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) छ् (b) ध्

(c) थ् (d) ठ्

**UPSI 28/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) :** 'ध्' वर्ण दंत्य-वर्त्स्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण है। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवाँ वर्ण 'अल्पप्राण व्यंजन' होता है। **जैसे** - क, ग, ङ, च, ज, ञ, ट, ड, ण, त, द, न , प, ब, म। प्रत्येक वर्ण का दूसरा और चौथा वर्ण तथा समस्त ऊष्म वर्ण महाप्राण हैं। **जैसे** - ख,घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ और श, ष, स, ह।

96. दंत्य-वत्र्स्य अल्पप्राण अघोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?
(a) च्  (b) ट्
(c) ठ्  (d) त्
**UPSI 27/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (d) :** दंत्य-वत्र्स्य अल्पप्राण अघोष वर्ण का उदाहरण 'त' है।

97. ग्,ज्,छ्,च्,ट्- इनमें तालव्य महाप्राण घोष वर्ण कितने हैं?
(a) 0  (b) 3
(c) 1  (d) 2
**UPSI 27/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (a) :** ग्,ज्,छ्,च्,ट् इनमें तालव्य महाप्राण घोष वर्ण एक भी नहीं है।
**तालव्य** - इ, च, छ, ज, झ, अ, य, श (इचुयशानाम् तालु)
**महाप्राण** - प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा वर्ण तथा समस्त ऊष्म वर्ण
**घोष वर्ण** - प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवां वर्ण, सभी स्वर य, र, ल, व, ह

98. मूर्द्धन्य ह्रस्व स्वर का उदाहरण कौन-सा है?
(a) ऋ  (b) ए
(c) उ  (d) इ
**UPSI 27/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (a) :** मूर्द्धन्य ह्रस्व स्वर का उदाहरण 'ऋ' है। ह्रस्व स्वर-जिन स्वरों के उच्चारण में कम से कम समय लगता है उन्हें ह्रस्व स्वर कहते हैं। ये चार हैं-अ,इ,उ,ऋ।

99. 'छ' ध्वनि का उच्चारण स्थान कौन-सा होगा?
(a) ओष्ठ्य  (b) तालव्य
(c) वत्र्स्य  (d) दन्त्य
**UP HESC Assitant Professor 2021**
**UP TGT 2016**
**UPSI 02/12/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (b) :** 'छ' वर्ण/ध्वनि का उच्चारण स्थान 'तालव्य' है। 'छ' ध्वनि अघोष एवं महाप्राण ध्वनि है। ध्वनियों का उच्चारण स्थान है–
तालव्य- इ, ई, च वर्ग, य और श
दन्त्य- त वर्ग, ल, स।
ओष्ठ्य- उ, ऊ, प वर्ग।
वत्र्स्य- न, र, ल, स।

100. कौन-सा तालव्य वर्ण नहीं है?
(a) श्  (b) ञ्
(c) च्  (d) स्
**UPASI 05/12/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (d)** 'स्' वर्ण तालव्य वर्ण नहीं है। तालव्य वर्ण के अन्तर्गत इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य, श वर्ण आते हैं। स दन्त वर्ण है।

101. 'च' वर्ग में महाप्राण व्यंजन वर्ण कितने हैं?
(a) 2  (b) 1
(c) 4  (d) 3
**UPASI 05/12/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (a) :** जिन व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण में श्वास बल अधिक लगता है उन्हें महाप्राण व्यंजन कहा जाता है। प्रत्येक वर्ग का द्वितीय व चतुर्थ वर्ण महाप्राण होता है। 'च' वर्ग में छ, झ महाप्राण एवं च, ज,ञ अल्पप्राण हैं।

102. इनमें से कौन-सा वर्ण अघोष महाप्राण है?
(a) झ्  (b) च्
(c) त्  (d) ख्
**UP PGT 2021**
**UPASI 05/12/2021 (Shift-I)**

| उत्तर : (d) : वर्ण व्यंजन | – | उच्चारण स्थान |
|---|---|---|
| 'ख' | – | अघोष महाप्राण |
| 'झ' | – | सघोष महाप्राण |
| 'च' | – | अघोष अल्पप्राण |
| 'र' | – | सघोष अल्पप्राण |

103. 'क' वर्ग में घोष व्यंजन वर्ण कितने हैं?
(a) 2  (b) 3
(c) 4  (d) 1
**UPASI 05/12/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b)** 'क' वर्ग में तीन (ग, घ, ङ) घोष व्यंजन वर्ण होते हैं।
**घोष व्यंजन–**जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कंपन हो (प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवाँ व्यंजन) घोष/सघोष व्यंजन कहलाते हैं।

104. मूर्द्धन्य – अल्पप्राण व्यंजन कौन-सा है?
(a) ढ्  (b) ड्
(c) म्  (d) च्
**UPASI 04/12/2021 (Shift-II)**

**Ans. (b):** मूर्द्धन्य अल्पप्राण व्यंजन 'ड्' होता है।
'म्' ओष्ठ्य अल्पप्राण व्यंजन है।
'च्' तालव्य अल्पप्राण व्यंजन है।

105. इनमें से कौन-सा व्यंजन 'संयुक्त व्यंजन' का उदाहरण है?
(a) ड  (b) झ
(c) ढ  (d) क्ष
**UPSI 02/12/2021 (Shift-I)**
**UP B.Ed Exam 2010**
**UK PSC AE 2012**

**Ans. (d) :** विकल्प (d) में दिया गया 'क्ष' व्यंजन 'संयुक्त व्यंजन' का उदाहरण है।
'क्ष' – क् + ष
शेष विकल्पों में दिये गये व्यंजन 'ड', 'झ' तथा 'ढ' स्पर्शी व्यंजन के उदाहरण हैं।
'दो या दो से अधिक व्यंजन वर्णों के योग से बने व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।'
हिंदी वर्णमाला में संयुक्त व्यंजनों की संख्या 4 मानी गयी है।
(क्ष, त्र, ज्ञ, श्र)

| व्यंजन | | संयुक्त व्यंजन |
|---|---|---|
| 'क्ष' | – | क् + ष |
| 'त्र' | – | त् + र |
| 'ज्ञ' | – | ज् + ञ |
| 'श्र' | – | श् + र |

106. इनमें से किसका उच्चारण स्थान 'ओष्ठ' है?
(a) ग  (b) त
(c) च  (d) प
**UPSI 02/12/2021 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्प में 'प' वर्ण का उच्चारण स्थान 'ओष्ठ' है। शेष विकल्पों में दिये गये वर्णों के उच्चारण स्थान का विवरण इस प्रकार है–

| वर्ण | | उच्चारण स्थान |
|---|---|---|
| 'ग' | – | कण्ठ्य |
| 'त' | – | दन्त्य |
| 'च' | – | तालव्य |

**107. अन्तःस्थ और ऊष्म वर्ण कितने हैं?**

(a) 6 (b) 8
(c) 9 (d) 7

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 Shift II**

**उत्तर (b) :** अन्तःस्थ व ऊष्म वर्णों की कुल संख्या 8 है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 52 ध्वनियाँ हैं, जिनमें से 4 अन्तःस्थ व्यंजन तथा 4 ऊष्म व्यंजन हैं। य, र, ल, व वर्ण अन्तःस्थ व्यंजन तथा श, ष, स, ह ऊष्म व्यंजन कहलाते हैं।

**108. हिंदी वर्णमाला के अनुसार पंचमाक्षरों की संख्या कितनी है?**

(a) चार (b) पाँच
(c) छह (d) तीन

**[UKPSC AE 2013]**

**उत्तर. (b) :** हिन्दी वर्णमाला में पंचामाक्षरों की संख्या **पाँच** है -ङ, ञ, ण, न, म। इनकी गणना 'अनुनासिक व्यंजनों' में होती है।

**109. स्वर तंत्रियों के आधार पर व्यंजनों को कितने वर्गों में बाँटा गया है?**

(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**

**उत्तर : (b)** स्वर तंत्रियों के आधार पर व्यंजनों को दो वर्गों में बाँटा गया हैः- सघोष तथा अघोष।
नाद की दृष्टि से जिन व्यंजन वर्णों के उच्चारण में स्वर तंत्रियाँ झंकृत होती हैं, वे 'सघोष' और जिनमें यह झंकृति नहीं होती वे 'अघोष' व्यंजन कहलाते हैं। सघोष में नाद का प्रयोग होता है और अघोष में श्वास का उपयोग होता है। वर्गीय व्यंजन का पहला तथा दूसरा वर्ण, श, ष, स अघोष होते हैं, जबकि वर्गीय व्यंजन का तीसरा चौथा और पाँचवाँ तथा य, र, ल, व, ह तथा स्वर सघोष/घोष ध्वनि होते हैं।

**110. प्रत्येक वर्ग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ण किस प्रकार के हैं?**

(a) नाद (b) अघोष
(c) घोष
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**

**उत्तर : (b) :** प्रत्येक वर्ग का प्रथम एवं द्वितीय वर्ण अघोष वर्ण है। अघोष वर्ण निम्न हैं- क,ख,च,छ,ट,ठ,त,थ,प,फ तथा श,ष,स।

**111. ख और घ ध्वनि किस प्रकार की है?**

(a) नाद
(b) अल्पप्राण
(c) महाप्राण
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**

**उत्तर : (c) :** ख और घ ध्वनि महाप्राण ध्वनि है। वर्ग का दूसरा चौथा वर्ण तथा श, ष, स, ह महाप्राण ध्वनियाँ कहलाती हैं।

**112. नीचे दी गई तालिका में अशुद्ध मेल कौन-सा है?**

| | वर्ण | प्राणतत्व की मात्रा के आधार पर | श्वास कम्पन के आधार पर | उच्चारण स्थान के आधार पर |
|---|---|---|---|---|
| (a) | ड | सघोष | अल्पप्राण | मूर्द्धा |
| (b) | क | अघोष | अल्पप्राण | कण्ठ |
| (c) | ध | सघोष | महाप्राण | ओष्ठ |
| (d) | छ | अघोष | महाप्राण | तालु |

**कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023**

**Ans. (c) :** ज्ञातव्य है कि 'ध' वर्ण का उच्चारण स्थान ओष्ठ न हो कर दन्त्य है। अतः विकल्प (c) अशुद्ध मेल है।

**113. एक से अधिक वर्णो के मेल को कहते हैं –**

(a) अक्षर (b) स्वर
(c) व्यंजन (d) अनुस्वार

**UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift II**

**उत्तर : (a)** एक से अधिक वर्णों के मेल को 'अक्षर' कहते हैं अर्थात् व्यंजन एवं स्वरों के मेल को अक्षर कहते हैं। जैसे– क्+अ = क, ख् + अ = ख, क् + ओ = को, द् + उ = दु आदि सभी अक्षर हैं।

**114. कौन ऊष्म व्यंजन नहीं है?**

(a) श (b) ष
(c) ग (d) स

**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**

**उत्तर (c)** दिये गये वर्णों में से 'ग' ऊष्म व्यंजन नहीं है। यह एक स्पर्श व्यंजन है, जिसका उच्चारण स्थान कण्ठ्य है। शेष वर्ण ऊष्म व्यंजन हैं। ऊष्म व्यंजन श, ष, स, ह होता है।

**115. निम्नांकित में से कण्ठ्य ध्वनियाँ हैं–**

(a) प, फ, ब, भ (b) य, र, ल, व
(c) क, ख, ग, घ (d) च, छ, ज, झ

**[UKPSC AE 2013]**
**UP B.Ed. Exam 2010**

**उत्तर. (c) :** क, ख, ग, घ कंठ्य ध्वनियाँ हैं। अन्य ध्वनियाँ इस प्रकार हैं-

| वर्ण | विशेषताएँ |
|---|---|
| प, फ, ब, भ – | ओष्ठ ध्वनियाँ |
| य, र, ल, व – | अंतःस्थ ध्वनियाँ |
| च, छ, ज, झ – | तालव्य ध्वनियाँ |

116. **निम्नलिखित में से एक कंठ्य ध्वनि है –**

(a) ग (b) त
(c) प (d) च

**[UPPSC AE 2013]**

**उत्तर. (a) :** दिये गये वर्णों में '**ग वर्ण**' कंठ्य ध्वनि है।

| **वर्ण** | | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|---|
| क वर्ग (क, ख, ग, घ, ङ) | - | कंठ |
| च वर्ग (च, छ, ज, झ, ञ) | - | तालु |
| ट वर्ग (ट, ठ, ड, ढ, ण) | - | मूर्द्धा |
| त वर्ग (त, थ, द, ध, न) | - | दंत |
| प वर्ग (प, फ, ब, भ, म) | - | ओष्ठ |

117. **'य' का उच्चारण स्थान है–**

(a) ओष्ठ्य (b) दाँत
(c) मूर्धा (d) तालु

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (d) :** 'य' वर्ण का उच्चारण स्थान 'तालु' है। य, व, र, ल 'अन्तःस्थ' वर्ण हैं।

118. **हिन्दी की तालव्य ध्वनियाँ हैं–**

(a) च, छ, ज, झ (b) प, फ, ब, भ
(c) त, थ, द, ध (d) ट, ठ, ड, ढ

**UP SI 28.11.2021 (Shift-III)**
**UP B.Ed. Exam 2009**
**UP B.Ed. Exam 2010**
**UP B.Ed. Exam 2013**
**UP SSSC Lower II Re Exam 2016**
**UPSI Batch - III 14 Dec.2017**
**UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift**

**उत्तर (a) :** हिन्दी की तालव्य ध्वनियां हैं – च, छ, ज, झ और त, थ, द, ध दंत्य ध्वनि, ट, ठ, ड, ढ मूर्धन्य ध्वनि तथा प, फ, ब, भ, म ओष्ठ्य ध्वनियाँ हैं।

119. **किस व्यंजन का उच्चारण स्थान तालव्य है?**

(a) ग (b) झ
(c) न (d) म

**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**
**[UPCSA 2019]**
**[UKPSC AE 2012]**

**उत्तर : (b)** प्रश्नगत विकल्पों में से 'झ' व्यंजन का उच्चारण स्थान तालव्य है। वस्तुतः 'च' वर्ग के सभी स्पर्श व्यंजनों का उच्चारण स्थान तालव्य है। अन्य व्यंजनों के उच्चारण स्थान निम्नवत् हैं–

| **व्यंजन** | | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|---|
| ('क' वर्ग,) अ, आ, ह | – | कण्ठ्य |
| ('च' वर्ग,) इ, ई, य, श | – | तालु |
| ('ट' वर्ग,) ऋ, र, ष | – | मूर्द्धन्य |
| ('त' वर्ग,) ल, स | – | दन्त्य |
| ('प' वर्ग,) उ, ऊ | – | ओष्ठ्य |
| ए, ऐ | – | कण्ठतालव्य |
| ओ, औ | – | कण्ठोष्ठ्य |
| व | – | दन्तोष्ठ्य |

120. **निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण दंत्य नहीं है?**

(a) त (b) द
(c) ल (d) य

**[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]**
**RRB Exam 2012**

**उत्तर. (d) :** 'य' वर्ण दन्त्य नहीं है बल्कि इसका उच्चारण स्थान तालव्य है। जिन वर्णों का उच्चारण दाँत की सहायता से होता है, उन्हें दन्त्य वर्ण कहते हैं, जैसे- त, थ, द, ध, न, ल, स।

121. **'टवर्ग' उच्चारण की दृष्टि से किस प्रकार की ध्वनि है?**

(a) कण्ठ्य (b) तालव्य
(c) मूर्धन्य (d) दन्त्य

**[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]**

**उत्तर. (c) :** 'टवर्ग' उच्चारण की दृष्टि से 'मूर्धन्य' ध्वनि है।

| **वर्ग** | **वर्ण** | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|---|
| क वर्ग | – क, ख, ग, घ, ङ | कण्ठ्य |
| च वर्ग | – च, छ, ज, झ, ञ | तालव्य |
| त वर्ग | – त, थ, द, ध, न | दन्त्य |

122. **'ष' का उच्चारण स्थान है–**

(a) तालु (b) कंठ
(c) मूर्द्धा (d) दन्त

**High Court 2021(II)**
**[UKPSC AE 2013]**

**उत्तर : (c)** 'ष' का उच्चारण स्थान **मूर्द्धा** है। अन्य उच्चारण स्थान से सम्बन्धित वर्ण इस प्रकार हैं-

| **उच्चरण स्थान** | **वर्ण** |
|---|---|
| कंठ्य | - अ, आ, क, ख, ग, घ, ङ, ह, विसर्ग (ः) |
| तालु | - श, च, छ, ज, झ, ञ, य, इ, ई |
| मूर्द्धा | - ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष |
| दन्त्य | - ल, त, थ, द, ध, न, स |

123. **"'ढ' वर्ण का उच्चारण स्थान है ________ और वर्ग है का ________ है।" रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें।**

(a) त वर्ग, चौथा (b) ट वर्ग, चौथा
(c) ट वर्ग, तीसरा (d) ट वर्ग, दूसरा

**High Court ARO 2021 (I)**
**UPSSSC Stenographer 10/03/2019**
**UPPCL ARO 2018**
**UPP Constable 19/06/2018 (Shift-I)**
**UPSI Batch - III 22 Dec.2017**

**उत्तर (b) :** 'ढ' वर्ण का उच्चारण स्थान '**मूर्द्धा**' है। यह ट वर्ग का '**चौथा**' वर्ण है।

124. **निम्नलिखित में से दंत्य ध्वनि है–**

(a) क (b) छ
(c) त (d) प

**UPSI 25/11/2021 (Shift-III)**
**UPPSC AE 13.12.2020**
**[UKPSC AE 2013]**
**RRB Exam 2010**
**UP B.Ed. Exam 2009**
**UP B.Ed Exam 2017**

**उत्तर (c)** उपर्युक्त विकल्पों में 'त' दंत्य ध्वनि है। अन्य दंत्य ध्वनियाँ- त वर्ग के वर्ण तथा स हैं। 'क' कण्ठ्य ध्वनि, 'छ' तालव्य ध्वनि तथा 'प' ओष्ठ्य ध्वनि है।

**125. 'ल' और 'स' का उच्चारण किस स्थान से होता है?**

(a) कंठय (b) दंत्य
(c) ओष्ठ्य (d) तालव्य

**[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]**

**उत्तर : (b)** 'ल' और 'स' का उच्चारण स्थान 'दंत्य' है। हिन्दी वर्णमाला के वर्णों के उच्चारण स्थान से संबंधित विवरण निम्नलिखित हैं-

| **उच्चारण स्थान** | **वर्ण** |
|---|---|
| कंठ | अ, आ, 'क' वर्ग के वर्ण, ह और विसर्ग |
| तालु | इ, ई, 'च' वर्ग के वर्ण, य तथा श |
| मूर्धा | ऋ, 'ट' वर्ग के वर्ण, र और ष |
| दन्त्य | 'त' वर्ग के वर्ण, ल और स |
| ओष्ठ्य | उ, ऊ, 'प' वर्ग के वर्ण |
| कंठ-तालु | ए, ऐ |
| कंठ-ओष्ठ | ओ, औ |
| दंत-ओष्ठ | व |

**126. उच्चारण स्थान की दृष्टि से कौन–सा विकल्प शुद्ध है?**

(a) श – मूर्धन्य (b) स – दन्त्य
(c) च – कंठ्य (d) ष – तालव्य

**[CTET (I-V) 08.01.2019]**

**उत्तर : (b)** 'स-दन्त्य' उच्चारण स्थान की दृष्टि से शुद्ध विकल्प है।
**कण्ठ्य वर्ण –** अ, आ, क वर्ग, ह, विसर्ग
**तालव्य वर्ण –** इ, ई, च वर्ग, श, य
**मूर्धन्य वर्ण –** ऋ, ट वर्ग, र, ष
**दन्त्य वर्ण –** त वर्ग, ल, स।

**127. दाँत और जीभ के स्पर्श से बोले जाने वाले वर्ण को क्या कहते हैं?**

(a) मूर्द्धन्य (b) दन्त्य
(c) दंतोष्ठ्य (d) कंठोष्ठ्य

**UP TET - 2019**
**[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]**
**[UPTET (I-V) 18.11.2018]**

**उत्तर : (b) :** दाँत और जीभ के स्पर्श से बोले वर्ण को 'दन्त्य वर्ण' कहते हैं। त, थ, द, ध, न दन्त्य वर्ण हैं। शेष विवरण निम्नलिखित हैं–

| | |
|---|---|
| दंतोष्ठ्य – | व |
| कंठोष्ठ्य – | ओ, औ |
| मूर्धन्य – | ऋ, ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष |

**128. प, फ, ब, भ, म......... व्यंजन होते हैं।**

(a) दंत्य (b) ओष्ठ्य
(c) तालव्य (d) कंठ्य

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (b)** प, फ, ब, भ, म **ओष्ठ्य व्यंजन** हैं।
**दंत्य व्यंजन –**त, थ, द, ध, न
**तालव्य व्यंजन –**च, छ, ज, झ,ञ
**कण्ठ्य व्यंजन** – क,ख, ग, घ, ङ।

**129. निम्नलिखित में कौन-सा वर्ण अंतःस्थ नहीं है?**

(a) य (b) ब
(c) र (d) ल

**[UKPSC AE 2013]**

**उत्तर : (b)** दिये गये वर्णों में **ब** अंतःस्थ वर्ण नहीं है। शेष सभी वर्ण अंतःस्थ वर्ण हैं। अन्य वर्ण व उच्चारण स्थान है-

| **उच्चारण स्थान** | **वर्ण** |
|---|---|
| अंतःस्थ वर्ण - | य, र, ल, व |
| ओष्ठ वर्ण - | प, फ, ब, भ, म |
| ऊष्म वर्ण – | श, ष, स, ह |

**130. हिन्दी वर्णमाला की 'ब' ध्वनि है–**

(a) ओष्ठ्य (b) दन्त्य
(c) तालव्य (d) मूर्धन्य

**UPSI 02/12/2021 (Shift-II)**
**[UPPSC AE 2011]**
**UP B.Ed Exam-2007**

**उत्तर: (a)** हिन्दी वर्णमाला की 'ब' ध्वनि **ओष्ठ्य** है। हिन्दी वर्णमाला की ध्वनि इस प्रकार है-

| **ध्वनि** | **वर्णमाला** |
|---|---|
| ओष्ठ्य | प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ, |
| दन्त्य | त, थ, द, ध, न, ल, स |
| तालव्य | च, छ, ज, झ, ञ, इ, ई, य, श |
| मूर्धन्य | ट, ठ, ड, ढ, ण, ऋ, र, ष |
| कंठोष्ठ्य | ओ, औ |

**131. निम्नलिखित में से एक ओष्ठ्य ध्वनि है–**

(a) भ (b) छ
(c) न (d) र

**[UPPSC AE 2013]**

**उत्तर : (a)** दिये वर्णों में **'भ'** ओष्ठ्य ध्वनि है। हिन्दी वर्णमाला में उ, ऊ और 'प' वर्ग का उच्चारण स्थान ओष्ठ्य है। 'छ' का उच्चारण स्थान 'तालु' है, 'न' का उच्चारण स्थान दंत्य है तथा 'र' का उच्चारण स्थान मूर्धन्य है।

**132.इनमें से कौन सा वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं है?**

(a) क (b) च
(c) ट (d) य

**UP B.Ed. Exam 2013**

**उत्तर : (d)** 'य' वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं बल्कि अंतःस्थ व्यंजन है। शेष सभी स्पर्श व्यंजन ध्वनियाँ हैं। अन्तःस्थ व्यंजन य, व, र, ल होता है।

**133. निम्न में संयुक्त व्यंजन कौन-सा नहीं है?**

(a) य (b) क्ष
(c) त्र (d) ज्ञ

**[UPTET (I-V) 18.11.2018]**

**उत्तर : (a)** दिये गये व्यंजनों में 'य' संयुक्त व्यंजन नहीं अपितु अन्तःस्थ व्यंजन है। संयुक्त व्यंजन क्ष, त्र, ज्ञ, श्र हैं। अंतःस्थ व्यंजन य, व, र, ल होते हैं।

**134. निम्न में अन्तःस्थ व्यंजन कौन सा है?**

(a) ग (b) ज
(c) व (d) स

**UP TET - 2021 V-VIII**
**High Court ART - 2021(I)**
**High Court 2021 (II)**
**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**
**UPP, 2017**
**ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016**
**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**
**UP B.Ed. Exam 2009**

**उत्तर : (c)** दिये गये व्यंजनों में 'व' अन्तःस्थ व्यंजन है। जिन वर्णों का उच्चारण स्वर और व्यंजनों के मध्यवर्ती होता है, वे वर्ण (व्यंजन) 'अन्तःस्थ व्यंजन' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में य (तालव्य), र (मूर्धन्य), ल (दंत्य) तथा व (दन्तोष्ठ्य) चार अन्तःस्थ व्यंजन हैं। इनमें 'य' तथा 'व' अर्धस्वर भी कहे जाते हैं।

**135. ऊष्म वर्ण कौन से हैं?**

(a) क च ट त (b) य र ल व
(c) श ष स ह (d) क्ष त्र ज्ञ

**[UKPSC AE 2012]**

**उत्तर : (c) :** श, ष, स, ह ऊष्म वर्ण होते हैं। ऊष्म व्यंजनों का उच्चारण एक प्रकार की रगड़ या घर्षण से उत्पन्न ऊष्म वायु से होता है। विकल्प में दिये गये वर्णों का विवरण इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| क, च, ट, त | **स्पर्श व्यंजन** |
| य, र, ल, व | **अन्तःस्थ व्यंजन** |
| क्ष, त्र, ज्ञ, श्र | **संयुक्त व्यंजन** |

**136. 'ऊष्म वर्ण' हैं-**

(a) य, र, ल, व (b) श, ष, स
(c) च, छ, ज (d) ट, ठ, ड

**[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]**

**उत्तर. (b) :** 'श', 'ष', 'स', 'ह' ऊष्म व्यंजन हैं तथा 'य', 'र', 'ल', 'व' अंतःस्थ व्यंजन हैं। 'च', 'छ', 'ज' तथा 'ट', 'ठ', 'ड' स्पर्श व्यंजन हैं।

**137. ऊष्म व्यंजन कौन-सा है?**

(a) ह (b) ल
(c) म (d) ज

**UP SI 13.11.2021 (Shift-II)**
**UP TET (I-V) 18-11-2018**
**लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018**
**UPSI 25/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर (a) :** दिये गये विकल्पों में वर्ण 'ह' ऊष्म व्यंजन है। जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय वायु मुख के किसी विशेष स्थान से घर्षण करती हुई निकले तथा ऊष्मा उत्पन्न करे, उसे 'ऊष्म व्यंजन' कहते हैं, जैसे–श, ष, स, ह।

**138.निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन कौन सा है?**

(a) ढ (b) ज्ञ
(c) ङ (d) ड़

**RRB Exam 2002**
**UPASI 04/12/2021 (Shift-I)**

**उत्तर (b)** 'ज्ञ' एक संयुक्त व्यंजन है, जो 'ज् + ञ' वर्णों के संयोग से बना है। 'ढ' स्पर्श व्यंजन, 'ड़' द्विगुण व्यंजन तथा 'ङ' के नासिक्य व्यंजन है। संयुक्त व्यंजन क्ष, त्र, ज्ञ, श्र होते हैं।

**139. दो व्यंजन जब एक साथ मिलते हैं तो क्या कहलाते हैं?**

(a) संयुक्त व्यंजन (b) अल्पप्राण
(c) अन्तःस्थ (d) महाप्राण

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (a)** जब दो व्यंजन एक साथ मिलते हैं, तो उनके योग से निर्मित व्यंजन 'संयुक्त व्यंजन' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में 4 संयुक्त व्यंजन को स्थान प्राप्त है–

| | | |
|---|---|---|
| **क्ष** | – | क् + ष |
| **त्र** | – | त् + र |
| **ज्ञ** | – | ज् + ञ |
| **श्र** | – | श् + र |

**140.'क्ष' वर्ण किसके योग से बनता है?**

(a) क् + ष (b) क् + च
(c) क् + छ (d) क् + श

**RRB Exam 2012**
**UPSI 02/12/2021 (Shift-III)**

**उत्तर (a)** 'क्ष' वर्ण 'क्' + 'ष' के योग से बनता है।

**141. निम्न में अल्पप्राण व्यंजन कौन सा है?**

(a) ख (b) ग
(c) घ (d) ठ

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**
**UP B.Ed. Exam 2008**
**UP B.Ed. Exam 2010**
**UP B.Ed. Exam 2017**

**उत्तर : (b)** दिये गये व्यंजनों में 'ग' अल्पप्राण व्यंजन है।
प्राणत्व के आधार पर व्यंजन मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं–

(1) **अल्पप्राण–** इन व्यंजनों के उच्चारण में मुख द्वारा वायु का निर्गमन कम होता है तथा स्फोट भी अल्प ही होता है। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पांचवाँ वर्ण तथा य, र, ल, व अल्पप्राण व्यंजन कहलाते हैं।
(2) **महाप्राण–**इन व्यंजनों के उच्चारण में मुख से अपेक्षाकृत अधिक वायु निर्गमित होती है तथा स्फोट भी अधिक स्पष्ट होता है, जिससे हकार की ध्वनि सुनाई देती है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण तथा श, ष, स, ह महाप्राण व्यंजन कहे जाते हैं।

**142. प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण क्या कहलाता है?**

(a) महाप्राण व्यंजन (b) अल्पप्राण व्यंजन
(c) उत्क्षिप्त व्यंजन (d) अनुनासिक व्यंजन

**DSSSB TGT (Male) 28.08.2018**
**[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]**
**RRB Exam 2010**

**उत्तर : (a)** ऐसे व्यंजन जिनको बोलने में अधिक प्रयत्न करना पड़ता है और बोलते समय मुख से अधिक वायु निकलती है, उन्हें 'महाप्राण व्यंजन' कहते हैं। प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा तथा समस्त ऊष्म वर्ण महाप्राण ध्वनि के उदाहरण हैं; जैसे- ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ और श, ष, स, ह।

**143. निम्नलिखित में से कौन 'महाप्राण' ध्वनि है?**

(a) ज (b) क
(c) घ (d) प

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**
**स्टेनोग्राफर परीक्षा 2015**
**UK PSC AE 2013**
**[UKPSC AE 2012]**
**RRB Exam 2012**
**UP B.Ed. Exam 2001**

**उत्तर. (c) :** 'घ' वर्ण 'महाप्राण' ध्वनि है। महाप्राण व्यंजनों के उच्चारण में 'हकार' जैसी ध्वनि विशेष रूप से रहती है और श्वास अधिक मात्रा में निकलती है। प्रत्येक वर्ग का 'दूसरा' और 'चौथा' वर्ण तथा समस्त ऊष्म वर्ण महाप्राण है। अन्य विकल्प ज, क, प वर्ण 'अल्पप्राण' हैं।

**144. निम्न में से कौन-सा वर्ण अघोष है?**

(a) च (b) ज
(c) झ (d) ड

**DSSSB-TGT-15/08/2018, II Shift**
**UPP Constable 18.06.2018 I$^{st}$ Shift**
**लोअर-2 परीक्षा, 2015**
**DSSSB प्रशासनिक परीक्षा, 31-05-2015**
**UPP Constable, 19.06.2018 I$^{st}$ Shift**
**UPSI 22/11/2021 (Shift-I)**
**UP B.Ed. Exam 2007**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्प में 'च' वर्ण अघोष है। शेष वर्ण सघोष हैं।

**145. निम्न में से कौन सा शब्द 'प्रयत्न और उच्चारण' के आधार पर व्यंजन का वर्गीकरण नहीं है?**

(a) उत्क्षिप्त (b) पार्श्विक
(c) सघोष (d) ऊष्म

**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]**

**उत्तर : (a)** दिये गये शब्दों में से 'उत्क्षिप्त' शब्द 'प्रयत्न और उच्चारण' के आधार पर व्यंजन का वर्गीकरण नहीं है। उत्क्षिप्त हिन्दी में नवागत ध्वनियाँ हैं। इन्हें द्विगुण व्यंजन, विकसित ध्वनि इत्यादि कहते हैं। ध्यातव्य है कि हिन्दी शब्दकोश कोई भी शब्द उत्क्षिप्त व्यंजन (ड़, ढ़) से प्रारम्भ नहीं होता। कामता प्रसाद गुरु ने प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण इस प्रकार किया है–

**1. आभ्यन्तर प्रयत्न–** (i) विवृत
(ii) स्पृष्ट
(iii) ईषत् विवृत
(iv) ईषत् स्पृष्ट

**2. बाह्य प्रयत्न–** (i) अघोष
(ii) घोष (सघोष)

पार्श्विक व्यंजन के अन्तर्गत 'ल' व्यंजन आता है। पार्श्विक से आशय है कि जिह्वा के दोनों पार्श्व (बगल) से होकर जिस वर्ण के लिए ध्वनि उच्चारित होती है। साथ ही साथ 'ल' का उच्चारण स्थान 'दन्त' है।

**146. निम्नलिखित में से कौन–सा वर्ण घोष है?**

(a) प (b) ट
(c) द (d) फ

**[UPSSSC Stenogapher 10.03.2019]**
**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**
**लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018**
**लेखा परीक्षक 2015**

**उत्तर (c) :**जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरतंत्रियाँ झँकृत होती हैं तथा उनसे नाद उत्पन्न होता है, वे 'सघोष/घोष वर्ण' कहलाते हैं। इनके उच्चारण में स्वरतंत्रियाँ समीप आ जाती हैं, जिससे वायुप्रवाह के लिये मार्ग अवरुद्ध होने के कारण स्वरतंत्रियों में कम्पन होता है। प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवां वर्ण तथा य, र, ल, व, ह सघोष व्यंजन हैं। अतः दिये गये विकल्पों में से 'द' वर्ण घोष है।

**147. निम्न में से कौन-सा व्यंजन संघर्षी है?**

(a) ह (b) म
(c) झ (d) ठ

**चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**
**RRB Exam 2003**

**उत्तर (a)** जिन वर्णों के उच्चारण में वायु का न तो स्पर्श ध्वनियों के समान पूर्ण अवरोध होता है, न स्वरों के समान निर्बाध प्रवाह तथा वायु का निर्गमन घर्षण के साथ होता है, उन्हें 'संघर्षी व्यंजन' कहा जाता है; जैसे– श, ष, स, ह। इन्हें ही 'ऊष्म संघर्षी' व्यंजन भी कहते हैं, क्योंकि उच्चारण के समय वायु घर्षण करती हुयी निर्गमित होती है, जिससे ऊष्मा उत्पन्न होती है। अतः प्रश्नगत विकल्पों में से 'ह' संघर्षी व्यंजन है।

**148. निम्नलिखित में से पार्श्विक ध्वनि कौन सी है?**

(a) ण (b) ल
(c) र (d) च

**[UPSSSC Lower 30.09.2019 Shift I]**
**कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर (b) :** जिन ध्वनियों के उच्चारण में जिह्वा का अग्रभाग वर्त्स का स्पर्श करती है तथा श्वास जिह्वा के दोनों पार्श्वों से निकलती है उन्हें पार्श्विक ध्वनि कहा जाता है। हिन्दी वर्णमाला की **ल** ध्वनि पार्श्विक व्यंजन है।

**149. वर्णमाला में स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी है?**

(a) 25 (b) 30
(c) 20 (d) 35

**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**

**उत्तर : (a)** 'क' से 'म' तक 25 वर्ण मुख के विभिन्न भागों कंठ, तालु, मूर्धा, दंत, ओष्ठ को जिह्वा द्वारा स्पर्श से बोले जाते हैं। इसलिए इन्हें स्पर्श व्यंजन कहते हैं।

क वर्ग - क ख ग घ ङ
च वर्ग - च छ ज झ ञ
ट वर्ग - ट ठ ड ढ ण
त वर्ग - त थ द ध न
प वर्ग - प फ ब भ म

**150. स्पर्श व्यंजन के उदाहरण हैं-**

(a) क्ष, त्र, ज्ञ, ज़ (b) य, र, ल, व
(c) त, थ, द, ध (d) श, ष, स, ह

**High Court 2021-II**
**[MPTET (I-V) 2011]**
**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

| **उत्तर. (c) : व्यंजन** | **-** | **उदाहरण** |
|---|---|---|
| स्पर्श व्यंजन | - | त, थ, द, ध |
| संयुक्त व्यंजन | - | क्ष, त्र, ज्ञ, श्र |
| अन्तस्थ व्यंजन | - | य, र, ल, व |
| उष्म/संघर्षी व्यंजन | - | श, ष, स, ह |

**151. निम्नांकित में से कौन-सा संयुक्त व्यंजन नहीं है?**

(a) झ (b) क्ष
(c) त्र (d) ज्ञ

**असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**
**[UKPSC AE 2013]**

**उत्तर. (a) : 'झ'** संयुक्त व्यंजन नहीं है, बल्कि स्पर्श व्यंजन है। जबकि संयुक्त व्यंजन- क्ष, त्र, ज्ञ, श्र हैं। संयुक्त व्यंजनों की संख्या चार है। क्ष = क् + ष
त्र = त् + र
ज्ञ = ज् + ञ
श्र = श् + र

**152. निम्नलिखित में से कौन 'ट' वर्ग में नहीं है?**

(a) ठ (b) ढ
(c) ध (d) ण

**परिचालक परीक्षा, 2015**

**उत्तर (c)** दिये गये वर्णों में से 'ध' वर्ण ट वर्ग के अन्तर्गत नहीं आता है। हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों के पाँच वर्ग हैं तथा प्रत्येक वर्ग में 5–5 व्यंजन शामिल हैं। इन वर्गों का नाम वर्ग के पहले वर्ण के अनुसार रखा गया है; जैसे–

**क वर्ग–** क, ख, ग, घ, ङ
**च वर्ग –** च, छ, ज, झ, ञ
**ट वर्ग –** ट, ठ, ड, ढ, ण
**त वर्ग –** त, थ, द, ध, न
**प वर्ग –** प, फ, ब, भ, म

पाँचों वर्गों के इन्हीं व्यंजनों को 'स्पर्श व्यंजन' नाम दिया जाता है।

## 4. शब्दकोश में शब्द क्रम संबंधी प्रश्न

**153. हिंदी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?**

(a) ज्ञ (b) त्र (c) ह (d) क

**UPSI 12/11/2021 (Shift-I)**
**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**
**ग्राम पंचायत अधिकारी 2015**

**उत्तर :(d)** हिंदी शब्द कोष में 'क्ष' का क्रम 'क' के बाद आता है। 'क्ष' एक संयुक्त वर्ण है जो क् + ष से मिलकर बना है।

**154. हिन्दी शब्द कोष में सबसे पहले कौन शब्द आयेगा?**

(a) ऋग्वेद (b) ऋक्ष
(c) ऋणु (d) ऋण

**UP B.Ed. Exam 2007**

**उत्तर (b):** विकल्प में दिये गये शब्दों का शब्दकोष के अनुसार क्रम इस प्रकार होगा– (1) ऋक्ष, (2) ऋग्वेद, (3) ऋण, (4) ऋणु। क्योंकि 'क्ष' वर्ण का क्रम 'क' वर्ण के बाद है। दिये गये सभी शब्दों का वर्ण विच्छेद इस प्रकार है-
**ऋक्ष -** ऋ + क् + ष् + अ
**ऋग्वेद -**ऋ + ग् + व् + ए + द् + अ
**ऋण -**ऋ + ण् + अ
**ऋणु -**ऋ + ण् + उ

**155. शब्दकोश में कौन-सा शब्द सबसे पहले आएगा?**

(a) आँख (b) आग
(c) आकर (d) आँच

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014**

**उत्तर : (a)** शब्दकोश के अनुसार प्रश्नगत शब्दों का क्रम इस प्रकार होगा– आँख, आँच, आकर, आग। दिये गये विकल्पों का वर्ण विच्छेद निम्नवत है-
आँख - आँ + ख् + अ
आँच – आँ + च् + अ
आकर –आ + क् + अ + र् + अ
आग – आ + ग् + अ

## 5. अयोगवाह

**156. हिन्दी वर्णमाला में कुल कितने अयोगवाह हैं?**

(a) 2 (b) 5
(c) 3 (d) 4

**UPPCL ARO, 2018**

**उत्तर: (a)** हिन्दी वर्णमाला में कुल दो ['अनुस्वार' ( ं ) तथा 'विसर्ग' (:)] अयोगवाह होते हैं। अयोगवाह का अर्थ है– 'योग न होने पर भी जो साथ रहे'। ये ध्वनियाँ न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन, परन्तु इनका प्रयोग स्वरों की सहायता से ही किया जाता है। इनका जातीय योग न तो स्वर के साथ है और न ही व्यंजन के साथ, इसलिये इन्हें 'अयोगवाह' कहते हैं।

**157. जिन ध्वनियों की गणना न स्वर में की जाती है न व्यंजन में उसे क्या कहते हैं?**

(a) आगत (b) ऊष्म
(c) अंतःस्थ (d) अयोगवाह

**UPSI 25/11/2021 (Shift- II)**
**[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]**
**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**

**उत्तर: (d)** जिन ध्वनियों की गणना न स्वर में की जाती है, न व्यंजन में; उसे 'अयोगवाह' कहते हैं। अनुस्वार (ं) और विसर्ग (:) अयोगवाह कहलाते हैं। अयोगवाह का अर्थ है-योग न होने पर भी जो साथ रहे। ये स्वर और व्यंजन दोनों में उपयोग होते हैं।

**158. ऐसी कौन सी दो मात्राएँ हैं जिनका प्रयोग तो किया जाता है किन्तु उनका समावेश 'स्वर' में नहीं किया जाता है?**

(a) आ, इ (b) अं, अः
(c) ऋ, उ (d) अँ, ॲ

**[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]**

**उत्तर : (b)** अं और अः ऐसी दो मात्राएँ हैं जिनका प्रयोग तो किया जाता है, किन्तु इनका समावेश न तो स्वर में किया जाता है, न ही व्यंजन में। अं को 'अनुस्वार' तथा अः को 'विसर्ग' कहते हैं तथा इन दोनों को संयुक्त रूप से 'अयोगवाह' कहा जाता है।

**159. अनुस्वार के संबंध में कौन-सा कथन उपयुक्त नहीं है?**

(a) इसका उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है।
(b) अनुस्वार नासिक्य व्यंजन होता है।
(c) इसे (ं) के रूप में दर्शाया जाता है।
(d) इसे (ँ) के रूप में लिखा जाता है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014**

**उत्तर : (d)** इसे (ँ) के रूप में लिखा जाता है।'' उक्त कथन अनुस्वार के संबंध में उपयुक्त नहीं हैं। इसके उच्चारण में नाक से अधिक साँस निकलती है और मुख से कम, जैसे - अंश, पंच, अंग आदि। इसका उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है। अनुस्वार की ध्वनि प्रकट करने के लिए वर्ण पर बिन्दु लगाया जाता है। तत्सम शब्दों में अनुस्वार का प्रयोग किया जाता है।

**160. अनुस्वार किसका कार्य करता है?**

(a) विसर्ग का (b) चंद्रबिन्दु का
(c) पंचम वर्ण का (d) स्वर का

**[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]**

**उत्तर. (c) :** अनुस्वार पंचम वर्ण का कार्य करता है। **जैसे** यदि 'म' का मेल 'क' से 'भ' तक के किसी भी व्यंजन वर्ग से होने पर 'म' उसी वर्ग के पंचमाक्षर अर्थात् अनुस्वार में बदल जाता है; **जैसे-** सम् + पूर्ण = संपूर्ण

**161. 'अं' व्याकरण के अनुसार-**

(a) अनुस्वार है (b) व्यंजन है
(c) संयुक्त स्वर है (d) संयुक्ताक्षर है

**[UKPSC AE 2012]**

**उत्तर. (a) :** 'अं' व्याकरण के अनुसार 'अनुस्वार' है। मूल व्यंजन तैंतीस (33) हैं। संयुक्त स्वर चार (ए,ऐ,ओ,औ) हैं। संयुक्ताक्षर ऐसे शब्द होते हैं जिसमें दो वर्ण (अक्षर) आपस में मिले होते हैं।

## 6. ध्वनि

**162. जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए, तब वह क्या कहलाती है?**

(a) संयुक्त ध्वनियाँ
(b) युग्मक ध्वनियाँ
(c) संपृक्त ध्वनियाँ
(d) पारस्परिक ध्वनियाँ

**High Court RO - 2021(I)**
**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर (b) :** जब एक ही ध्वनि का द्वित्व (युग्म) हो जाए तब वे 'युग्मक ध्वनियाँ' कहलाती हैं। युग्मक ध्वनियाँ प्रायः शब्द के मध्य में आती हैं। दो या दो से अधिक व्यंजन ध्वनियाँ जब परस्पर संयुक्त होकर एक स्वर के सहारे बोली जायें, तो उन्हें 'संयुक्त ध्वनियाँ' कहा जाता है; जैसे– प्राण, घ्राण, क्लान्त इत्यादि।

**163. उच्चारण की दृष्टि से 'सम्बल' ध्वनि का कौन सा वर्गीकरण है?**

(a) सम्पृक्त ध्वनि
(b) युग्मक ध्वनि
(c) संयुक्त ध्वनि
(d) दि्वत्व ध्वनि

**[UPSSSC Junior Assistant Re Exam 31.05.2019]**

**उत्तर: (a)** उच्चारण की दृष्टि से 'सम्बल' सम्पृक्त ध्वनि का वर्गीकरण है। जब एक ध्वनि दो व्यंजनों से संयुक्त हो जाये, तब वह सम्पृक्त ध्वनि कहलाती है। यहाँ 'स' और 'ब' ध्वनियों के मध्य 'म' ध्वनि संयुक्त हुई है।

**164. निम्नलिखित ध्वनियों की निर्दिष्ट विशेषताओं में कौन–सा अशुद्ध है?**

(a) च – तालव्य, महाप्राण
(b) ख – महाप्राण, कंठ्य
(c) त – अल्पप्राण, दंत्य
(d) म – ओष्ठ्य, सघोष

**[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]**

**उत्तर. (a) :** दी गयी ध्वनियों की निर्दिष्ट विशेषताओं में च– तालव्य, महाप्राण अशुद्ध है। 'च' तालव्य ध्वनि तो है, परन्तु यह महाप्राण न होकर अल्पप्राण ध्वनि है। शेष ध्वनि एवं सम्बन्धित विवरण शुद्ध हैं।

**165. हिन्दी में ध्वनियाँ कितने प्रकार की होती हैं?**

(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

**UPSSSC VDO 23/12/2018 Shift I**

**उत्तर : (a)** हिन्दी वर्णमाला में ध्वनियाँ मुख्यतः दो प्रकार की होती हैं–(1) स्वर (2) व्यंजन। स्वतंत्र रूप से उच्चरित होने वाले वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं तथा स्वरों की सहायता से उच्चरित होने वाले वर्ण 'व्यंजन' कहे जाते हैं।

**166. इनमें से कौन सी देवनागरी लिपि की वर्ण ध्वनि नहीं है?**

(a) ग्रीवा ध्वनि (b) मूर्धा ध्वनि
(c) कंठ ध्वनि (d) दन्तोष्ठ्य

**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**

**उत्तर : (a)** प्रश्नगत विकल्पों में से - 'ग्रीवा ध्वनि' देवनागरी लिपि की वर्ण ध्वनि नहीं है। देवनागरी लिपि के अन्तर्गत मूर्धा, ओष्ठ्य, कण्ठ, दन्तोष्ठ्य, कण्ठ-तालव्य, तालव्य, दन्त्य इत्यादि प्रकार की वर्ण ध्वनियाँ पायी जाती हैं, जिनके द्वारा वर्णों के उच्चारण में सहायता मिलती है।

## 7. वर्ण संबंधी अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

**167. 'कक्षा' शब्द का शुद्ध उच्चारण है**

(a) कच्छा (b) कछ्छ
(c) कक्षा (d) कक्छा

**Ashram Paddhati PGT. 2012**

**उत्तर (c) :** 'कक्षा' शब्द का शुद्ध उच्चारण 'कक्षा' है। शेष विकल्पों के शब्द उच्चारण की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**168. निम्नलिखित में से 'नासिक्य' व्यंजन कौन–सा है?**

(a) ष (b) ञ
(c) ग (d) ज

**UP B.Ed. Exam 2002**

**उत्तर (b)** जिन वर्णों के उच्चारण में वायु का निर्गमन केवल नासिका विवर से होता है, वे 'नासिक्य व्यंजन' कहलाते हैं। प्रत्येक वर्गों के पंचम वर्ण नासिक्य व्यंजन हैं– ङ, ञ, ण, न, म। अतः दिये गये वर्णों में से 'ञ' नासिक्य व्यंजन है। 'ष' ऊष्म व्यंजन तथा 'ग' और 'ज' स्पर्श व्यंजन हैं।

**169. कौन-से शब्द में 'र' व्यंजन नहीं है?**

(a) मात्र (b) मूर्धा
(c) क्रम (d) मातृभूमि

**UPP Constable 18.06.2018 II^nd Shift**

**उत्तर : (d)** मातृभूमि शब्द में 'र' व्यंजन नहीं है।
मातृभूमि – म् + आ + त् + ऋ + भ् + ऊ + म् + इ
मात्र – म् + आ + त् + र
क्रम – क् + र् + अ + म् + अ
मूर्धा – म् + ऊ + र् + ध् + आ

**170. जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें क्या कहते हैं?**

(a) अनुस्वार (b) अयोगवाह
(c) अंतःस्थ (d) अकारांत

**RRB Exam 2010**

**उत्तर (d) :** जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें अकारांत कहते हैं। अनुस्वार एक व्यंजन ध्वनि है, जो तत्सम शब्दों में प्रयुक्त होती है। अं तथा अः अयोगवाह ध्वनियाँ हैं तथा य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन हैं।

**171. 'व' का उच्चारण स्थान है-**

(a) दन्त (b) ओष्ठ
(c) दन्तोष्ठ (d) कण्ठोष्ठ्य

**High Court ARO 2021**
**RRB Exam 2001**
**लोअर-1 परीक्षा, 2015**

**उत्तर (c)** 'व' का उच्चारण स्थान 'दन्तोष्ठ्य' है।

| | | |
|---|---|---|
| दन्त | – | त वर्ग |
| ओष्ठ | – | प वर्ग |
| कंठोष्ठ्य | – | ओ, औ |

**172. निम्नलिखित में कौन–सा कथन अशुद्ध है?**

(a) दो महाप्राण व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो सकता है।
(b) हिन्दी में ज्ञ का उच्चारण परम्परा से भिन्न हो गया है।
(c) 'क्ष' संयुक्त व्यंजन है।
(d) विसर्ग कंठ्य वर्ण है।

**[CTET (I-V) 08.01.2019]**

**उत्तर. (a) :** दिये गये कथनों में से अशुद्ध कथन है–
'दो महाप्राण व्यंजनों का उच्चारण एक साथ हो सकता है।'
अन्य कथन शुद्ध हैं जिनका विवरण इस प्रकार है–
'ज्ञ' 'ज्' और 'ञ' के योग से बना है, परन्तु इसका उच्चारण इन दोनों से भिन्न होता है।
'क्ष' संयुक्त व्यंजन है, जो 'क्' एवं 'ष' के योग से बना है।

**173. निम्नलिखित में से कौन–सा उत्तर सही है?**

**I. अनुस्वार पूर्ण अनुनासिक ध्वनि है।**
**II. वर्ग का पंचमाक्षर अनुनासिक होता है।**
**III. अनुनासिक के उच्चारण के दौरान नाक से बहुत कम साँस निकलती है और मुँह से अधिक।**

(a) केवल III (b) I, II एवं III
(c) केवल I एवं II (d) केवल I

**[CTET (VI-VIII) 08.01.2020]**

**उत्तर. (b) :** दिए गए वाक्यों में तीनों वाक्य सही हैं और तीनों पंचमाक्षर अनुस्वार, अनुनासिक के संबंध में सत्य कथन हैं–
(i) अनुस्वार पूर्ण अनुनासिक ध्वनि है।
(ii) वर्ग का पंचमाक्षर अनुनासिक होता है।
(iii) अनुनासिक के उच्चारण के दौरान नाक से बहुत कम साँस निकलती है और मुँह से अधिक।

**174. निम्न में अनुनासिक वर्ण कौन सा है?**

(a) प (b) ब (c) म (d) थ

**[UPSSSC Stenographer 10.03.2019]**

**उत्तर : (c)** प्रश्नगत विकल्पों में 'म' अनुनासिक वर्ण है। ऐसे वर्णों का उच्चारण नासिका तथा मुँह से होता है और उच्चारण में लघुता रहती है। हिन्दी वर्णमाला में पाँच वर्ण ङ, ञ, ण, न, म अनुनासिक हैं। विकल्प में 'प', 'ब' तथा 'थ' वर्ण तीनों ही 'स्पर्श व्यंजन' हैं।

**175. 'दृग' का वर्ण-विच्छेद है –**

(a) द् + ऋ + ग् + अ (b) द् + र + उ + ग
(c) द् + ऋ + ग
(d) द् + र + अ + उ + ग + अ

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (a) :** दृग का सही वर्ण-विच्छेद 'द् + ऋ + ग् + अ' है।

**176. 'उद्यान' का शुद्ध वर्ण-विच्छेद है-**

(a) उ+द+य+आ+न्+अ (b) उ+द्+य+अ+न+अ
(c) उ+द्+य+आ+न्+अ (d) अ+द+य्+अ+न+अ

**जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016**

**उत्तर (c) :** 'उद्यान' का शुद्ध वर्ण-विच्छेद–'उ+द्+य+आ+न्+अ' है।

**177. काकल्य वर्ण कौन-सा है?**

(a) य (b) स (c) ह (d) ण

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में 'ह' काकल्य वर्ण है। जिन व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण में मुखगुहा खुली रहती है और वायु बन्द कंठ को खोलकर झटके से बाहर निकलती है, उसे 'काकल्य व्यंजन ध्वनि' कहते हैं। 'य' अन्तःस्थ व्यंजन, 'स' ऊष्म व्यंजन है। 'ण' ट वर्ग का पंचम अक्षर है।

**178. 'र' का विवरण है –**

(a) वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(b) वर्त्स्य, पार्श्विक, सघोष, महाप्राण व्यंजन
(c) वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(d) वर्त्स्य, स्पर्श, सघोष, महाप्राण व्यंजन

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (a) :** 'र' वर्ण का विवरण है– वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन।
**वर्त्स्य ध्वनि –** दाँतों एवं मसूढ़ों के मिलने का स्थान अर्थात् दंतमूल को 'वर्त्स्य' कहते हैं तथा इस स्थान विशेष से उच्चरित ध्वनि

'वर्त्स्य ध्वनि' कहलाती है। हिन्दी वर्णमाला में न, र, ल, स वर्ण वर्त्स्य ध्वनियों के अन्तर्गत आते हैं।
**लुंठित ध्वनि –** जिन ध्वनियों के उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग मुड़कर वर्त्स्य को शीघ्रता से स्पर्श करता है उन्हें 'लुंठित ध्वनि' कहा जाता है। जिह्वा के प्रकम्पन के कारण ही इसको लुंठित कहा जाता है।
**सघोष –**प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवां वर्ण तथा य, र, ल, व, ह।
**अल्पप्राण –** प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा तथा पाँचवां वर्ण।

**179. निम्न में अर्द्धस्वर कहलाता है–**
(a) य (b) प (c) र (d) ल
**UP B.Ed. Exam 2010**

**उत्तर (a) :** 'य' और 'व' अर्द्धस्वर कहलाते हैं। 'र' लुंठित ध्वनि तथा 'ल' पार्श्विक ध्वनि है। 'प' ओष्ठ वर्ण है।

**180. स्पर्श व्यंजन, कंठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है–**
(a) क (b) ग (c) ख (d) घ
**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर (c) :** स्पर्श व्यंजन, कंठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है–ख।
**स्पर्श व्यंजन**– पंचवर्ग के सभी व्यंजन।
**कंठ्य ध्वनि**– क, ख, ग, घ, ङ, अ, आ तथा ह।
**अघोष**–प्रत्येक वर्ग का पहला, दूसरा व्यंजन और श, ष, स।
**महाप्राण**–प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा व्यंजन। श, स, ष, अः विसर्ग वर्ण हैं।

**181. लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं तथा जिस रूप में ये लिखे जाते हैं उसे ...... कहते हैं।**
(a) स्वर (b) लिपि
(c) ध्वनि कहते हैं (d) व्यंजन कहते हैं।
**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (b)** लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं तथा जिस रूप में ये लिखे जाते हैं, उसे 'लिपि' कहते हैं। हिन्दी 'देवनागरी लिपि' में लिखी जाती है। 'स्वर' वे वर्ण हैं जो अन्य वर्णों की सहायता के बिना स्वतंत्र रूप से उच्चरित होते हैं तथा स्वरों की सहायता से उच्चरित होने वाले वर्ण 'व्यंजन' कहलाते हैं।

**182. वर्णमाला का कौन-सा 'अक्षर' पुल्लिग नहीं है?**
(a) ज, आ (b) च, ट
(c) इ, ई (d) अ, प
**UPSI Batch - III 20 Dec. 2017**

**उत्तर : (c)** वर्णमाला के इ, ई अक्षर पुल्लिंग नहीं होते। इनके अतिरिक्त 'ऋ' भी स्त्रीलिंग वर्ण है।

**183. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है?**
(a) क्रिया (b) वर्षा (c) रिपु (d) वृष्टि
**UPP Constable 18.06.2018 II$^{nd}$ Shift**

**उत्तर : (d)** वृष्टि शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है; यथा– वृष्टि–व् + ऋ + ष् + ट् + इ। शेष शब्दों में 'र' व्यंजन के अलग–अलग रूपों का प्रयोग हुआ है।

**184. निम्नलिखित में कौन स्वर नहीं है?**
(a) अ (b) उ (c) ए (d) ञ
**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**उत्तर (d):** प्रश्नगत विकल्पों में से 'ञ' 'स्वर' नहीं है, यह व्यंजन वर्ण है, जो 'च' वर्ग का पंचमाक्षर है।

**185. जिस व्यंजन ध्वनि के उच्चारण के समय स्वरतंत्रियों में कम्पन होता है, उच्चारण स्थान के आधार पर ध्वनियों के वर्गीकरण में उसका क्या स्थान है?**
(a) मूर्धन्य (b) वर्त्स्य
(c) काकल्य (d) कंठ्य
**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]**

**उत्तर : (c)** जिस व्यंजन में ध्वनि के उच्चारण के समय स्वरतंत्रियों में कम्पन होता है, अर्थात् जिनका उच्चारण स्वरयंत्र मुख से होता है, उन्हें काकल्य व्यंजन कहते हैं इसके अंतर्गत 'ह' व्यंजन आता है।

**186. प्रत्येक शब्द की वर्तनी के सभी वर्णों को उसी क्रम में अलग-अलग दिखाना क्या कहलाता है?**
(a) वर्ण संयोजन (b) वर्ण-विच्छेद
(c) संधि (d) संधि-विच्छेद
**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**

**उत्तर : (b)** किसी शब्द या वर्णों के समूह को अलग करने की प्रक्रिया को **वर्ण-विच्छेद** कहते हैं। जब हम वर्ण विच्छेद करते हैं, तो उस शब्द समूह से स्वर वर्णों और व्यंजन वर्णों को अलग किया जाता है। शब्दों में या वर्ण समूह में जिसमें मात्राएँ होती हैं, उन्हें वास्तविक रूप में लिखा जाता है। जैसे- किताब = क् + इ+ त् + आ + ब् + अ

**187. किस शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है?**
(a) कृपा (b) कृष्ण
(c) दृष्टि (d) आज
**UP B.Ed. Exam 2012**

**उत्तर (d) :** 'आज' शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है। शेष सभी शब्दों में 'ऋ' स्वर की मात्रा का प्रयोग हुआ है। विवरण देखें–
कृपा = क् + ऋ + प् + आ
कृष्ण = क् + ऋ + ष् + ण् + अ
दृष्टि = द् + ऋ + ष् + ट् + इ
आज = आ + ज् + अ।

**188. जिह्वा की नोक जब ऊपर के दांतों की पंक्ति के सामने वाले दाँत के ऊँपरी हिस्से के सम्पर्क में आकर वायु के प्रवाह को अवरुद्ध करती है ऐसे उच्चारण स्थान को क्या कहा जाता है?**
(a) दंत्य (b) मूर्धन्य
(c) तालुव्य (d) वर्त्स्य
**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**

**उत्तर : (d)** जिह्वा की नोंक जब ऊँपर के दाँतों की पंक्ति के सामने वाले दांत के ऊँपरी हिस्से के सम्पर्क में आकर वायु के प्रवाह को अवरुद्ध करती है तो ऐसे उच्चारण स्थान को वर्त्स्य कहते हैं। वर्त्स्य व्यंजनों के अन्तर्गत न, स, र, ल आते हैं।

**189. हिन्दी में 'ऑ' ध्वनि का समावेश हुआ है**
(a) अंग्रेजी से (b) फ्रेन्च से
(c) जर्मन से (d) दक्षिण भारतीय भाषाओं से
**[UPPSC AE 2008]**

**उत्तर. (a) :** हिन्दी में ऑ ध्वनि का समावेश **अंग्रेजी** से है।

# 02.

# विराम चिह्न

## 1. अल्प विराम

**1. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) सुख-दुःख-उतार-चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।
(b) सुख दुःख, उतार चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।
(c) सुख दुःख उतार चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।
(d) सुख-दुःख, उतार-चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।

**DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)**

**उत्तर : (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में निम्न वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है–
सुख–दुःख, उतार-चढ़ाव तो जीवन में आते रहते हैं।

**2. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) कामवाली रोज़ आती है; काम करती है और चली जाती है।
(b) कामवाली रोज़ आती है काम करती है और चली जाती है।
(c) कामवाली रोज़ आती है, काम करती है और चली जाती है।
(d) कामवाली रोज़ आती है काम करती है, और चली जाती है।

**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)**

**उत्तर : (c)** शुद्ध विराम चिह्न युक्त वाक्य निम्न होगा– कामवाली रोज़ आती है, काम करती है और चली जाती है।

**3. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**अनिल घर आया थोड़ी देर रुका और चला गया।**

(a) : (b) ;
(c) , (d) :-

**DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- II)**
**DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)**
**UPSI 16/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (c)** दिए गए वाक्य 'अनिल घर आया थोड़ी देर रुका और चला गया।' में उपयुक्त विराम चिह्न (,) का प्रयोग होगा।
शुद्ध वाक्य- अनिल घर आया, थोड़ी देर रुका और चला गया।

**4. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) मेरी सहेली के पास बहुत से नए-नए खिलौने, कपड़े और जूते हैं।
(b) मेरी सहेली के पास बहुत से नए नए खिलौने कपड़े और जूते हैं।
(c) मेरी सहेली के पास बहुत से नए नए खिलौने, कपड़े और जूते हैं।
(d) मेरी सहेली के पास बहुत से नए, नए खिलौने, कपड़े और जूते हैं।

**DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-III)**

**उत्तर : (a)** उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध विराम चिह्न युक्त वाक्य निम्न होगा–
- मेरी सहेली के पास बहुत से नए-नए खिलौने, कपड़े और जूते हैं।

**5. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**सुनील जरा इधर आना**

(a) ! (b) :
(c) , (d) ;

**DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)**

**उत्तर : (c)** दिये गये वाक्य में अल्पविराम (,) का प्रयोग होगा।
**शुद्ध वाक्य –** सुनील, जरा इधर आना

| चिह्न | | चिह्न के नाम |
|---|---|---|
| (!) | – | विस्मय विराम/आश्चर्य चिन्ह |
| (:) | – | अपूर्ण विराम/विवरण चिन्ह |
| (,) | – | अल्प विराम |
| (;) | – | अर्द्ध विराम |

**6. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**सवेरा हुआ चिड़िया चहचहाने लगी।**

(a) :- (b) :
(c) ; (d) ,

**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)**

**उत्तर : (d)** दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न अल्पविराम (,) का प्रयोग होगा। अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा - सवेरा हुआ, चिड़िया चहचहाने लगी।

**7. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**रुको रुको वह क्या कह रही है।**

(a) " " (b) , ,
(c) ; (d) ,

**DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- III)**
**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर : (d)** दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न अल्प विराम (,) का प्रयोग होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा - रुको, रुको, वह क्या कह रही है।

**8. दिए गए वाक्य के लिए उचित विराम चिह्न का चयन कीजिए।**

**अनीता मधु पूनम और नीरू अपने कार्य में मग्न हैं।**

(a) ? (b) ,
(c) : (d) ;

**DSSSB PRT 07.03.2023(Shift- III)**

**उत्तर : (b)** दिए गए वाक्य अनीता मधु पूनम और नीरू अपने कार्य में मग्न हैं। में उचित विराम चिह्न अल्पविराम (,) का प्रयोग होगा।
**अतः शुद्ध पूर्ण वाक्य होगा** – अनीता, मधु, पूनम और नीरू अपने कार्य में मग्न हैं।

**9. 'रामू जो बड़ा खिलाड़ी है कल उसकी टांग टूट गयी' इस वाक्य में उचित विराम चिह्न कौन-सा होगा?**

(a) अर्द्धविराम (b) अल्पविराम
(c) विवरणचिह्न (d) लाघवचिह्न

**DSSSB PRT 16.03.2022 (Shift-II)**
**UPSI 17/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b) :** 'रामू जो बड़ा खिलाड़ी है कल उसकी टांग टूट गयी' इस वाक्य में 'अल्पविराम' का प्रयोग उचित होगा। अतः विराम चिह्न के रूप में अल्पविराम का प्रयोग करके शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा- 'रामू, जो बड़ा खिलाड़ी है, कल उसकी टांग टूट गयी।'
हिन्दी में प्रयुक्त विरामचिह्नों में अल्पविराम का प्रयोग सबसे अधिक होता है। वाक्य में जब दो से अधिक पदों, पदांशों अथवा वाक्यों में संयोजक अव्यय 'और' की गुंजाइश हो तब वहाँ अल्पविराम का प्रयोग होता है।

**10. समानाधिकरण शब्दों के मध्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?**

(a) लाघवचिह्न (b) अल्पविराम
(c) अर्द्धविराम (d) विवरणचिह्न

**UPSI 17/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (b)** समानाधिकरण शब्दों के मध्य में 'अल्पविराम' चिह्न का प्रयोग किया जाता है।
**जैसे**-राजा जनक की पुत्री, राम की पत्नी थीं।
**लाघवचिह्न**-किसी बड़े शब्द को संक्षिप्त रूप में लिखने हेतु लाघव चिह्न (०) का प्रयोग किया जाता है।
**जैसे**-संयुक्त राष्ट्र संघ- सं० रा० सं०
**अर्द्धविराम**-जब एक ही प्रधान उपवाक्य पर अनेक आश्रित उपवाक्य हों तब वहाँ अर्धविराम (;) चिह्न का प्रयोग होता है।
**जैसे**-सूर्योदय हुआ; पक्षी चहचहाने लगे और टहलने निकल पड़े।
**विवरण चिह्न**-किसी कही हुई बात को स्पष्ट करने या उसका विवरण प्रस्तुत करने के लिए वाक्य के अंत में विवरण चिह्न (:-) का प्रयोग किया जाता है।
**जैसे**-निम्न शब्दों की व्याख्या कीजिए :- संज्ञा, सर्वनाम

**11. अल्पविराम का प्रयोग इनमें से कहाँ किया जाता है?**

(a) वाक्य के अंत में
(b) कहीं भी
(c) वाक्य के शुरू में
(d) वाक्य के मध्य में, जहाँ बहुत कम ठहराव हो

**UPSI 25/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (d)** वाक्य के मध्य में, जहाँ बहुत कम ठहराव हो वहाँ अल्पविराम का प्रयोग किया जाता है इसका चिह्न (,) है, जबकि

| विराम चिह्न के नाम | विराम चिह्न |
|---|---|
| पूर्णविराम | (।) |
| अर्द्धविराम | (;) |
| प्रश्नवाचक चिह्न | (?) |
| विस्मयादिबोधक चिह्न | (!) |
| योजक चिह्न | (-) |
| उद्धरण चिह्न | ('' '') |

**12. विराम-चिह्न की दृष्टि से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**

(a) नहीं कल मैं तुम्हारे घर नहीं आ सकूँगा।
(b) मैं क्या कहता?
(c) महक, रागिनी, श्वेता, आदि भी आई हैं; ये सब अब गाना गाएँगी।
(d) उसने पूछा, 'तुम कहाँ थे'?

**[CTET (VI-VIII) 18.11.2018]**

**उत्तर. (a) :** 'नहीं' के बाद अल्पविराम चिह्न लगना चाहिए। यथा- नहीं, कल मैं तुम्हारे घर नहीं आ सकूँगा। अतः विराम चिह्न की दृष्टि से विकल्प (a) गलत है।

**13. उसने मुझसे कहा ''मैंने आज एक मशीन खरीदी है।'' उक्त वार्तालाप में किस विराम चिह्न की कमी या त्रुटि है?**

(a) ' ' (b) " "
(c) , (d) -

**[UPSSSC Krishi Pravidhik 15.02.2019]**

**उत्तर : (c)** किसी व्यक्ति की उक्ति/कथन के पहले सदैव अल्पविराम (,) का प्रयोग किया जाता है। अल्पविराम चिह्न के प्रयोग के साथ वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार होगा- उसने मुझसे कहा, ''मैंने आज एक मशीन खरीदी है''।

**14. हिन्दी में अल्प-विराम का चिह्न है–**

(a) ? (b) !
(c) । (d) ,

**DSSSB PRT 07.03.2023 (Shift-III)**
**UPSI 02/12/2021 (Shift-I)**
**UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift**
**व्यायाम प्रशिक्षक 2018 प्रथम पाली**
**UP PGT 2005**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में से विकल्प (d) अल्पविराम का चिह्न है। अल्पविराम चिह्न का प्रयोग बहुत कम ठहराव के लिये किया जाता है। अल्पविराम चिह्न के प्रयोग से सम्बन्धित कुछ निम्नलिखित स्थितियाँ हैं

1. वाक्य के बीच में प्रयुक्त पर, इसी से, इसलिये, किन्तु, परन्तु, क्योंकि, जिससे, तथापि अव्ययों से पूर्व अल्पविराम चिह्न लगाया जाता है।

2. सम्बोधन कारक की संज्ञा या सम्बोधन शब्दों के पश्चात् इसका प्रयोग होता है।
3. जिस वाक्य में वह, यह, तब, तो, या, अब इत्यादि का लोप हो, वहाँ अल्पविराम चिह्न का प्रयोग करते हैं। जैसे– कहना था सो कह दिया, तुम जानो। (यहाँ 'अब' पद लुप्त है)
4. जहाँ शब्दों की पुनरावृत्ति की जाये और भावातिरेक में उन पर विशेष बल दिया जाये, वहाँ अल्पविराम का चिह्न प्रयुक्त होता है। जैसे– सुनो, सुनो, वह गा रही है।

## 2. अर्द्धविराम ( ; )

**15. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) राम ऑफिस से सीधे घर पहुँचा-हाथ धोकर खाना खाया-फिर खेल खेलकर सो गया।
(b) राम ऑफिस से सीधे घर पहुँचा; हाथ धोकर खाना खाया; फिर खेल खेलकर सो गया।
(c) राम ऑफिस से सीधे घर पहुँचा हाथ धोकर खाना खाया फिर खेल खेलकर सो गया।
(d) राम ऑफिस से सीधे घर पहुँचाः हाथ धोकर खाना खाया, फिर खेल खेलकर सो गया

**DSSSB PRT 26.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर : (b)** निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग किया गया है–
राम ऑफिस से सीधा घर पहुँचा; हाथ धोकर खाना खाया; फिर खेल खेलकर सो गया।

**16. अर्द्धविराम – चिह्न कहाँ लगता है?**

(a) उद्धरण चिह्न के पहले
(b) जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा कम रुकना हो।
(c) जहाँ कोई निर्देश देना हो।
(d) जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा अधिक रुकना हो।

**UPSI 22/11/2021 (Shift-III)**
**कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2023**

**उत्तर : (d)** अर्द्धविराम को (;) से प्रदर्शित किया जाता है। अर्द्ध विराम का अर्थ है, बीच में हल्का सा विराम लेना हो पर वाक्य को खत्म न किया जाये तो, वहाँ पर अर्द्धविराम (;) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। प्रश्नानुसार अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा अधिक रुकना हो वहाँ लगाया जाता है।

**17. कोष्ठक में दिए गए विराम चिह्न ( ; ) का नाम क्या है?**

(a) उद्धरण चिह्न (b) अल्पविराम
(c) निर्देशक चिह्न (d) अर्द्धविराम

**VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)**
**UPSI 13/11/2021 (Shift-III)**
**UPSI 02/12/2021 (Shift-I)**
**UPSI 28/11/2021 (Shift-I)**
**UKPSC AE-2017**
**गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा-2016**

**उत्तरः (d)** दिए गए प्रश्न में चिह्न (;) का नाम 'अर्द्धविराम' है।
शेष विकल्पों के चिह्न निम्नवत् हैं -
उद्धरण चिह्न – ' ' या " "
अल्पविराम – ,
निर्देशक चिह्न – :-

**18. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**कई सप्ताह से वर्षा होती ही जा रही है अर्थात् फसल नष्ट होकर रहेगी।**

(a) : (b) :-
(c) ^ (d) ;

**DSSSB PRT 23.03.2022(Shift- III)**

**उत्तर : (d)** दिये गये वाक्य मे अर्द्धविराम (;) का प्रयोग उपयुक्त होगा। शुद्ध वाक्य– कई सप्ताह से वर्षा होती ही जा रही है ; अर्थात् फसल नष्ट होकर रहेगी।

**19. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**मोहन बैंगलोर चला गया आप बेफिक्र रहें।**

(a) .... (b) .
(c) ; (d) –

**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर : (c)** दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न (;) अर्द्धविराम का प्रयोग होगा। अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा– मोहन बैंगलोर चला गया; आप बेफ्रिक रहें।
* अर्द्धविराम (;) जहाँ पूर्णविराम की अपेक्षा कम देर और अल्प विराम की अपेक्षा अधिक देर तक रुकना हो, वहाँ अर्द्धविराम का प्रयोग करते हैं।

**20. मिश्रित तथा संयुक्त वाक्यों में विरोध का भाव प्रकट करने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(a) योजक चिह्न (b) कोष्ठक
(c) उपविराम (d) अर्द्धविराम

**UPSI 12/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (d)** मिश्रित तथा संयुक्त वाक्यों में विरोध का भाव प्रकट करने के लिए 'अर्द्धविराम' चिह्न का प्रयोग किया जाता है।
जब दो शब्दों के बीच में वक्ता अल्पविराम (,) से अधिक ठहराव चाहता है, तब वह अर्द्धविराम (;) चिह्न का प्रयोग करता है।

**21. इनमें से किस वाक्य में अर्द्धविराम का प्रयोग हुआ है?**

(a) जब राम आया, श्याम सो रहा था।
(b) शाबाश! इसी तरह आगे बढ़ते रहो।
(c) आलस्य मनुष्य का शत्रु है; इससे दूर रहो।
(d) मैंने किताब पढ़ी है।

**UPSI 12/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (c)** वाक्य 'आलस्य मनुष्य का शत्रु है; इससे दूर रहो' में अर्द्धविराम चिह्न (;) का प्रयोग हुआ है। जहाँ पर अल्पविराम की अपेक्षा कुछ अधिक देर तक रुकना पड़े, वहाँ अर्द्धविराम का प्रयोग करते हैं।

**22. जो चाहे, करो ...... बस हमें तंग न करो।' - वाक्य के बीच में रिक्त स्थान में कौन सा विराम चिह्न आएगा?**

(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) पूर्णविराम (d) योजक चिह्न

**[UPSSSC Lower 1.10.2019 Shift I]**

**उत्तर (b) :** दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान के जगह पर अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग होगा। अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग वहाँ किया जाता है, जहाँ पूर्णविराम की अपेक्षा कम देर और अल्पविराम की अपेक्षा अधिक देर तक रुकना होता है।
**जैसे-** जो चाहे, करो; बस हमें तंग न करो।

## 3. पूर्णविराम (।)

**23. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए। मोहन पुस्तक पढ़ रहा है**

(a) । (b) !
(c) ? (d) " "

**DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर : (a)** दिए गए वाक्य 'मोहन पुस्तक पढ़ रहा है' में विराम चिह्न पूर्णविराम (।) का प्रयोग होगा।
**अतः पूर्ण वाक्य होगा** - मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

**24. निम्नलिखित में से पूर्णविराम चिह्न की पहचान कीजिए।**

(a) : (b) ;
(c) । (d) ?

**DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- I)**
**UPP Constable 18.06.2018 I^st Shift**
**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (c)**

| विरामचिह्न का नाम | | विरामचिह्न |
|---|---|---|
| पूर्णविराम | – | । |
| अर्द्धविराम | – | ; |
| अल्पविराम | – | , |
| विवरणचिह्न | – | (:-) |
| प्रश्नवाचक | – | ? |

**25. प्रश्नवाचक और विस्मयादिबोधक को छोड़कर सभी वाक्यों के अंत में क्या प्रयुक्त होता है?**

(a) अल्पविराम (b) पूर्णविराम
(c) कॉमा चिह्न (d) योजक चिह्न

**UPSI 21/11/2021 (Shift-I)**
**UPP Constable, 19.06.2018 II^nd Shift**
**ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा-2016**

**उत्तर : (b)** प्रश्नवाचक और विस्मयादिबोधक वाक्यों को छोड़कर सभी वाक्यों के अंत में पूर्णविराम (।) प्रयुक्त होता है। वाक्य में जहाँ पर कुछ समय के लिए रुकने की आवश्यकता होती है वहाँ अल्पविराम (,) का प्रयोग किया जाता है। वह चिह्न जो शब्दों, पदों, उपवाक्यों आदि को जोड़ता है, योजक चिह्न (–) कहलाता है।
**जैसे**- धन-सम्पत्ति, भू-तत्व, लड़का-लड़की आदि।

**26. पूर्णविराम के स्थान पर एक अन्य चिह्न भी प्रचलित है, इनमें से वह चिह्न कौन-सा है?**

(a) अर्द्धविराम (b) योजक चिह्न
(c) विवरण चिह्न (d) फुलस्टॉप

**UPSI 25/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (d)** पूर्णविराम (।) या फुलस्टॉप (.)- हिन्दी में इसे 'खड़ी पाई' भी कहते हैं। देवनागरी लिपि में इसके लिए पूर्णविराम (।) चिह्न का प्रयोग होता है। अंग्रेजी अथवा रोमन लिपि में हिंदी के पूर्णविराम के स्थान पर फुलस्टॉप (.) चिह्न का प्रयोग होता है।

**27. मुझे बाहर जाना है ।**
**रेखांकित चिह्न को पहचानिए:**

(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक चिह्न
(c) अल्पविराम (d) लाघव चिह्न

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (a)** 'मुझे बाहर जाना है।' वाक्य में रेखांकित चिह्न 'पूर्णविराम' का है। वाक्य की समाप्ति पर पूर्णविराम का चिह्न प्रयुक्त होता है।

**28. राम अयोध्या के राजा थे। में कौन चिह्न प्रयुक्त है?**

(a) अल्पविराम (b) पूर्णविराम
(c) हंसपद (d) रेखिका

**UPPCL Technician Grade-II 2018**

**उत्तर : (b)** वाक्य के पूर्ण होने पर पूर्णविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है। दिये गये वाक्य में 'पूर्णविराम चिह्न' का प्रयोग है। जब किसी वाक्य या वाक्यांश में कोई शब्द या अक्षर लिखने में छूट जाता है तो उसे लिखने के लिये 'हंसपद या त्रुटिबोधक चिह्न' का प्रयोग करते हैं। अर्द्धविराम से कुछ कम देर तक के ठहराव के लिये 'अल्पविराम चिह्न' का प्रयोग करते हैं।

## 4. प्रश्नवाचक चिह्न (?)

**29. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**किधर चले**

(a) ! (b) :-
(c) ? (d) ;

**DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)**

**उत्तरः (c)** दिए गए वाक्य 'किधर चले' में उपयुक्त विराम चिह्न प्रश्नवाचक (?) का प्रयोग होगा।
अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा - किधर चले?

**30. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**अमीना, तुम कब आई**

(a) ... (b) ?
(c) ; (d) :-

**DSSSB PRT 24.03.2022(Shift-III)**

**उत्तर : (b) :** दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न (?) प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग होगा।
**अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा** - अमीना, तुम कब आई ?

प्रश्नवाचक चिह्न (?) - प्रश्नवाचक चिह्न को अंग्रेजी में Question Mark कहा जाता है। जिन वाक्यों में प्रश्नात्मक भाव हो, उसके अन्त में प्रश्नवाचक चिह्न (?) लगाया जाता है।
प्रश्नवाचक (क्या, कहाँ, कब, कैसे, क्यों) वाक्यों के अंत में लगाये जाते हैं।

**31. (?) इस विराम चिह्न का नाम है–**

(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक
(c) अल्पविराम (d) योजक

**[UPSSSC Stenographer 10.03.2019]**
**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018**
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 2017**

**उत्तर (b):** (?) यह 'प्रश्नवाचक चिह्न' है। प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग प्रश्नवाचक वाक्यों के अन्त में किया जाता है। इसके अतिरिक्त 'जहाँ स्थिति निश्चित न हो' तथा 'व्यंग्योक्तियों' में भी इसका प्रयोग किया जाता है, किन्तु कुछ परिस्थितियों में यह प्रयुक्त नहीं होता है; जैसे–

1. जिन वाक्यों में प्रश्नवाचक शब्द सम्बन्धवाचक शब्दों की भाँति प्रयुक्त होते हैं, उनमें प्रश्नवाचक विराम चिह्न प्रयुक्त नहीं होता है; उदाहरण– वह नहीं जानता कि मैं क्या चाहता हूँ।

**32. एक वाक्य में विराम चिह्न का गलत प्रयोग हुआ है-**

(a) वह नहीं जानता कि मैं क्या कहना चाहता हूँ।
(b) आपने क्या कहा था, सो मैंने नहीं सुना।
(c) उत्तर प्रदेश की राजधानी बताओ।
(d) वह ऐसा क्यों कहता था कि हम वहाँ न जायेंगे।

**[UPPSC AE 2011]**

**उत्तर. (c) :** 'उत्तर प्रदेश की राजधानी बताओ वाक्य' में विराम चिह्न का गलत प्रयोग हुआ है। यह एक प्रश्नवाचक वाक्य है। अतः शुद्ध वाक्य 'उत्तर प्रदेश की राजधानी बताओ?' होगा।

## 5. विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

**33. घृणा, आश्चर्य, हर्ष आदि भावों को व्यक्त करने वाले शब्दों के साथ किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(a) उद्धरण चिह्न (b) विस्मयादिबोधक चिह्न
(c) अर्द्धविराम (d) कोष्ठक

**UPSI 23/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (b)** घृणा, आश्चर्य, हर्ष और भय आदि भावों को व्यक्त करने के लिए विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग करते हैं।

**34. निम्नलिखित में से किस वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग नहीं हुआ है?**

(a) हे प्रभो ! मुझे शक्ति दो।
(b) वह घर आया या नहीं?
(c) राम-राम ! उसने यह क्या कर दिया।
(d) तुम समझते हो कि वह निरा बालक है, परंतु वह अच्छे-अच्छों के कान काटता है।

**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022**

**उत्तरः (c)** 'राम-राम ! उसने यह क्या कर दिया।' वाक्य में विराम चिह्नों का सही प्रयोग नहीं हुआ है। इसका शुद्ध रूप होगा- राम! राम! उसने यह क्या कर दिया। शेष वाक्यों में विराम चिह्नों का सही प्रयोग हुआ है।

**35. वाह तुम आ गए । वाह के पश्चात् कौन सा चिह्न आएगा?**

(a) प्रथमवाचक चिह्न (b) विस्मयादिबोधक चिह्न
(c) पूर्ण विराम चिह्न (d) अवतरण चिह्न

**UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)**

**उत्तरः (b)** 'वाह तुम आ गए' विराम चिह्न की दृष्टि से यह अशुद्ध वाक्य है। वाक्य में वाह के पश्चात 'विस्मयादिबोधक चिह्न' (!) का प्रयोग किया जाएगा। अतः शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा–
वाह ! तुम आ गए।

**36. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**बच्चे शांतिपूर्वक बैठो।**

(a) 0 (b) !
(c) ..... (d) ;

**DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर : (b)** दिए गए वाक्य 'बच्चे शांतिपूर्वक बैठो' में उपयुक्त विराम चिह्न (!) का प्रयोग होगा।
अतः शुद्ध वाक्य निम्न होगा - बच्चे! शान्तिपूर्वक बैठो।

**37. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) आह! यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।
(b) आह, यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।
(c) आह यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।
(d) आहः यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती।

**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III)**

**उत्तर : (a)** सही विराम चिह्न युक्त वाक्य होगा– आह ! यह पीड़ा अब और सहन नहीं होती। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**38. इनमें से विस्मयादिबोधक चिह्न कौन-सा है?**

(a) ? (b) !
(c) । (d) ;

**UPSI 15/11/2021 (Shift-I)**
**UPSI 20/11/2021 (Shift-I)**
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 2017**

**उत्तर : (b)** विस्मयादिबोधक चिह्न (!) है। अन्य चिह्नों के विवरण हैं–
पूर्णविराम - (।)
अर्द्धविराम - (;)
अल्पविराम - (,)
निर्देशक चिह्न (-)
अवतरण या उद्धरण चिह्न- (‘’, “ ”)
उपविराम (:)

**39. अरे! तुम आ गए? इसमें 'अरे' के बाद कौन-सा चिह्न प्रयोग किया गया है?**

(a) विस्मयादिबोधक चिह्न (b) योजक चिह्न
(c) प्रश्नवाचक चिह्न (d) पूर्णविराम

**UPSI 15/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर : (a)** वाक्य 'अरे! तुम आ गए?' में 'अरे' के बाद विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग किया गया है। जिन वाक्यों में आश्चर्य, हर्ष, शोक, घृणा आदि भाव व्यक्त हों, उन्हें विस्मयबोधक वाक्य कहते हैं। इन वाक्यों में सामान्यतः विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का उपयोग किया जाता है।

**40. अहा तुम्हें पाकर कितना आनंद आ रहा है' इस वाक्य में उचित विराम चिह्न कौन-सा होगा?**

(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक चिह्न
(c) उपविराम (d) विस्मयादिबोधक चिह्न

**UPSI 21/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (d)** वाक्य 'अहा तुम्हें पाकर कितना आनंद आ रहा है' में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) होगा। 'अहा' शब्द के साथ विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग होगा। इसका प्रयोग हर्ष, विषाद, विस्मय, घृणा, आश्चर्य, करुणा, भय इत्यादि भाव व्यक्त करने के लिए होता है। शुद्ध वाक्य- अहा! तुम्हें पाकर कितना आनन्द आ रहा है।

**41. किस वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग नहीं है?**

(a) मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ। उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।
(b) वह दूर से, बहुत दूर से आ रहा है।
(c) सुनो! सुनो! वह गा रही है।
(d) प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।

**लोअर-III परीक्षा, 2016**

**उत्तर : (d)** 'प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।' इसमें प्रिय महाशय के बाद विस्मयादिबोधक (!)चिह्न का प्रयोग होना चाहिए।

**42. ओह ........... बहुत कठिन समय आया है।**
**दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए।**

(a) ! (b) –
(c) ? (d) ,

**UPSI Batch-I 21 Dec. 2017**

**उत्तर : (a)** दी गयी उक्ति में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग होगा। जैसे – ओह! बहुत कठिन समय आया है।

**43. ''अरे वाह __________आपका आगमन तो आकस्मिक है।''**
**वाक्य में रिक्त स्थान पर किस विराम चिह्न का प्रयोग किया जायेगा?**

(a) विस्मयादिबोधक (b) अर्द्धविराम
(c) दोहरा अवतरण (d) प्रश्नचिह्न

**UPSI Batch - I 20 Dec. 2017**

**उत्तर (a) :** अरे वाह आपका आगमन तो आकस्मिक है। में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) का प्रयोग किया जायेगा। अतः वाक्य का शुद्ध रूप 'अरे वाह! आपका आगमन तो आकस्मिक है' होगा।

**44. मनोविकार सूचक शब्दों, वाक्यांशों तथा वाक्यों के अन्त में किस चिह्न का प्रयोग होता है?**

(a) विस्मयबोधक (b) प्रश्नवाचक
(c) अर्द्धविराम (d) अल्पविराम

**GIC. PGT 2012**

**उत्तर : (a)** मनोविकार सूचक शब्दों, वाक्यांशों तथा वाक्यों के अंत में विस्मयबोधक (!) चिह्न का प्रयोग होता है। जैसे- ओह! मेरा सिर फटा जा रहा है। जिस वाक्य में किसी प्रकार के प्रश्न किए जाने का बोध हो, वहाँ पर प्रश्नवाचक (?) चिह्न का प्रयोग होता है जैसे- तुम्हारा नाम क्या है?

**45. हे भगवान......मेरी रक्षा करो। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थान भरिए।**

(a) विस्मयादिबोधक चिह्न (b) क्रिया
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

**UPSI Batch - II 15 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** रिक्त स्थान में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा– हे भगवान ! मेरी रक्षा करो।

**46. विराम चिह्न के प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य बताइए।**

(a) बस, हो गया, रहने दीजिए।
(b) ऊँच-नीच, अमीर-गरीब, समाज की विभाजक रेखाएँ हैं।
(c) क्या आप पटना के रहने वाले हैं?
(d) वाह!तुम्हारे क्या कहने, बहुत ऊपर तक जाओगे।

**UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020**

**उत्तर. (d) :** दिये गये वाक्यों में विराम चिह्न के प्रयोग की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है–वाह! तुम्हारे क्या कहने, बहुत ऊपर तक जाओगे। इसका विराम चिह्न की दृष्टि से शुद्ध रूप निम्न प्रकार होगा–
शुद्ध वाक्य– वाह! तुम्हारे क्या कहने! बहुत ऊपर तक जाओगे।

## 6. विवरण/योजक चिह्न (–)

**47. 'आना जाना' में अपेक्षित विराम चिह्न है–**

(a) योजक चिह्न (b) पूर्णविराम
(c) प्रश्नवाचक चिह्न (d) अर्द्धविराम

**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022**

**उत्तर : (a)** 'आना जाना' में अपेक्षित विराम चिह्न योजक चिह्न (-) है।

| विराम चिह्न | नाम |
|---|---|
| (-) | योजक चिह्न |
| (?) | प्रश्नवाचक चिह्न |
| (;) | अर्द्ध विराम |
| (।) | पूर्णविराम |

**48. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद होते हैं– स्वर संधि व्यंजन संधि और विसर्ग संधि
(b) वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद होते हैं – ''स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।''

(c) वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद होते हैं स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।
(d) वर्णों के आधार पर संधि के तीन भेद होते हैं – स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।

**DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-I)**

**उत्तर : (d) :** दिये गये विकल्पों में निम्न वाक्य में विराम चिह्न का शुद्ध प्रयोग हुआ है–
**शुद्ध वाक्य–** वर्णों के आधार पर सन्धि के तीन भेद होते हैं– स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।

**49. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**जून जुलाई में यहाँ बहुत बारिश होती है।**
(a) , (b) " "
(c) :- (d) –

**DSSSB PRT 07.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर : (d):** दिए गए वाक्य 'जून जुलाई में यहाँ बहुत बारिश होती है'। में उपयुक्त विराम चिह्न (–) का प्रयोग होगा।
अतः शुद्ध वाक्य निम्न होगा–
जून-जुलाई में यहाँ बहुत बारिश होती है।

**50. निम्नलिखित विराम चिह्न में से कौन-सा विवरण चिह्न है?**
(a) :- (b) ""
(c) ,, (d) ,,,

**DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)**
**UPSI 01/12/2021 (Shift-III)**

**उत्तर : (a) :** विराम चिह्न के प्रकार -
- विवरण चिह्न (:-)
- अवतरण या उद्धरण चिह्न (" …..")
- अर्द्धविराम (;)
- अल्पविराम (,)
- उपविराम (:)
- योजक चिह्न (–)

**51. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**एक दुबला पतला व्यक्ति द्वार पर खड़ा है।**
(a) ; (b) ()
(c) – (d) :-

**DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)**

**उत्तर : (c) :** दिये गये वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न योजक चिह्न (–) का प्रयोग होगा।
पूर्ण वाक्य – एक दुबला–पतला व्यक्ति द्वार पर खड़ा है।

| विराम | | चिह्न |
|---|---|---|
| अर्द्धविराम | – | (;) |
| कोष्ठक | – | () |
| विवरण चिह्न | – | (:–) |

**52. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**सर्वनाम के प्रमुख पाँच भेद हैं**
(a) । (b) :-
(c) ; (d) –

**DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- I)**

**उत्तर : (b)** दिये गये वाक्य में विवरण चिह्न (:–) का प्रयोग उपयुक्त होगा।
**पूर्ण वाक्य–** सर्वनाम के प्रमुख पाँच भेद हैं:–
**विवरण चिह्न –** विवरण चिह्न (:–) का प्रयोग वाक्यांश में जानकारी, सूचना या निर्देश आदि का विवरण देने के लिए किया जाता है।

**53. जब किसी पद की व्याख्या करनी हो या उसके संबंध में विस्तार से कुछ कहना हो तो इनमें से किस विराम-चिह्न का उपयोग किया जायेगा?**
(a) , (b) =
(c) : (d) :-

**UPSI 14/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर : (d)** जब किसी पद की व्याख्या करनी हो या उसके संबंध में विस्तार से कुछ कहना हो तो उसके लिए 'विवरण चिह्न (:-) का प्रयोग किया जाता है। जब किसी वाक्य को कहने के दौरान कम समय के लिए रुकना हो तो वहाँ अल्पविराम (,) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। किसी शब्द या अंक की अन्य शब्द से तुलना करते समय तुल्यता सूचक (=) विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है। जब किसी शब्द को अलग दर्शाना हो तो वहाँ पर उपविराम (:) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। **जैसे**– विज्ञान : वरदान या अभिशाप

**54. निम्नलिखित में 'योजक चिह्न' कौन सा है?**
(a) ... (b) -
(c) ? (d) –

**UPSI 15/11/2021 (Shift-II)**
**UPSI 16/11/2021 (Shift-I)**
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)**

**उत्तर : (b) :** प्रमुख विराम चिह्नों का विवरण है–
योजक चिह्न (–)
प्रश्नवाचक चिह्न (?)
पूर्णविराम (।)
अर्द्धविराम (;)
अल्पविराम (,)
विस्मयबोधक चिह्न (!)
निर्देशक (–)

**55. दो शब्दों के बीच प्रयोग किए जाने वाले चिह्न को क्या कहा जाता है?**
(a) उद्धरण चिह्न (b) विवरण चिह्न
(c) निर्देशक (d) योजक चिह्न

**UPSI 21/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तरः (d)** दो शब्दों के बीच प्रयोग किए जाने वाले चिह्न को योजक चिह्न (–) कहते हैं जबकि उद्धरण चिह्न (“ ”), विवरण चिह्न (:-) एवं निर्देशक चिह्न (—) है।

**56. दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति के बीच में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?**

(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) योजक (d) कोष्ठक

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**
**ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016**
**[UPSSSC Lower II Re Exam 2016]**

**उत्तर (c) :** 'योजक चिह्न (–)' को 'सम्बन्ध-चिह्न' भी कहा जाता है। इस चिह्न का प्रयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जाता है–

(i) दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति या एक अर्थ वाले सहचर शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– कपड़ा-लत्ता, धन-दौलत, मान-मर्यादा आदि।
(ii) सामासिक पदों या पुनरुक्त और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– जय-पराजय, लाभ–हानि, दो-दो, राष्ट्र-भक्ति।
(iii) तुलनावाचक 'सा', 'सी', 'से' के पहले। जैसे– चाँद-सा चेहरा, फूल-सी मुस्कान।
(iv) सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्मों के बीच। जैसे– अनाप-शनाप, उल्टा-पुल्टा, काम-वाम।

**57. माता पिता दोनों प्रसन्न थे- इस वाक्य में 'माता-पिता' के मध्य कौन सा विराम चिह्न लगेगा?**

(a) अल्पविराम (b) अद्रवविराम
(c) योजक चिह्न (d) निदेशक चिह्न

**[UPSSSC JA Baclog 19.02.2019]**

**उत्तर : (c)** प्रश्नगत वाक्य में 'माता-पिता' के मध्य **योजक चिह्न (-)** का प्रयोग होगा, इसका प्रयोग सामासिक पदों या पुनरुक्त और युग्म शब्दों तथा द्वित्व शब्दों के मध्य किया जाता है। यथा – 'माता-पिता'।

**अल्पविराम चिह्न (,) –** वाक्य में जहाँ थोड़ी देर का ठहराव होता है, वहाँ अल्पविराम का चिह्न प्रयुक्त होता है।

**अर्द्धविराम चिह्न (;)-** इसका प्रयोग स्पष्ट विराम स्थलों में आता है और किसी वाक्य में कई स्वतंत्र वाक्य होने पर उन्हें अलग-अलग रखने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है।

**निर्देशक चिह्न (—)**- इसका प्रयोग विषय, विवाद संबंधी प्रत्येक शीर्षक के आगे, उदाहरण के पश्चात, कथोपकथन के नाम के आगे किया जाता है। इसे रेखा चिह्न के नाम से भी जाना जाता है।

**58. किसी की कही हुई बात को स्पष्ट करने के लिए वाक्य के अंत में किस चिह्न का उपयोग करते हैं?**

(a) लोप (b) लाघव
(c) रेखांकन (d) विवरण

**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift I]**

**उत्तर : (d)** किसी की कही हुई बात को स्पष्ट करने के लिए वाक्य के अंत में विवरण चिह्न (:–) का उपयोग किया जाता है। विवरण चिह्न का प्रयोग आवेदन पत्र या प्रार्थना पत्र में 'विषय' एवं 'द्वारा' के बाद होता है।

**59. दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच कौन सा विराम चिह्न लगता है?**

(a) उद्धरण चिह्न
(b) योजक चिह्न
(c) विस्मयादिबोधक चिह्न
(d) प्रश्नवाचक चिह्न

**[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]**
**[UPSSSC Lower 30.09.2019 II Shift]**

**उत्तर. (b) :** दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच 'योजक चिह्न' लगता है। विराम का शाब्दिक अर्थ रुकना होता है। पाठक के भावबोध को सरल और सुबोध बनाने के लिए विराम चिह्न का प्रयोग होता है। जब एक ही शब्द दोहराया जाता है अथवा दोनों शब्द पृथक दिखाना होता है वहाँ योजक चिह्न (–) का प्रयोग किया जाता है।

दिये गये विराम चिह्नों का विवरण इस प्रकार है–

उद्धरण चिह्न –

| | | |
|---|---|---|
| (i) एकल उद्धरण | – | ' ' |
| (ii) दोहरा उद्धरण | – | “ ” |
| विस्मयादिबोधक चिह्न | – | ! |
| प्रश्नवाचक चिह्न | – | ? |

## 7. उद्धरण/अवतरण चिह्न

**60. किसी के द्वारा कहे गए कथन को मूल रूप से लिखने के लिए कौन सा विराम चिह्न प्रयुक्त होगा?**

(a) कोष्ठक चिह्न
(b) निर्देशक चिह्न
(c) उद्धरण चिह्न
(d) लाघव चिह्न

**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**

**उत्तरः (c) :** किसी के द्वारा कहे गए कथन को मूल रूप से लिखने के लिए दो उद्धरण चिह्न प्रचलित हैं- इकहरा (' ') और दुहरा (“ ”)।

1- पुस्तक, समाचार-पत्र, लेखक का उपनाम, लेख का शीर्षक इत्यादि उद्धृत करते समय इकहरे उद्धरणचिह्न का प्रयोग होता है, जैसे-'प्रदीप' एक हिन्दी दैनिक पत्र है।

2- महत्वपूर्ण कथन, कहावत, सन्धि आदि को उद्धृत करने में दुहरे उद्धरणचिह्न का प्रयोग होता है।

जैसे- भारतेन्दु ने कहा था- “देश को राष्ट्रीय साहित्य चाहिए।”

**61. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**चलो, चलते हैं। मैंने कहा ।**

(a) ; (b) “ ”
(c) … (d) ,,

**DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)**

**उत्तरः (b) :** दिए गए वाक्य चलो चलते हैं। मैंने कहा। में उपयुक्त विराम चिन्ह (“ ”) का प्रयोग होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा– “चलो, चलते हैं।” मैने कहा।

**62. किसी अक्षर या शब्द पर विशेष बल देने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(a) इकहरा उद्धरण
(b) दुहरा उद्धरण
(c) विवरण चिह्न
(d) विस्मरण

**[UPSSSC Mandi Parisad 30.05.2019 Shift II]**

**उत्तर : (a)** किसी अक्षर या शब्द पर विशेष बल देने के लिए एकल उद्धरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है। जहाँ किसी पुस्तक से कोई वाक्य या अवतरण ज्यों का त्यों उद्धत किया जाए, वहाँ दोहरे उद्धरण चिह्न का प्रयोग होता है और जहाँ कोई विशेष शब्द पद, वाक्य खंड इत्यादि उद्धत किए जाए, वहां इकहरे उद्धरण लगते हैं।

**63. नेता जी ने कहा था “तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा” इस वाक्य में कौन-सा चिह्न लगा है?**

(a) पूर्णविराम चिह्न
(b) अल्पविराम चिह्न
(c) उद्धरण चिह्न
(d) प्रश्नवाचक चिह्न

**UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift**

**उत्तर : (c)** नेता जी ने कहा था “ तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा”। इस वाक्य में उद्धरण चिह्न (“ ”) का प्रयोग हुआ है।
ध्यातव्य है कि उद्धरण चिह्न के दो प्रकार हैं-
(i) एकल उद्धरण चिह्न - ‘ ’ (ii) दोहरा उद्धरण चिह्न - “ ”
दोहरे उद्धरण चिह्न का प्रयोग किसी और के वाक्य या शब्दों को ज्यों का त्यों रखने में किया जाता है।

**64. विराम-चिह्न की दृष्टि से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(a) सभी एक साथ चिल्ला उठे हम भी चलेंगे।
(b) सभी एक साथ चिल्ला उठे, “हम भी चलेंगे।”
(c) सभी एक साथ चिल्ला उठे, हम भी चलेंगे।
(d) सभी एक साथ चिल्ला उठे,” हम भी चलेंगे।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014**

**उत्तर : (b)** सभी एक साथ चिल्ला उठे, “हम भी चलेंगे।” विराम चिह्न की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है, क्योंकि जब किसी वाक्य में किसी कथन को ज्यों का त्यों दिखाना होता है, तो उसे दोहरे उद्धरण चिह्न में लिखते हैं एवं इस कथन से ठीक पूर्व अल्पविराम (,) का प्रयोग करते हैं। अन्य विकल्प विराम- चिह्न की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

## 8. अन्य

**65. किस वाक्य में उचित विराम चिह्न प्रयुक्त हुए हैं?**

(a) क्या तुम कल मुझसे मिल सकोगे
(b) अजी, क्या, ऐसा हो पाएगा
(c) मैंने पूछा, “क्या बात है?”
(d) उफ्फ! कितनी गरमी है?

**UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)**

**उत्तरः (c) :** मैंने पूछा, “क्या बात है?” में उचित विराम चिह्नों का प्रयोग किया गया है। शेष वाक्य विराम चिह्नों के प्रयोग की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं जिनके शुद्ध रूप इस प्रकार हैं–
क्या तुम कल मुझसे मिल सकोगे?, अजी! क्या ऐसा हो पाएगा।, उफ्फ! कितनी गर्मी है।

**66. निम्नलिखित में सही विराम चिह्न से युक्त वाक्य का चुनाव कीजिए-**

(a) सुनो, सुनो, वह गा रही है।
(b) राम! लक्ष्मण! और शत्रुघ्न पधारे है
(c) रामनरेश गोबर-गणेश है
(d) क्या आप हरिद्वार से आ रहे हैं

**UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper**

**उत्तरः (a)** दिये गये विकल्पों में सही विराम चिह्न से युक्त वाक्य है- ‘सुनो, सुनो’, वह गा रही है। अन्य विकल्पों में दिये गये वाक्यों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-
रामनरेश गोबर-गणेश है।
राम, लक्ष्मण और शत्रुघ्न पधारे हैं।
क्या आप हरिद्वार से आ रहे हैं?

**67. हंसपद विराम चिह्न कौन सा है?**

(a) < (b) !
(c) > (d) ^

**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**

**उत्तरः (d) :** दिये गये विराम चिह्नों में से ‘^’ हंसपद विराम चिह्न है। जब किसी वाक्य को लिखते समय कोई शब्द छूट जाता है तो वाक्य में सुधार करने के लिए इस हंसपद (^) का प्रयोग किया जाता है।
जैसे- मुझे आज ^(कानपुर) जाना है, अर्थात् मुझे आज कानपुर जाना है।
अन्य विराम चिह्न निम्न प्रकार हैं-
विस्मयादिबोधक चिह्न (!)
से छोटा (<)
से बड़ा (>)

अल्पविराम (,)
उद्धरण चिह्न(“ ”)
प्रश्नवाचक चिह्न (?)

**68. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**निरंतर लगातार व्यायाम करते रहने से देह स्वस्थ रहता है।**

(a) ; (b) -
(c) ( ) (d) ...

**DSSSB PRT 20.03.2022(Shift- I)**

**उत्तरः (c)** दिए गए वाक्य “निरंतर लगातार व्यायाम करते रहने से देह स्वस्थ रहता है। में उपयुक्त विराम चिह्न ( ) का प्रयोग होगा।
अतः शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा –
निरंतर (लगातार) व्यायाम करते रहने से देह स्वस्थ रहता है।

**69. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) इतने में दूर से आवाज़ आई, ठहरो-ठहरो, मैं तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा।
(b) इतने में दूर से आवाज़ आई ठहरो ठहरो मैं तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा
(c) इतने में दूर से आवाज़ आई- ठहरो ठहरो मैं तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा
(d) इतने में दूर से आवाज़ आई, “ठहरो, ठहरो। मैं तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा।”

**DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)**

**उत्तरः (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में शुद्ध विराम चिह्न युक्त वाक्य निम्न होगा–
इतने में दूर से आवाज आई, “ठहरो, ठहरो! मै तुम्हें कुछ नहीं कहूँगा।”

**70. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) अध्यापक चिल्लाते हुए निकल जाओ कक्षा से अभी।
(b) अध्यापक (चिल्लाते हुए) “निकल जाओ कक्षा से अभी”
(c) अध्यापक - चिल्लाते हुए निकल जाओ कक्षा से अभी
(d) अध्यापक चिल्लाते हुए - निकल जाओ कक्षा से अभी

**DSSSB PRT 27.03.2022(Shift-III)**

**उत्तरः (b) :** दिये गये विकल्पों में निम्न वाक्य में विराम चिह्न का शुद्ध प्रयोग किया गया है–
अध्यापक (चिल्लाते हुए) “निकल जाओ कक्षा से अभी।”

**71. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**क्या प्रधानाचार्य आज नहीं आए हैं।**

(a) ,,| (b) ;?
(c) :! (d) " "?

**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)**

**उत्तरः (d) :** दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न (" " ?)का प्रयोग होगा।
अतः पूर्ण शुद्ध वाक्य होगा - “क्या प्रधानाचार्य आज नहीं आए हैं”?

**72. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**हम आकाश का वर्णन करते हैं पृथ्वी का वर्णन करते हैं पर कीचड़ का वर्णन कभी किसी ने किया है**

(a) , ? (b) ...
(c) ; ! (d) ^ ।

**DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)**

**उत्तरः (a) :** दिए गए वाक्य - हम आकाश का वर्णन करते है पृथ्वी का वर्णन करते है पर कीचड़ का वर्णन कभी किसी ने किया है में उपयुक्त विराम चिह्न (, ?) का प्रयोग होगा।
शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा-
हम आकाश का वर्णन करते हैं, पृथ्वी का वर्णन करते हैं पर कीचड़ का वर्णन कभी किसी ने किया है?

**73. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए ।**
**आज एमए परीक्षा के नतीजे आ गए हैं ।**

(a) “ ” (b) .
(c) ; (d) ( )

**DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- III)**

**उत्तरः (b) :** दिए गए वाक्य ‘आज एमए परीक्षा के नतीजे आ गए हैं, में उपयुक्त विराम चिह्न (.) का प्रयोग होगा।
**शुद्ध वाक्य** – आज एम. ए. परीक्षा के नतीजे आ गए हैं।

**74. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो विराम चिह्न युक्त वाक्य का सही विकल्प हो।**

(a) संत ने कहा विद्या पूर्ण करने के बाद तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी। तब मैंने कहा था, फिर कभी ले लूँगा।
(b) संत ने कहा-विद्या पूर्ण करने के बाद, तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी, तब मैंने कहा था, फिर कभी ले लूँगा।
(c) संत ने कहा, “विद्या पूर्ण करने के बाद तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी, तब मैंने कहा था, फिर कभी ले लूँगा।”
(d) संत ने कहा विद्या पूर्ण करने के बाद तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी तब मैंने कहा था फिर कभी ले लूँगा।

**DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)**

**उत्तरः (c) :** विराम चिह्न युक्त वाक्य होगा - संत ने कहा “विद्या पूर्ण करने के बाद तुमने गुरुदक्षिणा देनी चाही थी, तब मैने कहा था, फिर कभी ले लूँगा।”

75. 'उपविराम' का चिह्न इनमें से कौन-सा है?

(a) ː (b) -

(c) :- (d) -ː

**UPSI 12/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तरः (a) :** उपविराम (:) का उपयोग बहुधा शीर्षक में होता है। **जैसे**-साकेत : एक अध्ययन अतः विकल्प (A) में दिया गया चिह्न (:) उपविराम का चिह्न है।

**76. श्री कामता प्रसाद गुरु के अनुसार विराम चिह्नों को किस भाषा से लिया हुआ माना जाता है ?**

(a) अरबी (b) अंग्रेजी

(c) फ्रेंच (d) चीनी

**UPSI 17/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तरः (b) :** श्री कामता प्रसाद गुरु के अनुसार विराम चिह्नों को "अंग्रेजी" भाषा से लिया हुआ माना जाता है। हिन्दी भाषा में 20 प्रकार के विराम चिह्नों की चर्चा की गयी है।

**77. इनमें से किस वाक्य में उचित विराम-चिह्न का प्रयोग हुआ है?**

(a) एम. ए बी.एड़

(b) एम. ए,बी. एड.

(c) एम.ए.,बी.एड.

(d) एम.ए.बी.एड.

**UPSI 22/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तरः (c) :** विकल्प (c) में दिये गये वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग किया गया है। यथा-एम.ए.,बी.एड. इस वाक्य में लाघव चिह्न एवं अल्पविराम का प्रयोग हुआ है। किसी बड़े शब्द को संक्षिप्त में लिखने के लिए 'लाघव चिह्न' का प्रयोग किया जाता है। **जैसे**- संयुक्त राज्य अमेरिका- सं.रा.अ.

**78. निम्नलिखित में समानता सूचक चिह्न कौन-सा है?**

(a) = (b) ,

(c) " (d) :-

**UPSI 24/11/2021 (Shift-II)**

**लोअर-1 परीक्षा, 2015**

**उत्तरः (a) :**

| **सूचक चिह्न के नाम** | **सूचक चिह्न** |
|---|---|
| समानता सूचक चिह्न | = |
| विवरण चिह्न | :- |
| अल्पविराम चिह्न | , |
| उद्धरण, पुनरुक्ति सूचक चिह्न | ,, |

**79. किसी भाव या शब्द की व्याख्या करने के लिए, उस अंश को मूल वाक्य से अलग रखने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(a) अर्द्धविराम (b) कोष्ठक

(c) उद्धरण चिह्न (d) निर्देशक

**UPSI 29/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तरः (b) :** किसी भाव या शब्द की व्याख्या करने के लिए उस अंश को मूलवाक्य से अलग रखने के लिए 'कोष्ठक' ( ) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। वाक्यों में विराम चिह्न का प्रयोग उचित अर्थ बोधन के लिए किया जाता है। आचार्य श्री कामता प्रसाद गुरु ने हिंदी व्याकरण शास्त्र में 20 प्रकार के विराम चिह्नों की चर्चा की है। **उदाहरण**- सुमित्रानंदन (लक्ष्मण) अपने भाई के साथ वन को गये।

**80. किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?**

(a) निर्देशक

(b) उपविराम

(c) कोष्ठक

(d) विवरण चिह्न

**UPSI 29/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तरः (c) :** किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए कोष्ठक (), {}, [], विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है विकल्पों में दिये गये विराम चिह्नों के सूचक इस प्रकार हैं।

निर्देशक विराम चिह्न → –

उपविराम चिह्न → ;

विवरण विराम चिह्न → :–

**81. 'निम्न में से विराम चिह्न का प्रकार कौन-सा नहीं है?**

(a) विवरण

(b) लाघव

(c) उपदेशक

(d) निर्देशक

**UPSI 15/11/2021 (Shift-III)**

**अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तरः (c) :** 'उपदेशक' विराम चिह्न का प्रकार नहीं है। उपदेशक का अर्थ, 'जो दूसरों को उपदेश देता हो।' होता है। अन्य विकल्पों के विवरण इस प्रकार हैं-

| **नाम** | **चिह्न** |
|---|---|
| विवरण | (:-) |
| लाघव | (.) |
| निर्देशक | (–) |

**82. 'उपविराम' का प्रयोग इनमें से किस वाक्य में हुआ है?**

(a) मिश्रबन्धु तीन हैं–गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी।

(b) मिश्रबन्धु तीन हैंः गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी।

(c) मिश्रबन्धु तीन हैं; गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी।

(d) मिश्रबन्धु तीन हैंः- गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी।

**UPSI 12/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तरः (b) :** वाक्य 'मिश्रबंधु तीन हैंः गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी' में उपविराम का प्रयोग किया गया है। उपविराम का चिह्न (:) है। जब किसी कथन को अलग दिखाना हो तो वहाँ पर उपविराम का प्रयोग करते हैं।

83. <u>×××</u> रेखांकित चिह्न कौन-सा है?

(a) लोपसूचक चिह्न (b) स्थानसूचक चिह्न
(c) समाप्तिसूचक चिह्न (d) टीकासूचक चिह्न

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर: (a)** '×××' चिह्न 'लोपसूचक विराम चिह्न' है। जब किसी लेख, वाक्य या कथन में कुछ अंश पाठक के पूर्वपरिचित होने की अपेक्षा से छोड़ दिया जाता है, तब वहाँ लोपसूचक विराम चिह्न का प्रयोग होता है।

**84. किसी पद, उपवाक्य आदि की विशेषता दिखाने के लिए शब्द के नीचे एक रेखा खींचते हैं उसे कहते हैं-**

(a) प्रश्नवाचक चिह्न
(b) अधोरेखा चिह्न
(c) कोष्ठक चिह्न
(d) तिर्यक चिह्न

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (b)** किसी पद, उपवाक्य आदि की विशेषता दिखाने के लिये शब्द के नीचे एक रेखा खींची जाती है, जिसे 'अधोरेखा चिह्न' कहा जाता है। प्रश्नवाचक चिह्न (?) का प्रयोग प्रश्नबोधक वाक्य के अन्त में किया जाता है। कोष्ठक चिह्नों ( ), {}, [ ] का प्रयोग शब्द को स्पष्ट करने, कुछ अधिक जानकारी बताने आदि के लिये किया जाता है।

**85. किस वाक्य में प्रश्न चिह्न अपेक्षित है?**

(a) कोलकाता पश्चिमी बंगाल की राजधानी है
(b) आप कहाँ के रहने वाले हैं
(c) आपने जो कहा था उसे मैं नहीं सुना
(d) वाह उसने तो तुम्हें क्या ही धोखा दिया

**[UPPSC AE 2013]**

**उत्तर. (b) :** 'आप कहाँ के रहने वाले हैं?' वाक्य में प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग होगा। प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग उस जगह किया जाता है, जहाँ वाक्य में प्रश्न पूछे जाने की पुष्टि हो। 'वाह! उसने तो तुम्हें क्या ही धोखा दिया।' यह विस्मयादिबोधक वाक्य है और इसमें आये प्रश्न उत्तर की अपेक्षा नहीं रखते।

**86. 'राम राम निष्ठुर आखेटक ने निरीह पक्षी को मार डाला- वाक्य में अपेक्षित है-**

(a) दो विस्मयादिबोधक चिह्न, एक पूर्णविराम।
(b) एक पूर्णविराम।
(c) एक अल्पविराम, एक पूर्णविराम।
(d) एक विस्मयादिबोधक, एक पूर्णविराम।

**[UPPSC AE 2013]**

**उत्तर. (a) :** उक्त कथन में 'दो विस्मयादिबोधक चिह्न एक, पूर्णविराम' होगा। जो इस प्रकार है- 'राम! राम! निष्ठुर आखेटक ने निरीह पक्षी को मार डाला।'

**87. मेरा भारत महान, यह विश्व शक्ति, महाशक्ति कैसे बने यही है महामहिम का महास्वप्न विजय 2020. इस वाक्य में कितने विराम चिह्न होने चाहिए?**

(a) आठ (b) पाँच
(c) छः (d) सात

**[UPPSC AE 2007]**

**उत्तर. (b) :** दिये गये वाक्य में पाँच विराम चिह्न होंगे जो इस प्रकार हैं- मेरा भारत महान, यह विश्व शक्ति, महाशक्ति कैसे बने? यही है महामहिम का महास्वप्न विजन-2020।

**88. 'हंसपद' विराम चिह्न का प्रयोग होता है**

(a) वाक्य पूरा करने के लिए।
(b) संकेत देने के लिए।
(c) अर्थ स्पष्ट करने के लिए।
(d) लिखने में अक्षर छूटने का संकेत देने के लिए।

**[UPCSA 2019]**

**उत्तर. (d) :** हंसपद (^) का प्रयोग लिखने में अक्षर छूटने का संकेत देने के लिए किया जाता है। हिन्दी के कुछ महत्त्वपूर्ण विराम चिह्न हैं-

| | | |
|---|---|---|
| पूर्णविराम | - | । |
| अल्पविराम | - | , |
| योजक चिह्न | - | – |
| प्रश्नवाचक चिह्न | - | ? |
| विस्मयादिबोधक | - | ! |
| अर्द्धविराम | - | ; |
| विवरण चिह्न | - | : |
| लोप/वर्जन चिह्न | - | ××× |
| संक्षेप / लाघव चिह्न | - | o |

**89. 'बस हो गया रहने दीजिए' वाक्य में अपेक्षित है**

(a) एक अल्पविराम, एक पूर्णविराम।
(b) दो अल्पविराम, एक पूर्णविराम।
(c) एक अल्पविराम, दो पूर्णविराम।
(d) एक पूर्णविराम।

**[UPPSC AE 2011]**

**उत्तर. (a) :** 'बस हो गया रहने दीजिए' वाक्य में एक अल्पविराम एक पूर्णविराम अपेक्षित है। शुद्ध रूप है- बस हो गया, रहने दीजिए।

**90. 'साकेत' एक महाकाव्य है। - में किन दो विराम – चिह्नों का प्रयोग हुआ है?**

(a) पूर्णविराम और अर्द्धविराम
(b) पूर्णविराम और निर्देशक चिह्न
c) पूर्णविराम और कोष्ठक चिह्न
(d) पूर्णविराम और उद्धरण चिह्न

**[MPTET (I-V) 2011]**

**उत्तर. (d) :** 'साकेत' एक महाकाव्य है। वाक्य में 'पूर्णविराम और उद्धरण चिह्न' नामक दो विराम चिह्नों का प्रयोग हुआ है।

# 03.

# वर्तनी शुद्धि

**निर्देशः ( प्रश्न सं. 81 से 85 तक): निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए शुद्ध शब्द चुनिए तथा (A), (B), (C), (D) और (E) में से सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**1. अनाधिकार**
(a) अनधिकार
(b) अनाधीकार
(c) अन अधिकार
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)**
**UPPCS RO/ARO (Mains) 2021**
**[UK PSC AE 2013]**

**उत्तर :(a) :** अनाधिकार का शुद्ध रूप अनधिकार होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**2. परलौकिक**
(a) परालौकिक
(b) पारलौकिक
(c) परालोकिक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)**

**उत्तर :(b) :** परलौकिक का शुद्ध रूप पारलौकिक होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**3. चांद**
(a) चॉन्द
(b) चान्द
(c) चाँद
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)**

**उत्तर :(c)** चांद का शुद्ध रूप चाँद होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**4. सौंदर्यता**
(a) सौंदर्य
(b) सोन्दरता
(c) सुदर्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)**

**उत्तर :(a) :** सौंदर्यता का शुद्ध रूप सौंदर्य होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**5. परसाद**
(a) प्रशाद
(b) प्रसाद
(c) प्रषाद
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-I)**

**उत्तर :(b) :** परसाद का शुद्ध रूप प्रसाद होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**निर्देश ( प्रश्न सं. H-83 से H-86 तक ) : निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए पाँच-पाँच विकल्प दिए गए हैं। इनमें से शुद्ध शब्द को चुनकर उत्तर-पत्रक में चिह्नित कीजिए।**

**6. संनयासी**
(a) संयासी
(b) संन्यासी
(c) सन्यासी
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**
**(UPUDA Spl. Pre. 2018)**
**[UPPSC AE 2007]**

**उत्तर :(b) :** दिया गया शब्द 'संनयासी' अशुद्ध शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'संन्यासी' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**7. तयाजय**
(a) तियागय
(b) त्याग
(c) त्याज्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**

**उत्तर :(c) :** दिया गया शब्द 'तयाजय' अशुद्ध है, इसका शुद्ध रूप 'त्याज्य' होगा। अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

**8. सुद्रढ़**
(a) सूदृढ़
(b) सुदृढ़
(c) सुदृठ
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**

**उत्तर :(b) :** दिया गया शब्द 'सुद्रढ़' अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'सुदृढ़' होगा।

9. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) विधाता (b) सर्वश्रेष्ट
(c) भूमीगत (d) इनमें से कोई नहीं
**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022**

**उत्तर :(a) :** 'विधाता' शब्द की वर्तनी सही है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

10. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए :
**1. अतिशयोक्ति** **2. दुरगति**
**3. मरीची** **4. नीरधि**
**किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?**
(a) 2 और 3 (b) 1 और 2
(c) 1, 3 और 4 (d) 2, 3 और 4
**UPSSSC Lower Mains 2019 (Paper-II) 21/10/2021**

**उत्तर :(c) :** 'अतिशयोक्ति, मरीची तथा नीरधि' शुद्ध शब्द हैं, जबकि दुरगति शब्द अशुद्ध है उसका शुद्ध रूप 'दुर्गति' होगा।

11. निम्न में से कौन सी वर्तनी सही है?
(a) चारदीवारी (b) चहारदीवारी
(c) चारदिवारी (d) चाहरदीवारी
**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022**

**उत्तर :(*) :** 'चहारदीवारी' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।
**नोट**-आयोग ने इस प्रश्न में सभी को समान अंक दिये हैं।

12. निम्न में से कौन सी वर्तनी सही है?
(a) कोतुहल (b) कौतुहल
(c) कौतूहल (d) कुतुहल
**UPSSSC वन रक्षक मुख्य परीक्षा, 2022**
**UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)**
**वन रक्षक परीक्षा-2015**

**उत्तर :(c) :** 'कौतूहल' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

13. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) भाग्यमान (b) रमायन
(c) लालायित (d) वाल्मिकी
**लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022**
**UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)**

**उत्तर :(c) :** निम्न में 'लालायित' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्न हैं-

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| भाग्यमान | - | भाग्यवान |
| रमायन | - | रामायण |
| वाल्मिकी | - | वाल्मीकि |

14. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए:
(1) अधोगती (2) ऊजवल
(3) विस्मरण (4) हितैषी
**किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?**
(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 2 और 4
**UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डीपरि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)**
**लेखपाल मुख्य परीक्षा, 2022**
**UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परि. (परीक्षा तिथि 08.05.2022)**

**उत्तर :(c) :** दिए गए विकल्पों में 'विस्मरण' तथा 'हितैषी' शब्द की वर्तनी शुद्ध है।

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| अधोगती | - | अधोगति |
| ऊजवल | - | उज्ज्वल |

15. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) अभ्यंतरीक (b) आभ्यंतरिक
(c) अभ्यांतरिक (d) इनमें से कोई नहीं
**UPSSSC सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (परीक्षा तिथि 03.07.2022)**
**UPPSC AE 2011**

**उत्तर :(b) :** दिये गये विकल्पों में 'आभ्यंतरिक' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। किसी शब्द के अंत में 'इक' प्रत्यय के प्रयोग से शब्द के आदि में 'अ' का 'आ' तथा 'इ/ई' का 'ऐ' हो जाता है। जैसे-अभ्यंतर + इक = आभ्यंतरिक।

16. निम्नलिखित शब्दों में किस समूह के सभी शब्द शुद्ध हैं?
**1. प्रसुन, गदर्भ, शुषुप्ति**
**2. पंकज, परम्परा, गंगा**
**3. चंचल, कन्धा, घन्टा**
**4. लख्य, कृप्या, अभीनेत्री**
(a) 1, 4 (b) 3
(c) 2 (d) 2, 3
**UPSSSC सहा. सांख्यिकी अधिकारी (परीक्षा तिथि 22.05.2022)**

**उत्तर :(c) :** दिये गये विकल्पों में पंकज, परम्परा, गंगा वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द-समूह हैं। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

17. अधोलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) बारात (b) कालीदास
(c) बजार (d) बाज़ार
**UPPCS (Pre) CSAT 2023 IInd Paper**

**उत्तर :(d) :** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'बाज़ार' है। अन्य शब्द बारात एवं कालीदास त्रुटिपूर्ण शब्द हैं जिनका शुद्ध रूप बरात एवं कालिदास है।

18. एक की वर्तनी शुद्ध है-
(a) अधिकारिक (b) आधिकारिक
(c) अधिकारक (d) अधीकारिक
**UPPCS RO/ARO (Pre) 2021**

**उत्तर :(b) :** 'आधिकारिक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। जबकि अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**19. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है -**
(a) पूज्यनीय (b) तत्कालिक
(c) प्रामाणिक (d) पैत्रिक

**UPPCS RO/ARO (Pre) 2021**
**UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I**

**उत्तर :(c) :** दिये गये शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है – प्रामाणिक।
प्रामाणिक शब्द में मूल शब्द 'प्रमाण' है। इसमें इक प्रत्यय है।

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| पूज्यनीय | - | पूजनीय |
| तत्कालिक | - | तात्कालिक |
| पैत्रिक | - | पैतृक |

**20. इसमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है -**
(a) रचइता
(b) अनाधिकार
(c) चिन्ह
(d) अनुकूल

**UPPCS RO/ARO (Pre) 2021**

**उत्तर :(d) :** दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी का शब्द 'अनुकूल' है। अन्य वर्तनी के शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं–

| **अशुद्ध शब्द** | | **शुद्ध शब्द** |
|---|---|---|
| रचइता | – | रचयिता |
| अनाधिकार | – | अनधिकार |
| चिन्ह | – | चिह्न |

**21. एक वाक्य में विशेषण अशुद्ध है, वह है -**
(a) सुन्दरी लड़की (b) सुन्दर लड़की
(c) सुन्दर लड़का (d) सुन्दर लड़के

**UPPCS RO/ARO (Pre) 2021**

**उत्तर :(a) :** दिये गये वाक्य 'सुन्दरी लड़की' में विशेषण 'सुन्दरी' अशुद्ध है। इसका शुद्ध वाक्य सुन्दर लड़की होगा।
**विशेषण–** वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं विशेषण कहलाते हैं।
**विशेष्य–** विशेषण शब्द जिसकी विशेषता बताता है, वह 'विशेष्य' कहलाता है।

**22. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है -**
(a) अधिन (b) अधीन
(c) आधीन (d) आधिन

**UPPCS RO/ARO (Pre) 2021**

**उत्तर :(b) :** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अधीन' होगा। अन्य विकल्पों की वर्तनी शुद्ध नहीं है।

**23. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है -**
(a) याज्ञवल्क (b) सदृश
(c) हस्तक्षेप (d) गृहिणी

**VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)**
**UPPCS RO/ARO (Pre) 2021**

**उत्तर :(a):** 'याज्ञवल्क' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी 'याज्ञवल्क्य' है। शेष शब्दों सदृश, हस्तक्षेप, गृहिणी की वर्तनी शुद्ध है।

**24. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-**
(a) परिच्छा (b) परीच्छा
(c) परीक्षा (d) परिक्षा

**UPPCS RO/ARO (Pre) 2021**
**UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-I**
**UPRO (Mains) 2013**

**उत्तर :(c) :** 'परीक्षा' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है-

| **अशुद्ध शब्द** | | **शुद्ध शब्द** |
|---|---|---|
| प्रत्युत् | - | प्रत्युत |
| भाग्यवान | - | भाग्यवान् |
| विधिवत | - | विधिवत् |
| श्रीमान | - | श्रीमान् |

**25. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छाँटिए ।**
(a) रिण (b) रित्
(c) ऋण (d) रिजु

**MPPSC (Pre) 2021**

**उत्तर :(c) :** 'ऋण' शुद्ध शब्द है ।

| **अशुद्ध शब्द** | **शुद्ध शब्द** |
|---|---|
| रिण | ऋण |
| रित् | ऋतु |
| रिजु | ऋजु |

**26. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध शब्द छाँटिए ।**
(a) आषाढ़ (b) कष्ट
(c) पुस्ट (d) रेशम

**MPPSC (Pre) 2021**

**उत्तरः(c)** 'पुस्ट' अशुद्ध शब्द है, इसका शुद्ध शब्द 'पुष्ट' होगा । अन्य शब्द – आषाढ़, कष्ट तथा रेशम शुद्ध हैं ।

**27. निम्नलिखित में से सही शब्द-युग्म का चयन कीजिए ।**
(a) आवर्त - पानी का भँवर
(b) अवश - अवश्य
(c) अस्व – घोड़ा
(d) आसन - भोजन

**MPPSC (Pre) 2021**

**उत्तर :(a) :** शुद्ध शब्द युग्म-

| | | |
|---|---|---|
| आवर्त | – | पानी का भँवर |
| अश्व | – | घोड़ा |

**28. नीचे चार शब्द दिए गए हैं। इन शब्दों की मात्रागत शुद्धि/अशुद्धि पर विचार करते हुए दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिएः**
**(i) सूचि** **(ii) उज्वल**
**(iii) मनोनीत** **(iv) अनुगृहीत**
**कूटः**
(a) केवल (i) अशुद्ध है
(b) (i) एवं (ii) दोनों ही अशुद्ध हैं
(c) (i), (ii) एवं (iii) तीनों ही अशुद्ध हैं
(d) (i), (ii), (iii) एवं (iv) चारों ही अशुद्ध हैं

**CGPSC (Pre) 2021**

**उत्तर :(b) :** उपर्युक्त दिए गए शब्दों में 'मनोनीत' एवं 'अनुगृहीत' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं। जबकि सूचि एवं उज्वल की वर्तनी अशुद्ध है। इनका शुद्ध रूप क्रमशः 'सूची' और 'उज्ज्वल' है।

**29. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द हैः**

(a) संग्रहित (b) संग्रहीत (c) संगृहित (d) संगृहीत

**CGPSC (Pre) 2019**

**उत्तर : (d) :** निम्नलिखित में शुद्ध शब्द संगृहीत है। संग्रहीत, संग्रहित इत्यादि वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**30. अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–**

(a) उँगली (b) बाँस
(c) पांचवां (d) दाँत

**UPPCS RO/ARO (Mains) 2021**

**उत्तर :(c) :** अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'पांचवां' है, इसका शुद्ध रूप 'पाँचवाँ' होगा जबकि अन्य शब्दों की वर्तनी शुद्ध है।

**31. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है-**

(a) लब्धप्रतिष्ठा (b) लुब्धपृतिष्ठ
(c) लब्धप्रतिष्ठ (d) लब्धपृतिष्ठ

**UPPCS (Pre) 2022**
**RO/ARO 2021**

**उत्तर :(c) :** दिये गये विकल्पों में से 'लब्धप्रतिष्ठ' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**32. निम्नलिखित में से एक शब्द की वर्तनी में हलन्त-सम्बन्ध अशुद्धि है, वह शब्द है**

(a) श्रीमान् (b) परिषद्
(c) सम्राट् (d) श्रीयुत्

**UPPCS (Pre) 2022**

**उत्तर :(d) :** दिये गये विकल्पों में से 'श्रीयुत्' शब्द में हलन्त संबंधी अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप 'श्रीयुत' होगा। अन्य विकल्प शुद्ध है।

**33. 'प्रदुमन' शब्द की शुद्ध वर्तनी है-**

(a) प्रद्युम्न (b) प्रद्यूमन
(c) प्रदुम्न (d) प्रदूमन

**VDO Re-Exam 27/06/2023 (Shift-II)**

**उत्तर :(a) :** 'प्रदुमन' शब्द की सही वर्तनी 'प्रद्युम्न' होगी।

**34. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?**

(a) अनुग्रहित (b) कनिष्ट
(c) उन्नती (d) ज्योत्स्ना

**VDO Re-exam 27-06-2023 (Shift-I)**
**BIHAR Primary Teacher-2023 (Shift-II)**
**UPSI 24/11/2021 (Shift-II)**
**UPSI 24/12/2021 (Shift-I)**
**UPPCS RO/ARO Re-Exam 2016**
**DSSSB Steno. (Grade-III) 11/06/2017**
**DIET PGT. 2014**
**UPUDA Spl. Pre. 2010**
**UPPGT 2010, 2005**

**उत्तर :(d):** दिये गये विकल्पों में 'ज्योत्स्ना' शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द है। विकल्पों में दिये गये अन्य शब्दों की सही वर्तनी है– अनुगृहीत, कनिष्ठ, उन्नति।

**35. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही हैं?**

(a) प्रतिग्या (b) उत्कर्ष
(c) महात्मय (d) सहश्त्र

**VDO Re-exam 26/06/2023 (Shift-II)**

**उत्तर :(b) :** दिये गये शब्दों में 'उत्कर्ष' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य शब्दों की सही वर्तनी निम्न प्रकार होगी–प्रतिज्ञा, माहात्म्य तथा सहस्त्र।

**36. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

(a) अन्जान (b) अंजान
(c) अनजान (d) अन्नजान

**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift-I)**

**उत्तर :(c) :** दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी 'अनजान' है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**37. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**

(a) अद्वितीय (b) अदितीय
(c) अद्वीतीय (d) अद्वीतय

**DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-III)**

**उत्तर :(a) :** दिये गये विकल्प में 'अद्वितीय' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है अन्य विकल्प असंगत हैं।

**38. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

(a) असप्रस्यता (b) अस्पृष्यता
(c) अस्प्रश्यता (d) अस्पृश्यता

**DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर :(d) :** दिए गए विकल्प में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अस्पृश्यता' है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**39. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**

(a) आभीष्ट (b) अभीष्ट
(c) अभिष्ठ (d) अभिष्ठ

**DSSSB PRT 30.03.2022(Shift-II)**

**उत्तर :(b) :** दिए गए विकल्पों में शुद्ध शब्द का सही विकल्प 'अभीष्ट' होगा। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**40. निम्नलिखित प्रश्न में चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**

(a) अभिषेक (b) अभीशोक
(c) अभिसेक (d) अभीषेक

**DSSSB PRT 29.03.2022(Shift-I)**

**उत्तर :(a) :** उपर्युक्त विकल्पों में 'अभिषेक' शब्द की वर्तनी शुद्ध है।
अन्य विकल्पों की वर्तनी अशुद्ध है।

**41. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) अनोपचारिक (b) अनौपचारिक
(c) अनौपचरिक (d) अनौपचारीक

**UPSI 29/11/2021 (Shift-II)**

उत्तर : (b) 'अनौपचारिक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**42. इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?**

(a) अध्ययेता (b) अधियेता
(c) अध्यात (d) अध्येता

**UPSI 13/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर :(d) :** दिये गये विकल्पों में शब्द 'अध्येता' शुद्ध है। शेष अशुद्ध हैं।

**43. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) अभिव्यंचनावद (b) अभिव्यंजनावाद
(c) अभीव्यंजनाबाद (d) अभिव्यंचनाबाद

**UPSI 22/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर :(b) :** विकल्प में दिया गया शब्द 'अभिव्यंजनावाद' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**44. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) अबाव (b) अभाव
(c) अभ्भाव (d) अभाब

**UPSI 27/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर :**(b) **:** सही वर्तनी वाला शब्द 'अभाव' है। अन्य सभी वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द हैं।

**45. इनमें से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) अंतर्ध्यान (b) अंतरध्यान
(c) अंतर्धान (d) अंतःध्यान

**UPSI 02/12/2021 (Shift-III)**
**[UKPSC AE 2013]**
**(UPUDA Spl. Pre. 2010)**

**उत्तरः(c) :** दिये गये विकल्पों में 'अंतर्धान' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि विकल्पों में दिये गये अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**46. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) अध्यपान (b) अद्यापन
(c) अद्धापन (d) अध्यापन

**UPSI 28/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर :**(d) **:** सही वर्तनी वाला शब्द 'अध्यापन' है। अध्यपान, अद्यापान, अद्धापन ये सभी वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**47. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द शुद्ध है?**

(a) अंगना (b) चांद
(c) आंख (d) अँक

**[CTET (I-V) 08.01.2019]**

**उत्तर. (a) :** 'अंगना' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। अंगना का अर्थ 'स्त्री' होता है। दिये गये अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप निम्नलिखित हैं–

| अशुद्ध रूप | शुद्ध रूप |
|---|---|
| चांद | चाँद |
| आंख | आँख |
| अँक | अंक |

**48. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है?**

(a) अंर्तगत (b) अंतर्गत
(c) अंतगर्त (d) अंतरगत

**[UKPSC AE 2012]**

**उत्तरः (b):**'अंतर्गत' शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्पों की वर्तनी अशुद्ध है।

**49. 'सँगम' शब्द में किस तरह की अशुद्धि है?**

(a) नुक्ता (b) रेफ
(c) अनुनासिक (d) अनुस्वार

**UPSI Batch - III 20 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** प्रश्नगत शब्द 'सँगम' में 'अनुनासिक ध्वनि' की अशुद्धि है। अतः शुद्ध शब्द '**संगम**' होगा।

**50. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द छाँटिए।**

(a) आभीराम (b) अभीराम
(c) अभिराम (d) अभिरम

**UPSI Batch-III 21 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द '**अभिराम**' है। अन्य सभी शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

**51. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए–**

(a) महीना (b) अनुगृह
(c) क्रिया (d) सप्ताह

**KVS TGT Hindi, 2017**

**उत्तर : (b)** अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अनुगृह' है जिसका शुद्ध रूप- '**अनुग्रह**' है। जबकि महीना, क्रिया तथा सप्ताह तीनों शुद्ध हैं।

**52. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए।**

(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनुग्रहित (d) आनुगृहीत

**UPPCS RO/ARO (Mains) 2021**
**(UPUDA Main 2013)**
**UP RO (Main), 2013**
**[UPPSC AE 2008]**

**उत्तर : (b)** वर्तनी की दृष्टि से दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द **अनुगृहीत** है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

**53. एक की वर्तनी शुद्ध है–**

(a) राज्य महल (b) कोमलांगिनी
(c) निरोग (d) अक्षौहिणी

**UP RO (Pre.), 2016**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर '**अक्षौहिणी**' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। शेष विकल्पों की वर्तनी के शुद्ध रूप निम्नवत हैं–

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| राज्य महल | राजमहल |
| कोमलांगिनी | कोमलांगी |
| निरोग | नीरोग |

**54. एक की वर्तनी शुद्ध है–**

(a) खिवैया (b) न्यौछावर
(c) अनन्नास (d) निर्पेक्ष

**UP RO (Pre.), 2016**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों के आधार पर '**अनन्नास**' की वर्तनी शुद्ध है। शेष निम्नवत हैं-

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| खेवैया | खिवैया |
| न्योछावर | न्यौछावर |
| निरपेक्ष | निर्पेक्ष |

**55. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(a) अधिशासी (b) अधिशाषी

(c) अधिसाशी (d) अधिषाशी

**UP PGT 2005**

**उत्तर : (a)** प्रस्तुत विकल्पों में से 'अधिशासी' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष तीनों विकल्पों में दिए गए शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**56. अहेतुकी का शुद्ध रूप है –**

(a) अहितकी (b) अहैतुकी (c) वेतुकी (d) अभितुकी

**UP TGT 2013**

**उत्तर : (b)** अहेतुकी का शुद्ध रूप 'अहैतुकी' है। शेष अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

**57. 'आलौकिक का शुद्ध शब्द है –**

(a) अलौकुक (b) आलोकिक

(c) अलौकिक (d) आलोकुक

**UP TGT 2009**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों के आधार पर '**अलौकिक**' शुद्ध शब्द है। अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**58. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–**

(a) अधीकार (b) अनुशरण

(c) अध्ययन (d) अगामी

**UPSSSC VDO 22/12/2018 Shift-II**
**ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा-2015**
**DSSSB लोवर डिवीजन क्लर्क 16/11/2014**
**DSSSB TGT 28/12/2014**

**उत्तर : (c)** प्रश्नगत विकल्पों में 'अध्ययन' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष शब्दों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं–

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द |
|---|---|
| अधीकार | अधिकार |
| अनुशरण | अनुसरण |
| अध्यन | अध्ययन |
| अगामी | आगामी |

**59. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए –**

(a) अन्त्याक्षरी (b) पूज्यनीय

(c) तदोपरान्त (d) कवियित्री

**[UKPSC AE 2013]**
**नायब तहसीलदार, 1992**
**(UPUDA Main 2010)**

**उत्तर-(a)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द '**अन्त्याक्षरी**' है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार है–

| अशुद्ध | | शुद्ध |
|---|---|---|
| पूज्यनीय | – | पूजनीय |
| तदोपरान्त | – | तदुपरान्त |
| कवियित्री | – | कवयित्री |

**60. शुद्ध शब्द छाँटिए-**

(a) अभ्यस्थ (b) अभियस्त

(c) अभ्यस्त (d) अभयस्त

**UPSI 30/11/2021 (Shift-III)**
**लोअर-III परीक्षा, 2016**

**उत्तर-(c)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर '**अभ्यस्त**' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष सभी त्रुटिपूर्ण शब्द हैं।

**61. निम्नलिखित वाक्य में मोटे छपे शब्द की शुद्ध वर्तनी कौन-सी है?**

**अत्याधिक** व्यस्तता से जीवन में नीरसता आ जाती है।

(a) अत्यधिक (b) अतयाधिक

(c) अत्यधीक (d) अत्याधिक

**राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015**

**उत्तर-(a)** '**अत्याधिक** व्यस्तता से जीवन में नीरसता आ जाती है'। इस वाक्य में 'अत्याधिक' गलत लिखा है। इसका शुद्ध रूप 'अत्यधिक' है।

**62. निम्नलिखित प्रश्नों में चार वैकल्पिक वर्तनी दी गई हैं। सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए–**

(a) अष्ठ (b) अश्ट

(c) अस्ट (d) अष्ट

**UKPCS AE 2013**
**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**उत्तर-(d)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अष्ट' है।

**63. प्रश्न में मात्र एक शब्द की वर्तनी शुद्ध है। उन्हें चिह्नित कीजिए।**

(a) अक्षुण्ण (b) अक्षुण्य

(c) अच्छुण (d) अक्षूण्य

**[UPPSC AE 2007]**

**उत्तर. (a) :** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द अक्षुण्ण है।

**64. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन करें।**

(a) अभ्यस्थ (b) अहिल्या

(c) तत्व (d) महत्व

**RO/ARO 2021**
**UPSSSC Computer Operator, 10.01.2020**

**उत्तर. (*) :** प्रश्न में दिये गये चारों ही शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं, इनके शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार हैं–

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| अभ्यस्थ | अभ्यस्त |
| अहिल्या | अहल्या |
| तत्व | तत्त्व |
| महत्व | महत्त्व |

**65. वाक्य एवं वर्तनी शुद्धि –**

(i) आसक्ति, पारितोषिक।

(ii) शुक्षुषा, शुबुद्धि।

(a) केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है।

(b) केवल (ii) की वर्तनी शुद्ध है।

(c) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी शुद्ध है।

(d) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है।

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (a)** केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है। (i) आसक्ति, पारितोषिक जबकि (ii) की शुद्ध वर्तनी होगी - **शुश्रूषा, सुबुद्धि**।

66. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो शुद्ध शब्द का सही विकल्प है।**

(a) आगतुंक (b) आगतुक
(c) आगंतुक (d) आगंतूक

**DSSSB PRT 25.03.2022(Shift- III) (Shift- I)**

**उत्तर :(c) :** निम्न विकल्पों में 'आगंतुक' शब्द की वर्तनी शुद्ध है, अन्य विकल्पों की वर्तनी में अशुद्धि है।

67. **दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

(a) आमवस्या (b) अमावश्या
(c) अमवश्या (d) अमावस्या

**DSSSB PRT 16.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर :(d) :** दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी 'अमावस्या' होगी। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

68. **दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

(a) आहार (b) अहर
(c) आहर (d) अहार

**DSSSB PRT 24.03.2022(Shift- II)**

**उत्तर :(a) :** दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'आहार' होगा। अन्य शब्द अशुद्ध हैं।

69. **इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(a) असीरवाद (b) आसिर्वाद
(c) आर्शीवाद (d) आशीर्वाद

**VDO 26-06-2023 (Shift-I)**
**UPSI 25/11/2021 (Shift-II)**
**UPSI 12/11/2021 (Shift-III)**
**UK PSC AE 2017**
**UP TGT 2001**
**गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा-2016**
**UP SI 01/12/2021 (Shift - I)**

**उत्तर :(d) :** 'आशीर्वाद' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

70. **इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(a) आगामी (b) अगमी
(c) आगमी (d) अगामी

**UPSI 30/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर :(a) :** दिये गये विकल्पों में 'आगामी' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष तर्कसंगत नहीं हैं।

71. **निम्न में से सही शब्द चुनें।**

(a) आदर्श (b) आर्दश (c) आदरस (d) आदर्शा

**UPSI Batch - III 19 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** प्रश्नगत विकल्पों में 'आदर्श' सही शब्द है। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

72. **एक की वर्तनी शुद्ध है–**

(a) आविष्कार (b) देवार्षि
(c) निशब्द (d) जमाता

**UP RO (Pre.), 2016**
**UP SI 01/12/2021(Shift -III)**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'आविष्कार' की वर्तनी शुद्ध है। शेष अशुद्ध शब्दों की वर्तनी निम्नवत है–

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| देवार्षि | देवर्षि |
| निशब्द | निःशब्द |
| जमाता | जामाता |

73. **निम्नलिखित शब्दों में से एक की वर्तनी शुद्ध है–**

(a) आधीन (b) आकंठ
(c) आकस्मात् (d) आकांड तांडव

**GIC. PGT 2009**

**उत्तर : (b)** आकंठ शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। जबकि आधीन, आकस्मात् तथा आकांड तांडव अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द हैं इसका शुद्ध रूप अधीन, अकस्मात् तथा अकांड तांडव होगा।

74. **निम्नलिखित शब्दों में से एक की वर्तनी शुद्ध है–**

(a) असम (b) काश्मीर
(c) गौहाटी (d) चेन्ने

**[UPPSC AE 2007]**

**उत्तर. (a) :** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द असम है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार होगी-

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| काश्मीर | कश्मीर |
| गौहाटी | गुवाहाटी |
| चेन्ने | चेन्नई |

75. **निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–**

(a) अनुषंगिक (b) आनुषंगिक
(c) अनुषंगीक (d) अनुसंगिक

**[UPSSSC Can Supervisor 30.08.2019]**
**UP UDA Main 2013**
**UP RO (Main), 2013**
**UP PGT 2010**

**उत्तर. (b) :** दिये गये शब्दों में 'आनुषंगिक' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष त्रुटिपूर्ण शब्द हैं।

76. **'भारत देश में इन्दोर स्वच्छता की सूची में प्रथम स्थान पर है।' वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) स्वच्छता (b) इन्दोर
(c) प्रथम (d) भारत

**SSC GD Constable 12.01.2023 (9-10am)**

**उत्तर :(b) :** वाक्य में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'इन्दोर' है, जिसकी शुद्ध वर्तनी 'इन्दौर' होगी।

77. **इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?**

(a) इन्द्रवज्रा (b) इन्दर्वज्रा
(c) इन्दवज्र (d) इंदवज्रा

**UPSI 13/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर :(a) :** दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'इन्द्रवज्रा' है। शेष विकल्प गलत हैं।

**78. सही रूप है-**

(a) इकट्टा　　(b) इखट्टा
(c) इकट्ठा　　(d) इखट्ठा

**UPSI, 2016**

| **उत्तर : (c)** | **अशुद्ध** | – | **शुद्ध** |
|---|---|---|---|
| | इकट्टा | – | इकट्ठा |
| | कनिष्ट | – | कनिष्ठ |
| | कुष्ट | – | कुष्ठ |
| | यत्थेष्ठ | – | यथेष्ठ |

**79. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

(a) ईर्शा　　(b) ईर्षा
(c) इर्षा　　(d) ईर्ष्या

**(UPUDA Pre. 2010)**
**UP RO (Pre) 2010**

**उत्तर**–(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'ईर्ष्या' है। अन्य तीनों शब्द अशुद्ध हैं।

**80. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) उपलब्द　　(b) उपलब्ध
(c) उप्पलब्ध　　(d) उपलभ्ध

**UPSI 20/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर :(b) :** 'उपलब्ध' सही वर्तनी का शब्द है। शेष गलत हैं।

**81. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) ऊदाहरण　　(b) उदाहरण
(c) उद्धाहरण　　(d) उधाहरन

**UPSI 21/11/2021 (Shift-I)**

**उत्तर :(b) :** दिए गए विकल्पों में 'उदाहरण' शब्द सही वर्तनी वाला शब्द है।

**82. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) ऊपयुक्त　　(b) उपरिक्त
(c) उपर्युक्त　　(d) उपर्युत्त

**UPSI 27/11/2021 (Shift-II)**

**उत्तर :(c) :** 'उपर्युक्त' शब्द सही वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**83. सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) उपदेश　　(b) उप्पदेश
(c) उपदेस　　(d) उपदेष

**UPSI 27/11/2021 (Shift-III)**

**उत्तर :(a) :** सही वर्तनी वाला शब्द 'उपदेश' है। उप्पदेश, उपदेस, उपदेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही नहीं हैं।

**84. इनमें से 'अशुद्ध वर्तनी' वाला शब्द कौन-सा है?**

(a) वत्सल　　(b) उल्लंघन
(c) उज्वल　　(d) मनोरथ

**HSSC CET Group-D 2023**
**UPSI 28/11/2021 (Shift-III)**
**UPSI 14/11/2021 (Shift-II)**
**UP RO (Mains)-2014**
**UP SI 30/11/2021 (Shift-I)**
**UP RO (Pre.), 2010**
**(UPUDA Pre. 2010)**
**KVS-PRT 22/12/2018**
**NVS TGT Hindi - 2016**
**UP TGT 2005**
**KVS TGT Hindi, 2016**

**उत्तर :(c) :** 'उज्वल' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'उज्ज्वल' होगा। अन्य सभी विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं।

**85. इनमें से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?**

(a) उन्ननयन　　(b) उन्नयन
(c) उनयन　　(d) उन्यन

**UPSI 28/11/2021 (Shift-III)**
**UP RO (Pre.), 2016**

**उत्तर :(b) :** विकल्प में दिया गया शब्द 'उन्नयन' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**86. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए–**

(a) उरिन　　(b) उरिण
(c) उऋन　　(d) उऋण

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'उऋण' शुद्ध शब्द है जबकि अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**87. निम्न में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–**

(a) उद्घोष　　(b) एकता
(c) तात्कालिक　　(d) उपरोक्त

**UP RO (Main), 2014**
**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**
**[UKPSC AE 2013]**
**(UP S.D.I. Exam. 2008)**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'उपरोक्त' अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध वर्तनी रूप 'उपर्युक्त' होगा। शेष अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**88. एक ही शब्द की वर्तनी चार तरह से लिखी गयी है, सही का चयन कीजिए।**

(a) उपर्लिखित　　(b) उपरिलिखित
(c) ऊपर लिखित　　(d) ऊपर्लिखित

**UP PGT 2013**
**असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (b)** दिये गये शब्दों में 'उपरिलिखित' शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही है। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**89. आजकल अनुशासन के अभाव में विद्यार्थियों में उच्श्रृंखलता आती है। रेखांकित शब्द को शुद्ध करें–**

(a) उत्शृंखलता　　(b) उच्चश्रृंखलता
(c) उच्छृंखलता　　(d) उच्श्रंखलता

**UP PGT 2010**
**अमीन परीक्षा, 2016**